धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, रविवार

06.04.2025

* * नगर संस्करण।

पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 261 | khabarmantralive.com





### मां का नौवां स्वरूप : महागौरी



सिद्धगन्धर्व-यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि। सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी। भगवती का नौवां रूप सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। यह ज्ञान अथवा बोध का प्रतीक है, जिसे जन्म जन्मांतर की साधना से पाया जा सकता है। इसमें शक्ति स्वयं शिव हो जाती है, पार्वती स्वयं शंकर हो जाती है और राधा स्वयं कृष्ण हो जाती है। आत्मा अर्थात जीवात्मा अपने परम स्थिति में परमात्मा हो जाती है। शक्ति, पार्वती, राधा व जीवात्मा एक है। शिव, शंकर, कृष्ण व परमात्मा एक है। भगवान अर्धनारीश्वर है। सब उनमें ही ओत-प्रोत है, सब कुछ वो है, अलग कोई नहीं। इस दिन राम नवमी भी मनायी जाती है, जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्म का उत्सव है।

## न्यूज डायरी

### रामनवमी पर राष्ट्रपति ने दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रामनवमी की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा, रामनवमी के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं। यह पावन पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। भगवान श्री राम की जीवन गाथा हमें सत्य, धर्म और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

### बूढ़ापहाड़ में हथियारों का जखीरा बरामद

**गढ़वा।** बूढ़ापहाड़ की तलहटी में तुमेरा और खपरी महुआ के जंगलों में सीआरपीएफ को बड़ी सफलता मिली है। सीआरपीएफ ने भाकपा माओवादियों द्वारा छिपाये गये भारी मात्रा में हथियारों और सामानों का जखीरा बरामद किया है। सीआरपीएफ लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी बीच सूचना मिली कि तुमेरा और खपरी महुआ के बीच जंगलों में नक्सलियों ने पत्थरों के नीचे सामान छिपा रखा है। सीआरपीएफ की टीम जब उस स्थान पर पहुंची, तो पाया कि पत्थर के नीचे एक बोरे में बांधा हथियारों का जखीरा मिला। उसमें हैंड ग्रेनेड, हथियार, गोलियां और अन्य सामग्री थी।

### डीजे विवाद में पूर्व मुखिया की हत्या

**खूंटी।** सरहुल पर्व के दौरान डीजे बजाने को लेकर उपजे विवाद में पूर्व मुखिया रीड़ा भेंगराज ( 75) की हत्या कर दी गयी। पुलिस ने हत्या के आरोप में मारे गये पूर्व मुखिया के साले बुधराम पाहन और डड़गामा गांव के एतवा मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। डड़गामा में शुक्रवार की रात को सरहुल मनाया जा रहा था। डीजे की धुन पर गांव के लोग नाच-गा रहे थे। गांव के पूर्व मुखिया रीड़ा भेंगराज वहां पहुंचे और लोगों से कहा कि सरहुल आदिवासी समुदाय का पारंपरिक त्योहार है, ऐसे में डीजे की बजाय पारंपरिक वाद्ययंत्र मांदर-नगाड़ा बजना चाहिए। इसी पर उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी।

### मधुमक्खियों के हमले में कई बच्चे घायल

**लातेहार।** चंदवा प्रखंड अंतर्गत सासंग मध्य विद्यालय के 20 से अधिक बच्चे मधुमक्खियों के हमले से घायल हो गये। घायल बच्चों को इलाज के लिए चंदवा अस्पताल लाया गया है। जहां बच्चों का इलाज किया जा रहा है।

# रामनवमी पर आज भव्य शोभायात्रा

- 20 लाख से अधिक भक्तों के शामिल होने का अनुमान
- झंडों और पताकों से पटे झारखंड के सभी शहर
- प्रशासन की ओर से सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था
- एक से एक पराक्रम दिखायेंगे अखाड़ेधारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उत्साह और शौर्य का पर्व रामनवमी रविवार को राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में हर्षोल्लास के साथ मनायी जायेगी। रविवार को रामनवमी शोभायात्रा में 20 लाख से भी अधिक राम भक्त बजरंगबली के झंडे के संग, गाजे-बाजे और पारंपरिक हथियारों के साथ शामिल होंगे। शोभायात्रा में रामभक्तों का पराक्रम देख लोग अचंभित हो जायेंगे। रामनवमी को ले कर पूरा झारखंड भगवामय नजर आ रहा है।

तमाम जिलों के हर गली-मुहल्लों में भगवान राम और वीर हनुमान की पूजा-अर्चना की जा रही है। मुहल्लों में देर रात तक रामनवमी पर निकलनेवाली शोभायात्रा और जुलूस में अपना शौर्य का प्रदर्शन करने को परंपरागत हथियारों से अभ्यास कर रहे हैं। झांकियों की तैयारी हो रही है। झांकियों में भगवान राम, माता जानकी, लक्ष्मण और वीर हनुमान का वेश धारण करनेवाले कलाकारों की भी पूछ बढ़ गयी है।

**दो बजे निकलेगी मुख्य शोभायात्रा :** राजधानी रांची में रविवार को रामनवमी पर रांची के विभिन्न क्षेत्रों का अखाड़ा को शोभायात्रा अपर बाजार के महावीर चौक से अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए प्राचीन निवारणपुर मंदिर पहुंचेगी। वहां महावीरी झंडे की पूजा अर्चना कर सभी अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल ने शनिवार को कहा कि रांची में रामनवमी पर मुख्य शोभायात्रा दोपहर दो बजे बजरा से निकलकर पिस्का मोड़ होते हुए महावीर चौक पहुंचेगी।

वहां से मेन रोड पहुंचेगी। शोभायात्रा में 20 लाख से भी अधिक राम भक्त बजरंगबली के झंडे के संग, गाजे-बाजे और पारंपरिक हथियारों के साथ शामिल होंगे। शोभायात्रा में रामभक्तों का पराक्रम देख लोग अचंभित हो जायेंगे। शोभायात्रा का विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठन जगह-जगह स्वागत करेंगे। स्वागत शिविरों के जरिये रामभक्तों में चना, ठंडा पेय, पेयजल, फल, बुंदिया, आलू चॉप, जूस, टॉफी, खीर, सिंघाड़ा सहित अन्य खाद्य सामग्री बांटी जायेगी।

(शेष पेज 11 पर)



### महाबीरी झंडों से पटी रांची की सड़कें-गलियां

रांची की सड़कें महावीरी झंडा और पताकों से पटी हुई हैं। अल्बर्ट एक्का चौक, कोकर बाजार, हिनू चौक, रातू रोड, हरमू, अरगोड़ा सहित कई इलाकों की सड़कों पर झंडा, पताके और रामभक्तों के बैनर और होर्डिंग लगे हैं।

रामनवमी शोभायात्रा सौहार्दपूर्ण रहे इसी पर फोकस करें

# बाइक रैली नयी परंपरा इसे रोकें : मुख्यमंत्री

### समीक्षा बैठक में सीएम हेमंत सोरेन का निर्देश

- परंपराओं के अनुरूप कार्यों में कोई बाधा न आये
- समितियों को कोर्ट के आदेश की प्रति उपलब्ध करायें
- विधि-व्यवस्था बनी रहे, दहशतगर्दों पर कड़ी नजर
- अफवाह या अराजकता फैलाने वालों पर सख्ती बरतें



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रामनवमी को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को अपने आवासीय कार्यालय में विधि-व्यवस्था की तैयारियों की उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सुनियोजित तरीके से अफवाह या अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। कोई भी अप्रिय घटना न घटे, सतर्क रहें। राज्यभर में रामनवमी महोत्सव आपसी प्रेम-सौहार्द, भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसपर फोकस रखें। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि हाल के कुछ वर्षों से रामनवमी महोत्सव के दौरान आयोजित शोभा यात्राओं पर बाइक रैली निकालने की नयी परंपरा शुरू हुई है। किसी भी हाल में बाइक रैली न निकले यह सुनिश्चित करें। परंपराओं के अनुरूप होनेवाले सभी कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा न आये, इस पर पूरा ध्यान रखें। संवेदनशील इलाकों की निगरानी सख्त रखें, उस पर विशेष ध्यान दें।

### बाइक रैली से लोगों को खतरा, इसपर रोक लगायें

सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी हाल में बाइक रैली न निकले यह सुनिश्चित करें। आम लोगों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। बाइक रैली से आम जनमानस के साथ-साथ रैली आयोजकों पर असुरक्षा का खतरा बढ़ता है। अतः इसे सख्ती से रोकें। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों से रामनवमी महोत्सव के दौरान आयोजित शोभा यात्राओं पर बाइक रैली की नई परंपरा शुरू हो गयी है।

### कंट्रोल रूम के संपर्क में रहें, हर जरूरी कदम उठायें

सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शोभायात्रा में प्रशासन पूर्ण रूप से सतर्क रहें। कहीं भी विधि-व्यवस्था बिगड़े, या बिगड़ती दिखे, तो पुलिस मुख्यालय तथा कंट्रोल रूम को शीघ्र खबर करें। अप्रिय स्थिति होने पर म्यूजिक सिस्टम रोक दें, ताकि हालात पर काबू किया जा सके।

(शेष पेज 11 पर)

# लापरवाह अस्पतालों को छोड़ेंगे नहीं : मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/देवघर।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था में लापरवाही करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य विभाग की जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गयी है, मैं इसे पूरी ईमानदारी और दृढ़ता से निभा रहा हूं। अस्पतालों या विभाग में कोई भी लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जो अच्छा काम करेंगे, उन्हें सम्मानित भी किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त संदेश दिया कि सुधार ही एकमात्र विकल्प है। वह किसी भी समय किसी भी अस्पताल का निरीक्षण कर सकते हैं। बाबा नगरी देवघर को बड़ी सौगात देते हुए 500 बेड का सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल और एक नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना की घोषणा की है। यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

# राज्यों की पुलिस लोगों पर धौंस न दिखाये: शीर्ष कोर्ट


एजेंसी

**नयी दिल्ली/रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों के डीजीपी को सख्त निर्देश जारी किया है। कहा है कि नागरिकों पर पुलिस की मनमानी और अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। किसी भी स्थिति में राज्यों के पुलिसकर्मी आम लोगों को धौंस नहीं दिखायें। शीर्ष कोर्ट ने ये निर्देश हरियाणा के एक मामले की सुनवाई के बाद जारी किये।

सभी राज्यों को जारी निर्देश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यों के डीजीपी की जिम्मेदारी है कि कोई पुलिस अधिकारी अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल न करे। भले ही कोई व्यक्ति अपराधी हो, उसके साथ कानून के अनुसार व्यवहार किया जाना चाहिए। कानून के तहत अपराधी को भी उसके व्यक्तित्व और सम्मान की सुरक्षा के उपाय हैं। पुलिस राज्य तंत्र का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसका समाज और खासतौर से व्यक्तियों की सुरक्षा पर सीधा असर पड़ता है। इसलिए पुलिस में व्यक्तियों और समाज के लोगों का विश्वास बनाये रखना सबसे ज्यादा जरूरी है।

# नक्सलियों से शाह की अपील- मुख्यधारा में जुड़ें

एजेंसी



**दंतेवाड़ा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नक्सलियों से मुख्यधारा में जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आप हमारे अपने हैं। कोई भी नक्सली मारा जाता है, तो किसी को आनंद नहीं होता है लेकिन इस क्षेत्र को विकास चाहिए। श्री शाह ने बस्तर पंडुम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 50 साल में नक्सल क्षेत्र का विकास नहीं हुआ। वहीं पीएम मोदी इन पांच साल में इस बस्तर को सबकुछ देना चाहते हैं। पर यह तभी हो सकता है, जब बस्तर के अंदर शांति हो, बच्चे स्कूल जायें, माताओं की स्वास्थ्य की चिंता हो, आदिवासी युवा कुपोषण से पीड़ित न हो, पढ़ाई-लिखाई से वंचित न हो, तहसील में अस्पताल हो, जिला केंद्र में हर रोग का इलाज हो और हर घर में सात किलो चावल मुफ्त में पहुंचे।


श्री शाह ने कहा कि तभी शांति आ सकती है, जब बस्तर के लोग तय करें कि हर गांव को नक्सल मुक्त करायें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घोषणा की है कि जो गांव हर नक्सली को सरेंडर करायेगा, उस गांव को नक्सलमुक्त घोषित कर एक करोड़ रुपये की राशि देंगे। गृह मंत्री ने कहा, हम चाहते हैं कि हमारे बस्तर का युवा सबसे आधुनिक शिक्षा प्राप्त करे। विश्व के युवाओं के साथ हर मंच पर दो-दो हाथ करे। दुनियाभर की समृद्धि प्राप्त करे, परंतु अपनी संस्कृति को कभी न भूले, अपनी भाषा को कभी न भूले, अपनी परंपराओं को कभी न भूले। यह बस्तर की संस्कृति, बस्तर की बोलियां, यहां के गान, यहां के वाद्य, पेय पदार्थ, भोजन यह केवल छत्तीसगढ़ के लिए महत्वपूर्ण नहीं है। यह भारत की संस्कृति का गहना है, इसको हमें संजो कर रखना है। उन्होंने कहा कि आज मैं मां दंतेश्वरी से आशीर्वाद लेकर आया हूं कि अगली चैत्र नवरात्रि तक यहां से लाल आतंक समाप्त हो जाए और हमारा बस्तर खुशहाल हो।

### बोकारो : मृतक प्रेम के आश्रित को 50 लाख का मुआवजा

**बोकारो।** विस्थापित आंदोलन का शोर शनिवार को खत्म हो गया। सांसद ढुल्लू महतो की अगुआई में मृत विस्थापित युवक प्रेम कुमार महतो के परिजनों को 50 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया। मृतक के भाई को बीएसएल के आउटसोर्सिंग कंपनी जीआर इंटरप्राइजेज में नियुक्ति मिली। बोकारो स्टील प्लांट का गेट खोल दिया गया। इसके साथ ही अब प्लांट में कर्मचारियों का आवागमन शुरू हो गया।

### सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया

**नयी दिल्ली।** भारत-पाक सीमा के आरएस पुरा सेक्टर सीमा लांघने की कोशिश कर रहे एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि घुसपैठिया अब्दुलियान में मारा गया। घुसपैठ की कोशिश नाकाम हो गयी। बीएसएफ के प्रवक्ता ने कहा, सतर्क जवानों ने चार और पांच अप्रैल की दरमियानी रात को एक घुसपैठिए को सीमा पार करते देखा। चेतावनी दी नहीं माना तो मार गिराया।




## पीएम मोदी को मिला श्रीलंका का सर्वोच्च सम्मान, कहा

# भारत हर परिस्थिति में श्रीलंका के साथ

एजेंसी

**कोलंबो।** पीएम मोदी ने कहा है कि भारत-श्रीलंका के सुरक्षा हित समान हैं, उनकी सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी है तथा भारत सच्चे पड़ोसी तथा मित्र के रूप में हर प्रतिकूल परिस्थिति में श्रीलंका के साथ खड़ा है।

श्रीलंका यात्रा पर आये श्री मोदी ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति अनुरा दिसानायका के संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सदियों पुराने आध्यात्मिक और आत्मीयता भरे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने सबका साथ सबका विकास के विजन को अपनाया है और हम अपने पार्टनर देशों की प्राथमिकताओं को भी महत्व देते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में दोनों देश अपनी भागीदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगे। दोनों देशों ने हिन्द महासागर में परस्पर रक्षा सहयोग और सांस्कृतिक क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने समेत कई अन्य फैसले किये। इस मौके पर राष्ट्रपति अनुरा दिसानायका ने पीएम मोदी को श्रीलंका का सर्वोच्च सम्मान मित्र विभूषण से सम्मानित किया।



**मछुआरों पर चर्चा :** दोनों में मछुआरों के मुद्दे पर भी चर्चा हुई और श्री मोदी ने मछुआरों को तुरंत रिहा किये जाने और उनकी नौकाओं को वापस भेजने पर जोर दिया है। श्री मोदी ने कहा, मैं श्रीलंका के लोगों के धैर्य और साहस की सराहना करता हूं और आज श्रीलंका को वापिस प्रगति के पथ पर देख कर हर्ष महसूस कर रहा हूं। भारत के लिए यह गर्व का विषय है कि हमने एक सच्चे पड़ोसी मित्र के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया है। पीएम ने कहा कि श्रीलंका का भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और महासागर दृष्टिकोण में विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति दिसानायका की भारत यात्रा के बाद से सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

## पुलिस मुख्यालय ने शैडो एरिया खत्म करने की पहल शुरू की

# राज्य के सुदूरवर्ती व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में दूरसंचार नेटवर्क होगा मजबूत

■ जिस इलाके में मोबाइल नेटवर्क नहीं, या काम नहीं करे वो शैडो एरिया के रूप में है चिह्नित




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के अंदरूनी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शैडो एरिया को समाप्त करने के लिए झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से पहल शुरू की गई है। इसके तहत सभी प्रभावित इलाकों में मोबाइल नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा।

एडीजी ने जानी जमीनी हकीकत : शैडो एरिया को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए और राज्य के अंदरूनी एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगाये जा रहे मोबाइल टावर में आ रही समस्या को लेकर एडीजी अभियान डॉ संजय आनंद राव लाठकर ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विस्तृत रूप से समीक्षा की। बता दें कि झारखंड के कई ऐसे अंदरूनी और नक्सल प्रभावित इलाके हैं, जहां आज के दौर में भी मोबाइल नेटवर्क या तो है ही नहीं या फिर जहां है भी वहां सही तरीके से काम नहीं करता है। जिस इलाके में मोबाइल नेटवर्क नहीं होता है, उसे शैडो एरिया में रखा जाता है।

बैठक में आईजी अभियान अमोल विनुकांत होमकर के साथ-साथ दूरसंचार विभाग के उप-महानिदेशक पांडेय विजय भूषण प्रसाद, निदेशक देव शंकर के अलावा एयरटेल और बीएसएनएल के पदाधिकारी पुलिस मुख्यालय में मौजूद रहे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एसपी चाईबासा, कोडरमा, चतरा, हजारीबाग, पलामू, खूंटी, लातेहार, गिरिडीह, गोड्डा, साहिबगंज के साथ-साथ रांची के ग्रामीण एसपी भी शामिल रहे।

### जिला पुलिस को निर्देश जल्द खत्म हो शैडो एरिया

बैठक में एडीजी ने निर्देश दिया कि सभी वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक मोबाइल टावर लगाने में आ रही समस्या का समाधान के लिए संबंधित मोबाइल कंपनी के पदाधिकारी, जिले के उपायुक्त से समन्वय स्थापित कर अग्रतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, इस कार्य पर त्वरित कार्रवाई के लिए समय-सीमा निर्धारित करें तथा सतत निगरानी सुनिश्चित करें ताकि सुदूर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को दूरसंचार नेटवर्क से जोड़ा जा सके और झारखंड में शैडो एरिया को समाप्त किया जा सके।

# बोकारो में हक मांग कर रहे विस्थापितों पर कार्रवाई निंदनीय : केशव महतो कमलेश

**आरोप : झारखंड के सार्वजनिक उपक्रमों पर भाजपा की गिद्ध दृष्टि**

■ केंद्रीय गृह मंत्री और भारी उद्योग मंत्री को माफी मांगनी चाहिए

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बोकारो में हुई घटना पर रोष जताया है। उन्होंने कहा कि नियमित रोजगार की मांग कर रहे विस्थापित आंदोलनकारियों पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज और उससे हुई मौत के लिए केंद्रीय गृह मंत्री और भारी उद्योग मंत्री को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि भाजपा के शासनकाल में न्याय की आस करना बेकार है। हक और अधिकार की मांग कर रहे स्थानीय निवासियों पर अमानवीय भी है।

बोकारो स्टील प्रबंधन के समक्ष विस्थापित निवासी अपनी मांगों को लेकर लगातार आंदोलनरत हैं, लेकिन केंद्र सरकार के मंत्री उनकी मांगों को नजरअंदाज कर आंदोलन को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि झारखंड कांग्रेस विस्थापित आंदोलनकारियों के साथ है। उनकी तमाम जायज मांगों को केंद्र सरकार को मानना होगा।

केशव महतो कमलेश ने कहा है कि भाजपा की गिद्ध दृष्टि झारखंड के सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) पर है। मोदी सरकार एक रोड मैप के तहत धीरे-धीरे देश के सार्वजनिक उपक्रमों को अपने मित्रों की कंपनियों को सौंप रही है। इस क्रम में एक योजना के तहत झारखंड के उपक्रमों में अव्यवस्था उत्पन्न कर उसे बंदी की कगार पर लाने का प्रयास किया जा रहा है, नियमित रोजगार के अवसर बंद किया जा रहे हैं, छंटनी की प्रक्रिया अपनाने का प्रयास किया जा रहा है, कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया जा रहा है, लोगों के द्वारा अधिकार मांगने पर उन पर दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील का प्रबंधन केंद्र सरकार के हाथों में है, सुरक्षा व्यवस्था गृह मंत्रालय के अधीन सीआईएसएफ के हाथों में है। सीआईएसएफ द्वारा लाठी चार्ज की घटना के विरोध में केंद्र सरकार में सहयोगी दल आजसू बोकारो बंद में अपनी भूमिका निभा रहा है। इससे स्पष्ट है कि केंद्र सरकार अपने सहयोगियों के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है।

केशव महतो कमलेश ने कहा है कि 11 वर्षों से केंद्र में और 17 वर्षों तक झारखंड में भाजपा की सरकार रही, बोकारो के विधायक, सांसद भाजपा के हुए, लेकिन इन सभी इस मामले में चुप हैं। कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह विस्थापित आंदोलनकारियों के संघर्ष में शामिल हुईं तो भाजपा सक्रिय हो गई और शांतिपूर्ण आंदोलन को हिंसा की राह पर ले जाने का प्रयास करने लगी है।

### जीएसटी इंटेलिजेंस में अपर निदेशक बने कपिल राज

**रांची।** केंद्र सरकार ने आईआरएस अधिकारी कपिल राज को जीएसटी इंटेलिजेंस मुख्यालय में अपर निदेशक बनाया है। इससे पहले वह प्रवर्तन निदेशालय दिल्ली में अपर निदेशक के पद पर पदस्थापित थे। कपिल राज को झारखंड क्षेत्रीय प्रवर्तन निदेशालय का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था।

### मधु कोड़ा की मां को श्रद्धांजलि देने चाईबासा गये बीजेपी के संगठन मंत्री



**रांची।** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शनिवार को चाईबासा स्थित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के आवास पहुंचे। मधु कोड़ा जी की स्वर्गीय माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं प्रदेश प्रवक्ता गीता कोड़ा भी उपस्थित थीं।


**AFFIDAVIT**

I Udit Tirkey, aged about 56 years, S/o- Late Sushil Tirkey, R/o- Jehlitand, P.S. Khalari, District Ranchi (Jharkhand)-829205, Aadhar No.-759984576617, do hereby solemnly affirm and declare on oath:

1. That I am the citizen of India.
2. That I am an employee of K.D.H. Project as senior mechanic and my service book records the name of my sons (dependent) as Ahkash Tirkey and Pawan Tirki.
3. That the correct name of my sons are Akash Tirkey bearing Aadhar No. 8727 8286 4809 and Pawan Tirkey bearing Aadhar Numver - 2448 8379 0556 as mentioned in all his educational documents, Aadhar card, and PAN card.
4. That this discrepancy in the spelling of my sons name has come to my notice, and I wish to rectify the same in my service book records to reflect his correct name as Akash Tirkey and Pawan Tirkey.
5. That I hereby declare that both the name pertains to the one and same persons that are Akash Tirkey and Pawan Tirkey.
6. That my Sons real and correct names are Akash Tirkey and Pawan Tirkey.
7. That this affidavit is made in order to rectify the discrepancy and to ensure that my service book accurately reflects my sons correct name.
8. That it is my true and correct statement.That this statement made above is are true and correct and I have concealed nothing. This affidavit made on 25.03.2025 at Ranchi


### बाबूलाल ने गुवाहाटी में मां कामख्या मंदिर में की पूजा



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी के दर्शन पूजन किए। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है। इस प्राचीन और पावन शक्ति पीठ में पहुंचकर मन को गहरी आध्यात्मिक शांति और अद्भुत ऊर्जा की अनुभूति हुई। माता रानी से सबके सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना करता हूं। मंदिर परिसर में सौभाग्यवश असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य से भी औपचारिक भेंट का अवसर प्राप्त हुआ।

# प्रदेश में रामनवमी पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, जिलों में 10 हजार अतिरिक्त फोर्स तैनात, रिजर्व में 2000 जवान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में रामनवमी पर्व को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। झारखंड के हजारीबाग और गिरिडीह जैसे संवेदनशील जगहों पर आरएएफ, बीडीएस और रैप की कंपनी भी तैनात की गई है।

**जिलों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम** : झारखंड में रामनवमी के पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्द्र के वातावरण में संपन्न करवाने के लिए पुलिस मुख्यालय के द्वारा राज्य भर में सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील जिलों में आरएएफ और रैप की एक-एक कंपनी की तैनाती की गई है, वहीं एहतियातन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस मुख्यालय और रेंज डीआईजी के अधीन करीब 2000 जवानों को रिजर्व में रखा गया है। किसी जिले में आपात स्थिति के दौरान रिजर्व में रखे गए बल का प्रयोग किया जाएगा।



### भड़काऊ गाने बजाने पर रहेगी रोक

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि रामनवमी जुलूस के दौरान साउंड सिस्टम के जरिये किसी भी तरह का भड़काऊ गाना नहीं बजना चाहिए, इसे लेकर सभी जिलों के एसपी को विशेष निर्देश दिए गए हैं। इस निर्देश का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी को निर्देश जारी किए गए हैं।

### जुलूस लौटने के बाद भी रहना है एक्टिव

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि रामनवमी जुलूस को लेकर यह भी निर्देश जारी किया गया है कि सिर्फ जुलूस के लौट जाने के बाद ही पुलिस की ड्यूटी खत्म नहीं होती है। जुलूस के लौटने के दौरान सभी रास्तों पर पेट्रोलिंग जारी रखनी है ताकि किसी भी महिला या फिर किसी पुरुष के साथ किसी भी तरह की कोई वारदात ना हो।

### क्या है सुरक्षा व्यवस्था का खाका

झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा तैनात किए गए बल रामनवमी समाप्त होने तक अपने-अपने जिलों में उपलब्ध रहेंगे। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, जिलों में पूर्व से जो अफसर और जवान तैनात हैं उनके अलावा अतिरिक्त दो दर्जन डीएसपी, 20 से ज्यादा इंस्पेक्टर, 1000 से ज्यादा दारोगा और जमादार, खुफिया सूचनाओं के लिए एक दर्जन स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर लगाए गए हैं। राज्यभर में आरएएफ की पांच कंपनी, 5000 के करीब लाठी बल, सीएपीएफ की पांच कंपनी, 5000 में करीब होमगार्ड के साथ साथ आंसू गैस दस्ता, अग्निशमन दस्ता और बीडीएस की टीम को तैनात किया गया है। राजधानी रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो, पलामू, लोहरदगा और दुमका में आरएएफ के साथ-साथ एसएसबी की भी तैनाती की गई है।

# रामनवमी और भाजपा स्थापना दिवस एक साथ मनायेंगे भाजपा कार्यकर्ता : डॉ रविंद्र

**कार्यकर्ता अपने घरों पर लगायें पार्टी का ध्वज, कल से 12 तक गांव-बस्ती चलो अभियान**

■ आपातकाल के कार्यकर्ताओं और कारसेवकों को किया जायेगा सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** यह सुखद संयोग है कि इस वर्ष भाजपा का 46वां स्थापना दिवस और रामनवमी 6 अप्रैल को है। भाजपा कार्यकर्ता दोनों उत्सव को धूमधाम से मनाएंगे। यह बात भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने शनिवार को गिरिडीह में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। डॉ राय ने कहा कि श्री राम भारत की आत्मा हैं और भाजपा उस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की विचारधारा को मजबूत कर रही। अंत्योदय का विचार राम के आदर्शों, रामकाज को आगे बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश को नई दिशा दी है। अटल बिहारी वाजपेयी एवं नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐसे कार्य हुए, ऐसे लोक कल्याणकारी निर्णय हुए जो आजाद भारत में पहले नहीं हुए थे।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्री रामजन्म भूमि की मुक्ति और राम लला का भव्यमंदिर निर्माण, तीन तलाक से मुस्लिम महिलाओं की मुक्ति, धारा 370 की समाप्ति से राष्ट्र की एकात्मता की मजबूती, वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक से गरीब मुस्लिम केलिए मार्ग प्रशस्त करना, 33% महिला आरक्षण कानून, गांव, गरीब, किसान को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना जैसे निर्णयों के साथ भारत की यात्रा चांद तक सफल हुई है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर अपनी पंच निष्ठा ,और अंत्योदय के विचारों को जन जन तक पहुंचाएं और जो अभी तक भाजपा से नहीं जुड़े हैं उन्हें जोड़ें भी। डॉ राय ने 6 से 13 अप्रैल तक पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी कार्यालय में एवं घरों पर कार्यकर्ता पार्टी का ध्वज लगाएंगे। वहीं 7 से 12 अप्रैल तक, मंडल, वार्ड, पंचायत जिला, प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा गांव-बस्ती चलो अभियान चलाये जाएंगे। अभियान के दौरान स्वच्छता कार्यक्रम, मंदिरों, जलाशयों, स्कूलों जैसे सार्वजनिक स्थलों पर चलाए जाएंगे। कार्यकर्ता स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र अस्पताल का दौरा कर स्थितियों का जायजा लेंगे। यात्रा निकालकर संध्या में चौपाल भी लगाएंगे। मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि आपातकाल, मिसा बंदी, कारसेवकों को सम्मानित करने भी कार्यक्रम किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश स्तर पर बनी कमिटी में प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक अशोक भगत, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह और कार्यसमिति सदस्य अमित कुमार शामिल हैं।

# राज्य में शांतिपूर्वक रामनवमी का जुलूस निकालना सुनिश्चित करे सरकार: बीजेपी

■ भाजपा ने राज्य सरकार को चेताया, कहा- पत्थरबाजों पर निगरानी रखने की जरूरत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार को चेताते हुए कहा है कि सनातनियों के महापर्व रामनवमी के जुलूस में किसी प्रकार का खलल न हो। ये राज्य सरकार सुनिश्चित करे। प्रतुल शाहदेव ने कहा पूरे झारखंड में धूमधाम से लाखों की संख्या में सनातनी सड़कों पर उतरकर रामनवमी का जुलूस निकालते हैं। इस अवसर पर जुलूस की अराजक तत्वों से रक्षा करना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का राजधर्म भी है। हेमंत सरकार के कार्यकाल में अनेक बार सनातनियों के प्रमुख पर्व के अवसर पर असामाजिक तत्वों के द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की कोशिश हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुलिस को सख्त निर्देश दें कि वह पूरे प्रदेश में रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था को कड़ाई से लागू करें। प्रशासन को सेंसिटिव इलाकों में विशेष नजर रखनी चाहिए। सिर्फ औपचारिकता के लिए थाने स्तर पर शांति समिति की बैठक और फ्लैग मार्च निकालने से नहीं होगा। प्रो एक्टिव पुलिसिंग की जरूरत है। जिन असामाजिक तत्वों से सांप्रदायिक सौहार्द के बिगड़ने का डर हो उन पर कड़ी नजर रखी जाए।

उन्होंने कहा कि सरकार पिछले दो दशकों के उन जगहों की लिस्ट बनाए, जहां ऐसे अवसरों पर सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो चुका है। उन जगहों पर विशेष पुलिस बल की नियुक्ति हो। ऐसे अवसरों पर पहले भी पत्थरबाजी की घटनाएं हो चुकी है। ऐसे पत्थर बाजों पर कड़ी निगरानी रखे हेमंत सरकार। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगर आवश्यक समझती है तो केंद्र सरकार से भी केंद्रीय सुरक्षा बलों को मांग करे। लेकिन यह सुनिश्चित तो करना ही होगा कि रामनवमी के जुलूस में पूरे प्रदेश में कहीं भी व्यवधान डालने की कोशिश असामाजिक तत्व न कर पायें।


**स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड**

सेल SAIL

बोकारो स्टील प्लांट
बोकारो स्टील सिटी-827001, झारखण्ड, भारत

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 06 अप्रैल 2025 (रविवार) को रामनवमी के जुलूस के आलोक में, सुरक्षा के दृष्टिकोण से बोकारो स्टील सिटी टाउनशिप क्षेत्र में अपराह्न 2:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

**असुविधा के लिए खेद है।**

**आदेशानुसार**
**नगर प्रशासन (विद्युत अनुरक्षण)**

**पंजीकृत कार्यालय:** इस्पात भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L27109DL1973GOI006454, वेबसाइट: www.sail.co.in

हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल


## निजी अस्पतालों को कड़ी चेतावनी, कहा- लापरवाह लोग जेल जायेंगे और मेहनती को मिलेगा सम्मान

# मौत पर सौदा बंद करें प्राइवेट हॉस्पिटल : इरफान अंसारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/देवघर।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शनिवार को देवघर जिले का दौरा कर कुंडा स्थित मेधा सेवा सदन अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। यहां हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में घायल कन्हैया नामक युवक की मौत के बाद अस्पताल द्वारा शव देने के बदले परिजनों से 40,000 रुपये की मांग की खबर पर उन्होंने गंभीर संज्ञान लिया। मंत्री ने मौके पर पहुंचकर इलाजरत मरीजों का हालचाल जाना और घटना की सत्यता जानने का प्रयास किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अस्पताल को मृत शरीर के एवज में पैसे वसूलने का अधिकार नहीं है और इस प्रकार की लूट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले की गहन जांच के लिए तीन-सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जो आगामी दो दिनों में जांच रिपोर्ट सौंपेगी।

डॉ अंसारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि सभी अस्पताल विशेषकर निजी अस्पताल ये गांठ बांध लें कि शव का सौदा करने की इजाजत हमारी सरकार नहीं देगी। यदि कहीं भी इस प्रकार की घटनाएं सामने आती हैं तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

**एम्स में सिर्फ ओपीडी चलाने से काम नहीं चलेगा** : उन्होंने मीडिया से भी अपील की कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समाचार को प्रकाशित करने से पूर्व उन्हें सूचित किया जाये, ताकि समय रहते पीड़ितों को न्याय दिलाया जा सके। मंत्री ने देवघर एम्स पर भी चिंता जताते हुए कहा कि सिर्फ ओपीडी चलाने से काम नहीं चलेगा, मरीजों को एम्स का संपूर्ण लाभ मिलना चाहिए।

# जमीन बेच मां ने चुकाया अस्पताल का बिल, तब मिला बेटे का शव, बाबूलाल ने सरकार को घेरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया। साथ ही हेमंत सरकार पर निशाना साधा। मालूम हो कि देवघर के मोहनपुर के चकरमा गांव के निवासी कन्हैया कापरी का इलाज कुंडा के सेवा सदन अस्पताल में चल रहा था। वो सड़क हादसे में बुरी तरह जख्मी हो गया था और इलाज के दौरान मौत हो गयी। लेकिन अस्पताल का बिल 40 हजार था। परिजनों ने बिल दे पाने में खुद को असमर्थ बताया तो अस्पताल प्रबंधन ने शव देने से मना कर दिया। इसके बाद बिल चुकाने के लिए कन्हैया की मां ने अपनी जमीन बेच दी। बताया कि मंगलवार को सड़क हादसे में उनका बेटा घायल हो गया था, शुक्रवार को उसकी मौत हो गयी। उन्होंने कहा कि बिल नहीं चुकाने पर अस्पताल ने बेटे का शव देने से मना कर दिया। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने इस आरोप को सिरे से नकार दिया।

इस मामले को लेकर बाबूलाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है- एक असहाय मां को अपने बेटे का शव अस्पताल से लेने के लिए अपनी जमीन बेचनी पड़ी। यह घटना हेमंत सरकार के मुंह पर तमाचा है। सोचिए काले धन के लालच ने हेमंत सरकार को कितना संवेदनहीन बना दिया है। यदि सरकार में नाम मात्र की भी शर्म बची हो तो अस्पताल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई करे।


विकसित भारत
की ओर सशक्त संरचनाएँ
नया पांबन पुल – भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल
नए पांबन पुल
हर साल रामनाथस्वामी मंदिर आने वाले 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को होगा लाभ
उन्नत सामग्री और अत्याधुनिक जंग-रोधी तकनीक का उपयोग
72.5 मीटर का लिफ्ट स्पैन, समुद्री यातायात को निर्बाध बनाते हुए रेल संचालन को भी और अधिक प्रभावी बनाता है
भारत की प्रगति, नवाचार और विरासत का प्रतीक
विलुप्पुरम–पुडुचेरी खंड (NH-332) का चार लेन चौड़ीकरण
पूंडीयानकुप्पम–सत्तानाथपुरम खंड (NH-32) का चार लेन चौड़ीकरण
चोलापुरम–तंजावुर खंड (NH-36) का चार लेन चौड़ीकरण
चौड़ी सड़कें बेहतर यातायात, कम यात्रा समय और ईंधन की बचत सुनिश्चित करेंगी
मुख्य बंदरगाहों और तटीय जिलों के बीच संपर्क और मजबूत होगा
का राष्ट्र को समर्पण
रामेश्वरम – तांबरम (चेन्नै) नई ट्रेन
तमिलनाडु के डेल्टा क्षेत्र में बेहतर सड़क और रेल संपर्क से स्थानीय विकास को गति
धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक पहुँच सुगम बनेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिलेगा
का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ
वालाजापेट/रानीपेट–तमिलनाडु/आंध्र प्रदेश सीमा खंड के एनएच-40 का चार लेन चौड़ीकरण
आध्यात्मिक स्थलों और महानगरों के बीच रेल संपर्क होगा और भी तेज
श्रद्धालुओं, पर्यटकों और दैनिक यात्रियों को मिलेगा सीधे और सुविधाजनक सफर का लाभ
का शिलान्यास
₹ 8500 करोड़ की परियोजनाओं का राष्ट्र को समर्पण एवं शिलान्यास
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
द्वारा
गरिमामयी उपस्थिति
आर. एन. रवि
राज्यपाल, तमिलनाडु
एम. के. स्टालिन
मुख्यमंत्री, तमिलनाडु
नितिन जयराम गडकरी
केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
अश्विनी वैष्णव
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
डॉ. एल. मुरुगन
केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व संसदीय कार्य राज्य मंत्री
तंगम तेन्नरसु
वित्त एवं पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री
तमिलनाडु सरकार
आर. एस. राजकण्णप्पन
दुग्ध व डेयरी विकास मंत्री
तमिलनाडु सरकार
रविवार, 6 अप्रैल, 2025
रामेश्वरम, तमिलनाडु
12:45 बजे
हमें फॉलो करें /RailMinIndia
कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर देखें
DD NEWS

सुप्रभात
रविवार 06.04.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 343
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

## रामनवमी को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने के लिए आदेश जारी

# 46 थाना क्षेत्र में जिला प्रशासन की रहेगी विशेष निगरानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** रामनवमी को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के लिए उपायुक्त माधवी मिश्रा, एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) पीयूष सिन्हा ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी जोन में बांटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही सभी थाना क्षेत्र में पुलिस का चलंत दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा।



रामनवमी के अवसर पर 5 अप्रैल दोपहर 2:00 बजे से 7 अप्रैल सुबह 6 बजे तक जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजेश कुमार जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जबकि डीएसपी सीसीआर श्री सुमित कुमार पुलिस पदाधिकारी के वरीय प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0326 - 2311217, 100 एवं 112 है। मादक पदार्थ एवं शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए सभी उत्पाद निरीक्षक तथा अवर उत्पाद निरीक्षक कंट्रोल रूम में मौजूद रहेंगे। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कंट्रोल रूम से दंडाधिकारी एवं पुलिस के साथ संबंधित स्थल पर पहुंचकर कार्रवाई करेंगे। 46 थाना क्षेत्र पर जिला प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी।

**लगातार गश्ति में रहेगा पुलिस का चलंत दस्ता**

रामनवमी के अवसर पर पुलिस का चलंत दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साइबर डीएसपी, साइबर थाना प्रभारी व्हाट्सएप ग्रुप सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर बनाए रखेंगे। संयुक्त आदेश में पेयजल आपूर्ति, साफ सफाई, विद्युत आपूर्ति, सोशल मीडिया सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

## एक पॉलिसी के तहत यहां के अप्रेंटिस युवाओं को रोजगार दे बीसीसीएल : मयूर शेखर झा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** युवाओं का संघर्ष झारखंड में लगातार जारी है। अप्रेंटिस युवा चाहे सेल के हो चाहे रेल के हो चाहे कोल के अप्रेंटिस हो लगातार संघर्ष रथ रहे हैं। और इसका एक विपक्ष नतीजा हमें पिछले दिनों बोकारो में देखने को मिला इसलिए हम बीसीसीएल से कहना चाहेंगे कि बोकारो सेल जैसी घटना यहां फटे इसका इंतजार ना करें। यहां रोजगार के अवसर भी हैं तो फिर बाहर के युवाओं को लाकर यहां अप्रेंटिस क्यों रख रहे हैं जबकि यहां के युवा ट्रेनिंग ले चुके हैं। बीसीसीएल उसे प्राथमिकता देते हुए रोजगार प्रदान करें। यह रोजगार एक पॉलिसी के तहत होना चाहिए। यह बातें कांग्रेस नेता मयूर शेखर जाने अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि यहां के युवाओं को किसी भी तरीके की पैरवी की जरूरत नहीं होनी चाहिए। कहा यह ट्रेंड युवा है इसलिए बीसीसीएल के संपत्ति पर बीसीसीएल के खनन पर बीसीसीएल के व्यवसाय पर बीसीसीएल के रोजगार पर पहला अधिकार इन युवाओं का है। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान बोकारो में घटित घटना पर भी विचार रखते हुए कहा कि बीते दिनों बोकारो में एक युवक की जान चली गई। यह बड़ी ही निंदनीय घटना है हमारे जनप्रतिनिधि आंखें वार्ता के दौरान कर ही क्या रहे थे। उन्होंने कहा कि क्या नौकरी के लिए हमें मरना पड़ेगा क्योंकि सेल कह रही है कि जिस लड़की की मृत्यु हुई है उसे ही मुआवजा और रोजगार प्रदान किया जाएगा क्या रोजगार पाने का एक मात्र रास्ता




### स्पीड न्यूज

### रेलवे ने 46 यात्रियों से वसूला जुमार्ना

**धनबाद।** रेल मंडल में शनिवार को भी बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। कोडरमा-गया रेलखंड पर अभियान चलाकर कुल 46 यात्रियों को पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से 24 हजार 840 रूपए जुमार्ना वसूला गया। साथ ही इन्हें उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई। सीनियर डीसीएम ने बताया कि जांच अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### टीटीचापुड़ी में पांच दिवसीय मारुति नंदन महायज्ञ की पूणार्हुति

**गोविंदपुर।** टीटीचापुड़ी में गांव में आयोजित पांच दिवसीय मारुति नंदन महायज्ञ की पूणार्हुति शनिवार को हवन, पूजन एवं भंडारा के साथ हुई। इसके पूर्व नगर भ्रमण का कार्यक्रम हुआ। कथा की भी पूणार्हुति की गई। भंडारा में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद पाया। श्री नरसिंह मंदिर बागसुमा के महंत रामेश्वर दास रामानंद के सानिध्य में संपन्न महायज्ञ को सफल बनाने में श्यामल मंडल, मिंटू मंडल, रविंद्र मंडल, आनंद मंडल, अनिल भंडारी, सचिन मंडल, दिनेश मंडल, राहुल मंडल, धनंजय सिंह, निवास मंडल, त्रिलोचन सिंह, बीरबल मंडल, पवन मंडल, आकाश मंडल सुमित सभी ग्रामीणों का योगदान रहा।

### नियोजन हेतु मजदूर संघ की बैठक आयोजित



**धनबाद।** शनिवार को भाटडीह के रैयतों के पाथरडीह वाशरी के अधीन कार्यरत ठेकेदारों के अधीन नियोजन हेतु जनता मजदूर संघ की बैठक निदेशक (तकनीकी) के कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से संघ की अध्यक्षा झरिया की पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह भी उपस्थित थी। बैठक में 16 ग्रामीणों के नियोजन एवं अन्य सभी मुद्दे पर सकारात्मक सहमति बनी। उक्त बैठक में प्रबंधन की ओर से निदेशक (तकनीकी), महाप्रबंधक वाशरी डिवीजन, परियोजना पदाधिकारी पाथरडीह वाशरी, ठेकेदार की तरफ से जी एम कामेश्वर सिंह, एच आर संजय कुमार संघ एवं ग्रामीणों की ओर से पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, सुभाष सिंह, आर के पाठक, उमा शंकर शाही, हरे मुरारी महतो, सोमनाथ हजारी, पूरन दसौंधी, कोनिक राय, मनोज कुमार राम, देवनार हजारी एवं भोला यादव शामिल हुए।

# धनबाद सांसद और बाघमारा विधायक की रंगदारी के खिलाफ कन्हाई ने खोला मोर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** गांधी सेवा सदन में आज कन्हाई चौहान ने प्रेस वार्ता के दौरान कई बाते मीडिया के समक्ष बाते रखी। कोयला डियो होल्डर कन्हाई चौहान ने धनबाद सांसद और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो पर 1600 रुपये प्रति टन रंगदारी मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। इसके साथ ही, उन्होंने बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीयूष किशोर पर भी संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने अपने आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता कर यह खुलासा किया।

कन्हाई चौहान ने बताया कि वह कोयला डियो का कारोबार कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। हाल ही में उन्हें आर ओम का डीयू आवंटित हुआ था, जिसमें उनका 100 टन कोयला शामिल था। उन्होंने बताया कि तीन गाड़ियां कोयला उठाने के बाद जब चौथी गाड़ी कोयला लेने गई, तो उसे रोक दिया गया। इस संबंध में जब बीसीसीएल बरोरा वन के महाप्रबंधक से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोयला उठाने से पहले धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो को 1600 रुपये प्रति टन रंगदारी देनी होगी, तभी कोयला उठाव संभव होगा। इस मनमानी के खिलाफ कन्हाई चौहान ने धनबाद डीसी से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि 2022 में भी इसी तरह की घटना घटी थी, तब भी उन्होंने डीसी से शिकायत की थी, लेकिन आरोपी पक्ष कभी भी डीसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए।

कन्हाई चौहान ने दो टूक कहा कि वह किसी भी कीमत पर रंगदारी नहीं देंगे और इस अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है ताकि कोयला व्यवसायियों को बिना बाधा अपना कारोबार संचालित करने की अनुमति मिले। वही कन्हाई महतो ने कहा कि भाजपा पार्टी के सांसद है, मोदी जी कहते है न खाएंगे न खाने देंगे लेकिन उनके सांसद तो डकार जा रहे है।




वही इस संबंध में बाघमारा के विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि कोई कुछ भी बोलेगा तो क्या मान लेंगे। इन सब से कोई मतलब नहीं है।



## आईआईटी आईएसएम में 36 घंटे का हैक फेस्ट शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम में 36 घंटे का हैक फेस्ट शुरू हो चूका है। यह 36 घंटे का हैक फेस्ट छह अप्रैल तक चलेगा। 36 तक बिना रुके कोडिंग और इनोवेशन का काम चलेगा। यह हैक फेस्ट छात्रों को मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, साइबर सिक्यूरिटी और आईओटी जैसी आधुनिक तकनीकों के साथ सहयोग करने, नवाचार करने और काम करने के लिए एक प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान कर रहा है। कई नामी-गिरामी कंपनियों ने भी हैकफेस्ट में छात्र-छात्राओं के समक्ष केस स्टडी को रखा है। इसका समाधान करने पर छात्रों को इंटर्नशिप या अन्य ऑफर दिया जा सकता है। पूरे आयोजन के दौरान 24 घंटे तकनीकी सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध रहेगा। आईआईटी में यह आयोजन एनसीवीटीआई की ओर से किया जा रहा है। प्रतिभागी प्रभावशाली समाधान विकसित करने के लिए विचार-मंथन, व्यावहारिक कोडिंग और समस्या-समाधान करेंगे। इस हैक फेस्ट में आईआईटी आईएसएम धनबाद के अलावे देशभर के प्रतिष्ठित तकनीकी और शैक्षणिक संस्थानों से साढ़े पाँच सौ से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे है। पेनमैन हॉल में उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह में आईआईटी आईएसएम के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डायरेक्टर ने बताया कि हैकफेस्ट 2025 का यह आयोजन कई मायनों में महत्वपूर्ण है। इसमें आईआईटी आईएसएम से 320 और आईएसएम के अलावे दूसरे दूसरे आईआईटी से करीब 239 पार्टिसिपेट भाग ले रहे हैं। आईआईटी आईएसएम डायरेक्टर प्रो. सुकुमार मिश्रा,फाइनल ईयर स्टूडेंट श्रेयांश शांडिल्य के साथ कई छात्र छात्राएं मौजूद थे।



## वाहन चेकिंग से मिला मोटरसाइकिल चोरों के संगठित गिरोह का सुराग, 4 गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** एस एस पी के निर्देश पर तोपचांची पुलिस द्वारा मानटांड चौक पर जांच अभियान से मोटरसाइकिल चोरों के सगठित गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके निशांदेही पर चोरी के 5 मोटर साइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। पूछ ताछ में चोरों ने पंद्रह से बीस मोटर साइकिल चुराकर बेचने की बात को स्वीकार किया है। जिसकी जांच पड़ताल पुलिस कर रही है । उक्त जानकारी देते हुवे बाघमारा डीएसपी पुरूषोतम कुमार सिंह ने पत्रकार को बताया कि शुक्रवार को वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मानटाड़ चौक के पास वाहन चेकिंग के दौरान चोरी के बिना नम्बर का होण्डा साईन मोटरसाईकिल के साथ बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के साधोबाद गांव के सुजीत कुमार महतो को पकड़ा गया था ।पुलिस के द्वारा पूछताछ के क्रम में उसने मोटरसाइकिल चोरी की बात स्वीकार करते हुए अपने तीन सहयोगी बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के डुमरियाँटाड के राजु कुमार दास, बिराजपुर (टोला-बरवाडीह) के मुकेश कुमार तथा राजगंज थाना क्षेत्र के मधुगोड़ा गांव के जगरनाथ रजवार के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया। इसके बाद सभी को पकड़ा गया। इन सभी के निशानदेही पर राजगंज स्थित बच्चू मिस्त्री के गैरेज से चोरी की पांच मोटरसाईकिल बरामद किया गया है । बरामद मोटरसाइकिल में से 1 मोटरसाइकिल 30 मार्च को तोपचांची के रंगारीटांड़ के पास चुराया गया था, जबकि अन्य मोटरसाइकिल धनबाद शहर के अलग स्थानों से चुराई गई थी। उन्होंने कहा कि चोरों द्वारा तोपचाँची बरवाड्डा, तेतुलमारी, कतरास, गोमो, चन्द्रपुरा, निरसा एवं बोकारो से करीब 15-20 मोटरसाईकिल को चुराकर आधे-पौने दामों में बेचने की बात को स्वीकार किया गया है। अन्य चोरी हुए मोटरसाईकिल की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है ।इस अभियान में थाना प्रभारी डोमन रजक, पुलिस अवर निरक्षक विवेकानन्द श्रीवास्तव, राकेश दुबे,सहायक अवर निरक्षक दिनेश कुमार पाण्डेय, विनय कुमार पाण्डेय,राजु कुमार, हवलदार भुलेश कुमार पासवान तथा आरक्षी महेन्द्र साव समेत कई जवान



### खबर एक नजर में

### प्राथमिक विद्यालय से टीवी एवं सोलर मशीन की चोरी

**महुदा।** नया प्राथमिक विद्यालय तेलमोच्चो अंसारी टोला में शुक्रवार की रात अपराधियों ने कमरे का ताला तोड़कर एलईडी टीवी एवं सोलर मशीन ले भागे। शनिवार सुबह शिक्षक को इसकी जानकारी हुई तो महुदा थाना में शिकायत देकर कारवाई की मांग किया। प्रधानाध्यापक सगीर अंसारी ने बताया कि प्रतिदिन की भांति शनिवार की सुबह जब विद्यालय पहुंचा तो देखा कि उपरी मंजिल के कमरे का ताला गायब है। कुंडी टुटा हुआ है। अंदर से एलईडी टीवी और सोलर मशीन भी गायब है। जिसकी कीमत 50 हजार से अधिक है। उक्त घटना को लेकर महुदा थाना में शिकायत दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।

### चुवाड़ विद्रोह के महानायक स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद रघुनाथ महतो की पुण्यतिथि मनाई गई



**राजगंज।** शनिवार को महेशपुर पंचायत सचिवालय में विनोद ज्ञान ज्योति सेवा ट्रस्ट राजगंज की ओर से चुवाड़ विद्रोह के महानायक स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद रघुनाथ महतो का पुण्यतिथि मनाया गया। दो मिनट का मोन रखा गया। इसके बाद उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया मनोज कुमार महतो एवं संचालन ट्रस्ट के संयोजक महेन्द्र प्रसाद महतो ने किया। ट्रस्ट के मुख्य संयोजक शंकर किशोर महतो, संयोजक इंद्र नारायण महतो, जितेन्द्र नाथ महतो, अयोध्या प्रसाद महतो, रामेश्वर महतो, हुबलाल महतो, दुर्गा महतो, अनिल कुमार महतो के अलावे गन्यमान्य लोग उपस्थित हुए।

### नीरज हत्याकांड, एसएफएसएल के डिप्टी डायरेक्टर को बुलाने की अर्जी

**धनबाद।** नीरज सिंह हत्याकांड में जेल में बंद शूटर सागर सिंह ने शनिवार को अर्जी देकर एसएफएसएल रांची के डिप्टी डायरेक्टर आर. एस सिंह एवं असिस्टेंट डायरेक्टर बी.के ठाकुर को गवाही हेतु बुलाने की अर्जी अदालत में दायर की है। कोर्ट को दिए आवेदन में सागर सिंह ने कहा है कि एसएफएसएल के द्वारा विभिन्न तरह के सामानों की जांच की गई थी। फिंगरप्रिंट भी जांच की गई थी, परंतु उन्हें अभियोजन ने गवाही के लिए नहीं बुलाया। दोनों गवाह विशेषज्ञ गवाह है जिनकी गवाही इस मामले में आवश्यक है इसलिए उन्हें गवाही देने हेतु नोटिस जारी किया जाए। अदालत ने आवेदन पर सुनवाई के लिए सोमवार की तारीख निर्धारित की है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेलमोच्चो में सेवा निवृत शिक्षक अम्बुज कुमार महतो को दी गई विदाई



**महुदा।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेलमोच्चो में शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत शिक्षक अम्बुज कुमार महतो को सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गयी। शिक्षक प्रतिनिधियों के द्वारा उन्हें फुलमाला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिप सदस्य आशा देवी ने कहा कि शिक्षक अपने जिवन का मुख्य समय बच्चों को शिक्षा देने में लगा देते है। उन्हें पता ही नहीं चलता है कि कब वे सेवानिवृत हो गये। अम्बुज कुमार महतो ने अपने कार्यकाल में हमेशा बच्चों को अच्छे संस्कार व शिक्षा देते रहे है। प्रवीण कुमार लाला ने कहा कि कभी इसी टीम जिसमें अंबुज कुमार महतो ने विद्यालय को शीर्ष पर पहुंचाया था। विद्यालयों के अस्तित्व को बचाने के लिए आवश्यक है कि शिक्षकों की नियमित बहाली हो। सभी वक्ताओं ने अम्बुज कुमार महतो के कार्यो की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुखिया सुनिता देवी, प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार गोस्वामी, रामानुज सिंह, श्रीश मुखर्जी, रवि कुमार महतो, प्राण महतो, रामेश्वर महतो, चंडी चरण दास, शिक्षिका संगीता कुमारी, शीला देवी, देवीलाल महतो आदि मौजूद थे।

## रामनवमी के एक दिन पहले विहिप बजरंग दल ने प्रभु श्री राम का कराया नगर भ्रमण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग मंत्री सोनू गिरी द्वारा प्रस्तावित प्रभु श्री राम की मूर्ति जय माता दी मंदिर के प्रांगण में स्थापित की जाएगी। भगवा सेवकों के साथ विभाग मंत्री ने कलाकार के पास से मूर्ति को शनिवार को सिंदरी लाया। विभाग मंत्री सोनू गिरी ने बताया कि प्रभु श्री राम की मूर्ति लाने के दौरान जगह जगह लोगों ने इसकी पूजा अर्चना की और मिठाई खिलाकर आगे बढ़ाया। पूरे रास्ते लोगों ने जय श्री राम और जय हनुमान के नारे लगाए। उन्होंने बताया कि प्रभु श्री राम का नगर भ्रमण कराने के बाद मूर्ति को जय माता दी मंदिर में बने आसन पर रखा जाएगा। इसकी स्थापना आगामी 12 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन की जाएगी।

नगर भ्रमण में सिंटू सिंह, रोहित सिंह, अमन ठाकुर, रंजीत निषाद, राहुल कुमार, देव कुमार, अभिषेक कुमार, विशाल शर्मा, विनोद चौधरी, दीपक कुमार, अमित कुमार सहित कई भगवा सेवक मौजूद थे।



## प्रसाद भगवान का आशीर्वाद होता है, इसका कभी भी तिरस्कार नहीं करें : त्रिदंडी स्वामी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** धरती पर जब-जब अत्याचार, दुराचार एवं पाप बढ़ जाता है, तब-तब धर्म की स्थापना के लिए भगवान विभिन्न रूपों में धरती पर जन्म लेते हैं। अब तक भगवान का 24 अवतार हो चुका है। जिसमें एक भगवान कृष्ण का भी है। भगवान कृष्ण ने 6 साल के उम्र में ही अधर्मी पुतना का वध कर दिया था। उक्त बातें मैथन संजय चौक स्थित बालाजी धाम में चल रहे लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के छठे दिन परम पूज्य श्री 1008 गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी जी ने अपने प्रवचन में कहा। त्रिदंडी स्वामी जी ने कहा कि भगवान जब भी धर्म स्थापना हेतु धरती पर आते हैं, तब संतो को भी दर्शन देते हैं। जो उनके लिए तपस्या और सेवा भाव से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रसाद भगवान का आशीर्वाद होता है, इसे कभी भी तिरस्कार नहीं करें। प्रसाद को आदर भाव से ग्रहण करनी चाहिए। जिससे मनोकामना पूर्ण होने की सामर्थ होती है। इससे रोग, दुख एवं व्याध खत्म हो जाता है।

मौके पर अयोध्या धाम से पधारे श्री श्री 1008 बालक बाबा, बालाजी धाम मंदिर कमेटी के संतोष भाई जी, अरविंद सिंह, सुरेश सिंह, डॉ आर द्विवेदी, आशीष सिंह, रंजीत सिंह, दिलीप सिंह, आलोक कुमार, रामनारायण यादव, अरूण तिवारी, मनोज राउत, अशोक तिवारी, चुनमुन शर्मा, अमृतसर सरदार जगविंदर सिंह, सुरेश दुबे, भोला सिंह, राम नारायण यादव, टिंकू, दिलीप सिंह, कुंदन सिंह, प्रमोद सिंह, मनोज सिंह, नागेन्द्र यादव, आलोक कुमार, मोना शर्मा, पियूष अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, अमर साव, रंजीत महतो सहित काफी संख्या में मंदिर कमेटी के लोग यज्ञ को सफल बनाने में लगे हुए हैं।



**एक नजर में**

## रामनवमी को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए शनिवार को इटखोरी बाजार में पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च इटखोरी थाना से शुरू होकर धनखेरी, गांधी चौक, शिवाला चौक होते हुए इटखोरी बाजार तक पहुंचा। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एएसआई दुखी राम महतो ने किया। एएसआई महतो ने बताया कि यह फ्लैग मार्च आम लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाने और शांति बनाए रखने की अपील के लिए निकाला गया है। इसके साथ ही शरारती तत्वों व अपराधियों को यह संदेश भी दिया गया है कि अगर किसी ने कानून तोड़ा, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

## अवैध शराब के खिलाफ सघन अभियान, एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवादाता



**चतरा।** रामनवमी पर्व के मद्देनजर जिले में अवैध शराब के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई तेज कर दी गई है। उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर शनिवार को सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में उत्पाद विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने सिमरिया थाना क्षेत्र के बानासाड़ी, कुटी, गोआकला, बगरा और जबड़ा गांवों में छापेमारी की। इस अभियान के दौरान कई स्थानों पर बिना लाइसेंस के शराब बेचने की सूचना पर कार्रवाई की गई।

## थाना प्रभारी इलाज के बाद हुए स्वस्थ

**कोडरमा।** रामनवमी को लेकर थाना में पुलिस पदाधिकारियों के साथ ब्रीफिंग कर रहे कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार अचानक बेहोश हो गए। वहीं आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के बाद वे स्वस्थ हो गए।

## शिविर में श्रद्धालुओं के बीच बटा चना, गुड़ व शुद्ध पेयजल

खबर मन्त्र संवादाता




**हंटरगंज (चतरा)।** झारखंड के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात माता कौलेश्वरी के दरबार में हर साल की भांति इस साल भी अष्टमी पर लाखों की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर वन विभाग हटवारिया वन आरोग्य पार्क में वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल कुमार मीणा और वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार पहुंचे। जहां उन पदाधिकारीयों ने निःशुल्क चना, गुड़ व शुद्ध पेयजल शिविर का आयोजन कर श्रद्धालुओं को सेवन कराया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वनरक्षी चंदन कुमार, समेत वन विभाग के दर्जनों की संख्या में वनकर्मी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सुसम्पादित करने में अहम योगदान दिए।

## रामनवमी पूजा को लेकर फ्लैग मार्च निकला

**जयनगर (कोडरमा)।** रामनवमी पूजा को लेकर शुक्रवार की शाम डीएसपी रतिभान सिंह के नेतृत्व में जयनगर के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान लोगों से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में त्योहार मानने की अपील की गयी। वहीं डीएसपी ने कहा कि त्योहार के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है।

## संजीवनी अकादमी का वार्षिक परीक्षाफल का किया गया वितरण




खबर मन्त्र संवादाता

**चन्दवारा (कोडरमा)।** प्रखंड के बांझेडीह रोड नंदनगर स्थित संजीवनी अकादमी का वार्षिक परीक्षाफल बच्चों के बीच अभिभावकों के मौजूदगी में वितरण किया गया। वहीं निदेशक सह प्राचार्य संजीव कुमार ने परीक्षा फल की घोषणा की और प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रगति पत्र और पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। सभी छात्रों को निदेशक संजीव कुमार, शिक्षक नंदू शर्मा, अभिभावक लखन शर्मा, दीपक पंडित, विकास बर्णवाल, भूतपूर्व शिक्षक सागर राम, भुनेश्वर साव ने आशीर्वाद देते हुए भविष्य में और बेहतर करने की शुभकामनाएं दिया।

## राजकीय होम्योपैथिक औषधालय में चोरी करने वाले गिरफ्तार

**चंदवारा (कोडरमा)।** तिलैया डैम ओपी अंतर्गत ग्राम कांटी स्थित राजकीय होम्योपैथिक औषधालय में 30 मार्च से 1 अप्रैल 2025 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा छत पर लगे गेट के उपर रॉड को तोड़कर चोरी कि घटना घटित हुई थी। उक्त टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर कांड का उद्भेदन कर घटना में संलिप्त दो अपराधियों की गिरफ्तारी की गई तथा राजकीय होम्योपैथिक औषधालय से चोरी कि गई सामानों को बरामद किया गया।



### रेल यात्रियों के गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन को जल्द खोजने के लिए

# रेलवे सुरक्षा बल ने दूरसंचार विभाग के साथ मिलाया हाथ

पी-8

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रेले यात्रियों के गुम हुए या चोरी हुए मोबाइल फोन को जल्द खोजने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने दूरसंचार विभाग के साथ हाथ मिलाया है। अब ट्रेन या रेलवे परिसर में गुम हुए मोबाइल खोजने की प्रक्रिया और तेज होगी। सेंट्रल उपकरण पहचान पंजीकरण (सीइआइआर) मंच के जरिए यात्रियों को उनके मोबाइल फोन वापस मिलने की संभावना अधिक रहेगी। अगर किसी यात्री का मोबाइल गुम हो जाता है तो वह रेल मदद सेवा या 139 नंबर पर कॉल कर इसकी रिपोर्ट दर्ज कर सकता है। इसके अलावा अगर कोई एफआइआर दर्ज नहीं कराना चाहता तो वह सीइआइआर पोर्टल पर शिकायत कर सकता है। रेलवे सुरक्षा बल की साइबर शाखा सीइआइआर मंच पर शिकायत दर्ज करेगी और मोबाइल का आइएमइआइ नंबर ब्लॉक कर दिया जायेगा। अगर कोई नयी सिम डालकर उसका इस्तेमाल करता है तो उसे ट्रैक कर निकटतम रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर जमा करने का निर्देश दिया जायेगा।




**मोबाइल मालिक को ऐसे मिलेगा फोन :** बताया जाता है कि अगर कोई यात्री अपने गुम हुए मोबाइल को वापस पाना चाहता है तो उसे अपनी पहचान से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। सही पहचान साबित होने पर रेलवे सुरक्षा बल मोबाइल लौटा देगा। वहीं अगर किसी व्यक्ति को चोरी या गुम हुए मोबाइल का गलत इस्तेमाल करते हुए पाया जाता है तो एफआइआर दर्ज कर जिला पुलिस को मामला सौंपा जायेगा। वहीं रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने बताया है कि यह योजना रेलवे सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हम डिजिटल तकनीक का उपयोग कर यात्रियों को उनके गुम हुए मोबाइल वापस दिलाने का प्रभावी और पारदर्शी तंत्र विकसित कर रहे हैं। इससे यात्रियों का विश्वास और भी मजबूत होगा। रेलवे सुरक्षा बल पहले से ही यात्रियों की गुम हुई संपत्ति को वापस दिलाने के लिए ऑपरेशन अमानत चला रहा है।

**गुम हुए फोन मिलने की उम्मीद बढ़ी :** जनवरी 2024 से फरवरी 2025 के बीच आरपीएफ ने 84.03 करोड़ रुपये मूल्य की खोई हुई वस्तुओं को यात्रियों को लौटाया। अब सीइआइआर मंच के जरिये मोबाइल फोन की रिकवरी और भी तेज होगी। मई 2024 में नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे में इस योजना का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था। यह इतना सफल रहा कि अब इसे पूरे देश में लागू किया जा रहा है। इस पहल से मोबाइल चोरी पर लगाम लगेगी और यात्रियों को गुम हुए फोन मिलने की उम्मीद बढ़ेगी।

## महाष्टमी की पूजा श्रद्धा पूर्वक सम्पन्न

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय और आस पास के क्षेत्रों में वासंतिक दुर्गा और रामनवमी को लेकर धूम मचा हुआ है। घरों, बाजारों और सड़कों के किनारे महावीरी पताकें लगाएं गए हैं, जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र राममय हो गया है। वहीं राजागढ़ स्थित चौती दुर्गा मंडप और चेचाई स्थित देवी मंडप में शुक्रवार को महाष्टमी की पूजा पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण से किया गया।

## रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर प्रशासन चुस्त

**जयनगर (कोडरमा)।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर प्रशासन चुस्त है। वहीं एसडीओ रिया सिंह, थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह ने रामनवमी जुलूस मार्ग का शुक्रवार को ड्रोन कैमरे से निगरानी की वहीं एसडीओ के नेतृत्व में क्षेत्र के मुख्य बाजार से लेकर गांव तक ड्रोन के माध्यम से हर घर के छत पर नजर रखी गयी। वहीं उन्होंने कहा कि रामनवमी जुलूस के दौरान अगर कोई भी असामाजिक तत्व शांति भंग करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी, जिला प्रशासन हर एक बिंदु पर नजर बनाये हुए हैं। मौके पर पुलिस बल के जवान एवं ग्रामीण पुलिस शामिल थे।

## दुर्गा मंडप परिसर में बसंती दुर्गा पूजनोत्सव का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सार्वजनिक बसंती दुर्गा पूजा समिति तिलैया बस्ती (राजागढ़) में नवरात्र के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा मंडप परिसर में बसंती दुर्गा पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित चार दिवसीय मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव व विशिष्ठ अतिथि डॉ. कुलदीप यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## ग्रिजली किड्स में रामनवमी पूजा का महासमारोह का आयोजन




**कोडरमा।** ग्रिजली पब्लिक स्कूल के जूनियर विंग ग्रिजली किड्स में ''श्री राम जय राम, जय जय राम'' भजन के साथ राम नवमी कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सभी उपस्थित जनों ने मिलकर भगवान श्रीराम की आरती की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात प्राचार्या नीरजा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं एलकेजी कक्षा के वेदांत, दीत्या, कृदय, एकवीर, पुरुषोत्तम, जियान तथा यूकेजी कक्षा के शौर्य, ऋषभ, एकांक्षा एवं अभिराज ने मिलकर एक भव्य स्किट प्रस्तुत की।

# मरीजों को ले जाने वाली 108 एंबुलेंस खुद बीमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एंबुलेंस कमी की बड़ी समस्या बनी हुई है। लगभग 200,000 की आबादी वाले हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर केवल एक 108 एंबुलेंस है। जो इन दिनों खुद बीमार पड़ गई है। बताते चलें कि हंटरगंज प्रखंड के विश्व प्रसिद्ध मंदिर कौलेश्वरी में रामनवमी के अवसर पर 9 दिवसीय विशाल मेला लगता है जहां प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु मंदिर पूजा अर्चना के लिए पहुंचते हैं। लेकिन दुर्भाग्य की इन दिनों भी 108 एम्बुलेंस खुद बीमार है। जब इसकी जानकारी लेने पत्रकारों की टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हंटरगंज पहुंची। जहां पहुंचते ही सीएचसी प्रभारी वेद प्रकाश ने तुरंत मामले को गंभीरता से लिया। तुरंत सीएस से दूरभाष के माध्यम से इसकी जानकारी दी। मामले को संज्ञान में लेते हुए सीएस डॉ दिनेश प्रसाद ने तुरंत 108 एंबुलेस टेंडर एजेंसी को खड़ी एंबुलेस को ले जाने की बात कही। इसके बाद चतरा एम्बुलेंस एजेंसी एसडीओ तौफीक आलम ने तुरंत आनन - फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 3 एम्बुलेंस भेजने की बात कही। इस संबध में जानकारी देते हुए सीएचसी प्रभारी वेद प्रकाश ने बताया कि मेला को लेकर स्वस्थ्य विभाग की टीम अलर्ट है तीन एम्बुलेंस आने से लोगों में हर्ष है। तीन एम्बुलेंस में एक एम्बुलेंस कौलेश्वरी पर्वत के नीचे रहेगी वही दूसरी एम्बुलेंस दंतार में वही तीसरी एम्बुलेंस केन्द्र में रहेगी जिससे लोगों को परेशानी नहीं होगी।




# प्रखण्ड प्रशासन मुस्तैद, शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी मनाने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंटरगंज (चतरा)।** रामनवमी त्योहार में हंटरगंज के कौलेश्वरी में विशाल मेला लगा है। ऐसे में रामनवमी के त्यौहार को लेकर हंटरगंज प्रखण्ड प्रशासन अलर्ट मोड में है। आपको बता दे कि हंटरगंज के कौलेश्वरी मंदिर ऐतिहासिक मेला का आयोजन किया जाता है जिसमें झारखंड सहित विभिन्न राज्यों और विदेशो से भी पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने को लेकर हंटरगंज प्रखण्ड प्रशासन मुस्तैद है। इसी क्रम में शनिवार की शाम प्रखण्ड के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में तीन जगह फ्लैग मार्च निकाला गया। आपकों बताते चलें कि हंटरगंज थाना क्षेत्र में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी पप्पू शर्मा के नेतृत्व में थाना मोड़ से बाजार होते हुवे पानी टंकी तक सीओ अरुण मुंडा सहित दर्जनों पुलिस कर्मी के साथ फ्लैग मार्च किया गया उसके बाद मीरपुर में भी फ्लैग मार्च निकला तो वही वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र में जोरी थाना प्रभारी व बीडीओ के नेतृत्व में दंतार में भी फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान आम लोगों से बीडीओ ने अपील की गई की रामनवमी पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए। वही थाना प्रभारी पप्पू कुमार शर्मा ने सख्त लहजो में कहा की रामनवमी के दौरान उपद्रवियों और सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है और पर्व के दौरान खलल डालने वाले को बक्शा नही जायेगा।



## सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन शनिवार को झुमरीतिलैया मॉडर्न पब्लिक स्कूल और डीएवी पब्लिक स्कूल में कदाचार मुक्त आयोजित किया गया। इस परीक्षा में पंजीकृत 732 छात्रों में से 708 छात्र कक्षा 6 एवं 9 के लिए शामिल हुए, जिसमे मॉडर्न पब्लिक स्कूल केंद्र पर 347 छात्र एवं डीएवी पब्लिक स्कूल के केंद्र पर 361 छात्र शामिल हुए। इस परीक्षा के लिए कैपिटल यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ.प्रमोद कुमार को मॉडर्न पब्लिक स्कूल का प्रेक्षक नियुक्त किया गया था एवं अनिल कुमार साहू को डीएवी पब्लिक स्कूल का प्रेक्षक नियुक्त किया गया था। इस परीक्षा के सफल आयोजन में दोनों विद्यालय के शिक्षकों, जिला पुलिस बल का योगदान सराहनीय रहा।


**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

**अति अल्पकालीन**

**तृतीय डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–15/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में (दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिए) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूरमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 11:30 बजे पूर्वाहन नगर पंचायत, डोमचाँच कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एवं समय के अनुसार दिनांक–19.04.2025 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2025–26 लिए | जमानत की राशि 10 प्रतिशत | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टैक्सी बस स्टैण्ड | 330660.00 | 33100.00 | दिनांक–19.04.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच को सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 349783 (Urban Development) 25-26 (D)

**सिविल सर्जन कार्यालय, सिमडेगा**

**''प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना अन्तर्गत जिला कार्यक्रम समन्वयक पद का रिजल्ट प्रकाशन संबंधी सूचना**

''प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना अन्तर्गत जिला कार्यक्रम समन्वय पद का संविदा आधारित नियुक्ति हेतु दिनांक 19.03.2025 को उपायुक्त, सिमडेगा की अध्यक्षता में Walk-in-Interview आयोजित किया गया था। उक्त पद पर चयनित अभ्यर्थी की सूची सिमडेगा जिला के वेबसाईट https://www.simdega.nic.in तथा सिविल सर्जन कार्यालय, सिमडेगा के सूचनापट्ट पर प्रकाशित कर दी गयी है।

चयनित अभ्यर्थी को निदेशित है कि अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 19.04.2025 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त तिथि के बाद योगदान स्वीकार नहीं होगा एवं चयन रद्द समझा जायेगा।

ह0/–
सिविल सर्जन,सिमडेगा

PR 349779 Simdega(25-26).D

**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद, रामगढ़**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :– *RE-01, ZP/RAMGARH/15/2024-25*
कार्य की विस्तृत विवरणी :–
मद – *DMFT*

| क्र. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य (रु०) | कार्य पुर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | माण्डू | डॉ० राम मनोहर लोहिया श्रमिक उच्च विद्यालय बोंगाहारा रामगढ में बहुउद्देश्य कक्ष का निर्माण। | 9993900 | 200000 | 10000 | 12 (बारह माह) |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– दिनांक– 08.04.2025
2. ई–निविदा डालने/प्राप्ति की तिथि एवं समय– दिनांक 09.04.2025 से दिनांक 15.04.2025 अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– दिनांक – 16.04.2025 को अपराह्न 4:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता– जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
5. ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं०– 9801557645
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल *Online mode* द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते मे अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है। तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
8. निविदा Double Bid पद्धति से होगा।
9. इस निविदा में जिला परिशद, रामगढ़ के अंतर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, रामगढ

PR 349794 District(25-26)#D

**झारखण्ड सरकार** भू–अर्जन वाद संख्या–28/2020–21

**राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
**(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)**
**अधिघोषणा**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)
**नामकुम–डोरण्डा पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना।**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा–नामकुम–डोरण्डा पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना हेतु ग्राम–नामकुम, थाना संख्या–214, अंचल–नामकुम, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश रकबा– 1.585 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश रकबा–1.585 एकड़ है, जो मौजा–नामकुम, थाना संख्या–214, अंचल–नामकुम, जिला–राँची में है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है :–

मौजा–नामकुम

| क्र० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 89 | 999 | दोन तीन | 0.070 | मंगरा मुण्डा, पिता जगना मुण्डा | 998 | 1000 | 993 | नदी |
| 02 | 99 | 993 | टांड़ दो | 0.090 | सुकरा मुण्डा, पिता–काराई मुण्डा, बिगल मुण्डा, एतवा मुण्डा, पिता बंधना मुण्डा, सनिका कण्डुलना | 994 | 992 | 1019 | 998 |
| 03 | 4 | 1019 | दोन दो | 0.033 | जमुना उरांव, पिता सुखमन उरांव, पौलुस उरांव, सुलेमान उरांव, रेमिश एक्का, पिता–इसीदोर एक्का | 989 | 991 | 1020 | 1019 |
| 04 | 4 | 991 | टांड़ दो | 0.275 | जमुना उरांव, पौलुस उरांव, पिता–सुलेमान उरांव, रेमिश एक्का, पिता–इसीदोर एक्का, तारसोरेन मिंज, पिता–जोन मिंज | 990 | 1017 | 1022 | 1020 |
| 05 | 19 | 1022 | टांड़ दो | 0.122 | जैमान खिरस्तान वो मनमटी खिरस्तान, जयमासी क्रिस्तान, पिता–झिरगा क्रिस्तान, कोसीरीड़ा एक्का, पति–रेमिश एक्का, गौरीशंकर दास, पिता–रमानन्द दास, तेवीफल तिग्गा, पिता–जोन तिग्गा, अरविन्द सर्व महली, पिता–मंगल महली | 969 | 1023 | 1029 | 1017 |
| 06 | 91 | 1029 | टांड़ दो | 0.081 | रामधनी साहु अड्डा, सियाराम दुन्दु पायु साहु, राम चन्द्र साहु, कृष्णनन्दन झा, रघुवीर शर्मा, चन्देश्वर पाण्डे, कनाईलाल चौधरी, रघुवीर शर्मा/हरि प्रसाद शर्मा, मदन मोहन यादव, बंसत कुमार गोप, मालती देवी, कोपल पाण्डे, मंगा उरांव वगैरह, कन्हाईलाल चौधरी, बलाई लाल डे, अनय प्रकाश/जितेन्द्र कुमार सिंह,इ मृदुला प्रसाद, रामेश्वर यादव, मोनिका दत्ता, डॉ० मीरा यादव | 1030 | 1027 | 1031 | 1022 |
| 07 | 8 | 1028 | टांड़ दो | 0.098 | कमल महली वो मानी महतो पेशरान चनड़ा अहीर, भीखम नारायण यादव, पिता–शनिचर महतो | 1029 | 1027 | 1031 | 1022 |
| 08 | 25 | 1031 | टांड़ दो | 0.150 | नन्हका उरांव वल्द वुचुवा मुण्डा वगैरह, बुधुवा उरांव, गन्दुवा उरांव, एतवा उरांव, ननका उरांव वल्द लातु उरांव, दिया तिर्की, पिता–सिमोन तिर्की | 663 | 1033 | 1032 | 1029 |
| 09 | 87 | 1032 | टांड़ दो | 0.175 | मोरहा उरांव वो हरसव उरांव, मोडहा उरांव, बुढ़हा उरांव, पिता–रेटे उरांव | 1031 | 1034 | 1046 | 1031 |
| 10 | 25 | 1046 | टांड़ दो | 0.015 | नन्हका उरांव वल्द वुचुवा मुण्डा, बुधुवा उरांव वगैरह | 1045 | 1035 | 1044 | 1032 |
| 11 | 37 | 1034 | टांड़ दो | 0.056 | रूमड़ा क्रिस्तान, पिता–गेहूँ क्रिस्तान, फ्रांसिस क्रिस्तान, पौलुस क्रिस्तान, पतरस क्रिस्तान पेशरान गुडु क्रिस्तान, तुलसी कश्यप, पिता–स्व० बुल उरांव वगैरह | 1032 | खाली | 1035 | 1027 |
| 12 | 23 | 1035 | टांड़ दो | 0.218 | देवा उरांव वो पोढ़ा उरांव, पिता–नान्दो उरांव, दीव उरांव, पोरहा उरांव, पिता–नन्दो उरांव | 1046 | खाली | 1036 | 1034 |
| 13 | 36 | 1017 | टांड़ दो | 0.068 | मंगा मुण्डा, पिता–जगना मुण्डा, शान्ता कश्यप, पति–कृपाल कश्यप, सोनी सिन्हा, पति–आलोक प्रसाद, सुभाष कुमार, पिता–ब्रह्मानन्द सिंह, शुकदेव दास, पिता–बद्री दास, वीणा देवी, पिता–स्व० सुखदेव दास | 991 | 1016 | 1022 | 1013 |
| 14 | 13 | 992 | टांड़ दो | 0.099 | चिन्तू मुण्डा पिता एतवा मुण्डा श्रीमति रती मुण्डाईन, पति–होरा मुण्डा, कालीका सोलंकी, पिता–स्व० कृष्णा सिंह, सोमा सोलंकी, पिता–खेरा मुण्डा, विश्राम मसीह प्रकाश मुण्डू, पिता–स्व० मनसिद्ध मुण्डा, आभा खलखो, पति–अरूण सोरेंग, सुकरो देवी, पिता–स्व० जोम्बिरा मुण्डा | 993 | 1092 | 991 | 1001 |
| 15 | 64 | 1000 | दोन तीन | 0.035 | जगरनाथ मुण्डा, पिता–नथुवा मुण्डा | 999 | 9001 | 992 | नदी |
| | | | कुल | 1.585 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–

ग्राम–XXX, थाना संख्या– XXX, अंचल–XXX, जिला–राँची, क्षेत्रफल–XXX एकड़, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

PR 349790 Land Reforms(25-26)D


ह०/– उपायुक्त, राँची।

## समय संवाद

क्यों मनाई जाती है राम नवमी: इस दिन भगवान राम का जन्म हुआ था। इसी के साथ नवरात्रि पर्व का भी ये आखिरी दिन होता है। पौराणिक कथाओं अनुसार भगवान श्रीराम ने धर्म युद्ध में विजय प्राप्त करने के लिए मां दुर्गा की पूजा की थी। इसके बाद श्रीराम ने रावण का वध किया था। ये भी कहा जाता है कि राम नवमी के दिन गी गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस का लिखना शुरू किया था। इस दिन कई लोग श्री राम को याद करते हुए व्रत रखते हैं। ऐसी मान्यता है कि व्रत रखने और विधिवत पूजा हवन करने से उपासकों की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं।

# भये प्रकट कृपाला दीन दयाला...

**मुरलीधर**




चैत्र माह के नौवें दिन राम नवमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन का हिंदू धर्म के लोगों के लिए विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि इस दिन भगवान राम का जन्म हुआ था। रामनवमी के दिन मां दुर्गा और श्री राम और मां सीता का पूजन किया जाता है। इस दिन देवी मां के 9वें स्वरूप सिद्धिदात्री की उपासना की जाती है।

अयोध्या के महाराजा दशरथ की कोई संतान नहीं थी। उन्होंने पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ करने की योजना बनाई। यज्ञ प्रारंभ के समय उन्होंने अपनी चतुरंगिनी सेना के साथ श्यामकर्ण नामक घोड़ा छोड़ दिया। अब उनका यज्ञ प्रारंभ हुआ। उनके यज्ञ में सभी ऋषि-मुनि, तपस्वी, विद्वान, राजा-महाराजा, मित्र और उनके गुरु वशिष्ठ जी भी शामिल हुए। सभी लोगों की उपस्थिति में यज्ञ प्रारंभ हो गया। मंत्रोच्चार से चारों दिशाएं गूंज उठीं और यज्ञ की आहुति से महकने लगीं। यज्ञ के लिए विशेष खीर बनाया गया। यज्ञ के समापन के समय महाराज दशरथ ने अपने सभी अतिथियों, ऋषि-मुनियों, ब्राह्मणों आदि को दान देकर सकुशल विदा किया। यज्ञ के समापन के बाद दशरथ जी ने यज्ञ के समय बने खीर को अपनी तीनों रानियों को प्रसाद सवरूप खिलाया। उसके प्रभाव से उनकी तीनों रानियां गर्भवती हो गईं।

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र में राजा दशरथ की बड़ी रानी कौशल्या ने एक शिशु को जन्म दिया। वह शिशु बेहद आकर्षक, तेजस्वी और नील वर्ण वाला था। वह और कोई नहीं, साक्षात श्रीहरि विष्णु के स्वरुप राम थे। इसके पश्चात रानी कैकेयी ने एक और रानी सुमित्रा ने दो तेजस्वी पुत्रों को जन्म दिया। चार पुत्रों को पाकर महाराज दशरथ अत्यंम प्रसन्न हुए, पूरे राज्य में उत्सव मनाया गया। प्रजा, दरबारियों, मंत्रियों आदि को उपहार दिए गए। ऋषि-मुनियों, ब्राह्मणों आदि को दान दक्षिणा दिया गया।

कुछ समय पश्चात उन चारों शिशुओं का नामकरण संस्कार किया गया। महर्षि वशिष्ठ ने दशरथ जी के बड़े पुत्र का नाम राम, दूसरे का भरत, तीसरे का लक्ष्मण और सबसे छोटे पुत्र का नाम शत्रुघ्न रखा। चारों बालकों की किलकारियों से पूरा महल गूंज उठता था। महाराज दशरथ अपनी तीनों रानियों के साथ अपने बालकों पर पूरा स्नेह लुटाते थे। पूरी अयोध्या में आनंद से सराबोर थी। समय के साथ जब चारों भाई बड़े हुए तो उनकी शिक्षा प्रारंभ हुई।

गुरु विश्वामित्र ने ही भगवान राम को धनुर्विद्या और शास्त्र विद्या का ज्ञान दिया। वहीं, ऋषि वशिष्ठ ने श्रीराम को राज-पाट और वेदों की शिक्षा दी। उन्होंने ही श्रीराम का राज्याभिषेक कराया था।

राम नवमी की व्रत विधिः

रामनवमी के दिन सुबह जल्दी उठ जाएं और स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें।

अब पूजा स्थल पर पूजन सामग्री एकत्रित कर लें।

पूजा में तुलसी पत्ता और कमल का फूल जरूर होना चाहिए।

उसके बाद श्रीराम नवमी की षोडशोपचार पूजा करें।खीर और फल-मूल को प्रसाद के रूप में तैयार करें।पूजा के बाद घर की सबसे छोटी महिला सभी लोगों के माथे पर तिलक लगाएं।

राम नवमी के दिन विधिवत हवन भी किया जाता है। नवरात्रि का ये आखिरी दिन होता है इसलिए कई लोग इस दिन कन्याओं को भोजन भी कराते हैं।

# राममय जगत

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**विश्ववामित्र** को विशिष्ठ जी ने ही अयोध्या भेजा। राम को बक्सर लाने के लिए विशिष्ठ ने ही विश्ववामित्र को कहा कि आप अयोध्या जाये और राक्षसों, दानवों को पृथ्वी से समाप्त करें। यही कारण है कि जब विश्ववामित्र ने राजा दशरथ से राम को वन ले जाने की बात कही तब गुरु वशिष्ठ ने राजा दशरथ को समझाया कि राम को जाने दें। रावण का साम्राज्य बक्सर तक आ चुका था और ताड़िका वहीं के जंगलों में रहती थी। गुरु वशिष्ठ के कहने पर ही राम का वन गमन हुआ। इस क्रम में रावण वध सहित सभी घटनाएं घटित हुई।

विश्ववामित्र गुरु वशिष्ठ की बातों का अनुकरण करते रहे। राम ने रावण के वध के बाद कहा कि जो हुआ वह गुरु कृपा से ही हुआ है जबकि सभी देवता राम पर पुष्प वर्षा कर रहे थे। राम को मालूम था कि गुरु वशिष्ठ के आज्ञा को मानना ही उनके अवतार लेने का अर्थ मात्र है। गुरु में श्रद्धा का अर्थ है कि उनके सबसे निकटतम को पकड़ना उसका संग करना, उसके अनुसार काम करना। वशिष्ठ को मालूम था कि रामवातार होगा और उनके माध्यम से धर्म की स्थापना होगी। सबरी और अहिल्या का भी उद्धार होगा।

**भक्ति में स्वार्थ**

कोई भी धर्म के लिए संघर्ष नहीं करता है। कोई राम, कृष्ण, यीसू, अल्लाह के लिए नहीं लड़ रहा है। लोग नासमझी में लड़ते हैं दंगा करते हैं। इस प्रकार के हिंसा का इतिहास आजादी की लड़ाई के क्रम में उपजा है। किसी भी धर्म में घृणा का कोई स्थान नहीं है।

आज कर्मकांड विज्ञान के विकास के साथ ही कम होता जा रहा है। आने वाले दिनों में भक्ति का प्रचार और तेज होगा। साधन का उपयोग होगा। भक्ति सीखना हो या भक्ति समझना हो तो सीता और राधा से समझी जा सकती है। अगर भक्ति पैदा करना हो तो हनुमान जी से अच्छा उदाहरण नहीं है। आज बड़ी संख्या में संत और महात्मा भक्ति का प्रचार-प्रसार अपने विचार,पंथ के अनुसार कर रहे हैं। भक्ति सभी बढ़ा रहे हैं। स्वार्थ के लिए की गयी भक्ति और प्रीत से भी कल्याण होता है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर बिहार)

# स्कूल ऑफ रामः राम के जीवन मूल्यों की स्थापना का सार्थक प्रयास

**जीवीएस शास्त्री**

रामकथा का रिश्ता सीधे लोकमानस से है, उसके सुख-दुःख,आस-निरास से है। रामकथा क्या है जैसे प्रश्न का उत्तर किताबों से ज्यादा लोक व्यवहारों में खोजा जाना चाहिए। ऐसा मानना है भगवान श्रीराम के जीवन पर शुरू हुए विश्व के पहले वर्चुअल विद्यालय स्कूल ऑफ राम का। स्कूल ऑफ राम, राम कहानी से जीवन प्रबंधन के गुर सिखाएगा। स्कूल ऑफ राम के संस्थापक, संयोजन काशी हिंदू विश्वविद्यालय में अध्यनरत, विद्या भारती के पूर्व छात्र प्रिंस तिवाड़ी का कहना है की पहले लोग एक-दूसरे का अभिवादन, प्रणामऔर नमस्कार की जगह राम-रामजी या जै रामजी की 'जय सियाराम' कहकर किया करते थे। अभिवादन में 'जै रामजी' और 'कुशल-क्षेम' के रूप में अपनी-अपनी राम कहानी का अर्थ समझ आता है। इसका मतलब यह होता है कि राम स्मरणीय है, इस हद तक कि दो जन जब आपस में मिलें या भेंट करें तो उनकी मुलाकात की शुरूआत रामनाम से हो। दूसरा अर्थ यह होता है कि राम की कोई कहानी है- ऐसी कहानी जिससे व्यक्ति की आपबीती का कोई अनोखा रिश्ता है। ऐसा रिश्ता कि राम की कहानी कहने का मतलब किसी से अपनी आपबीती कहना हो जाता है।

प्रिंस ने कोर्स के सबंध में बताया कि रामायण की इन्हीं लोककथाओं को जीवन प्रबंधन का आधार बनाकर स्कूल ऑफ राम ने एक कोर्स का प्रारूप तैयार किया है। जिसमें प्रतिदिन रामायण से जुड़ी किसी एक प्रेरणादायक कहानी से जीवन प्रबंधन का एक गुर लोगों को सिखने को मिलेगा। इस कोर्स का हिस्सा कोई भी बन सकता है। कोर्स 16 जनवरी से शुरू होगा, जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया 13 जनवरी से शुरू हो रही है। यह कोर्स 101 दिन तक वर्चुअल ही संचालित होगा।

हर घर में पुनः दोहराई जाएंगी रामायण की प्रेरणादायक कहानियां

ऐसा क्या है रामकथा में जो उसे



आपबीती बनाकर लोककथा बनने की क्षमता देता है? यह प्रश्न यों भी पूछा जा सकता है- राम की आपबीती में ऐसा क्या है कि वह जगबीती बन जाती है? एक बार फिर से लोक व्यवहारों का सहारा लें तो इस प्रश्न का सहज ही उत्तर मिल जाएगा। भोजपुरी-भाषा इलाकों में कोई भोजन बनाने चले या भोजन करने बैठे तो अक्सर कुछ ना-नुकुर या कुछ कहासुनी हो जाती है। ऐसे समय में कोई माता सरीखी महिला सीख के तौर पर दोहराती है- 'राम बनके जेवनार। सीता बनके रसोई।' इसका अर्थ है कि भोजन करना तभी सार्थक होता है जब वह राम भाव से किया जाए। रसोई बनाना भी तभी सार्थक होता है जब सीता भाव से बनाई जाए।

रामकथा घर-गृहस्थी चलाने की कथा है। इसका अर्थ यह निकल कर सामने आ रहा है कि रामकथा एक और अनेक के स्वहित के आपसी टकराव की ही कथा है। इस टकराव में घर-गृहस्थी को घेरने वाले संकटों की कथा, उन संकटों से निकलने के लिए उपाय की कथा।

स्कूल ऑफ राम का मानना है कि कोर्स के शुरू किए जाने वाले इस प्रयास से युवा पीढ़ी को कम शब्दों में रामकथा का ज्ञान प्राप्त होगा। साथ ही रामायण के छोटे-छोटे प्रसंगों से जीवन प्रबंधन के बड़े-बड़े सूत्र भी सीखने को मिलेंगे।

कोर्स की महत्वपूर्ण बातें

? रामायण के प्रेरणादायक प्रसंगों से प्रतिदिन मिलेगा लाइफ मैनेजमेंट (जीवन प्रबंधन) का एक नया सूत्र।

? रामायण के प्रसंगों को आधार बनाकर युवाओं को देगें जीवन प्रबंधन का प्रशिक्षण।

? 16 जनवरी से प्रारंभ होने वाले इस कोर्स में 13 जनवरी तक आवेदन किए जा सकेंगे।

? 101 दिन तक चलेगा यह कॉर्स।

? अब हर घर में पुनः दोहराई जाएंगी रामायण की प्रेरणादायक कहानियां।

# भगवान राम की वंशावली

श्रीलंका में राम जी = 111 दिन रहे।श्री लंका में सीताजी = 435 दिन रहीं।ःमानस में श्लोक संख्या = 27 है। मानस में चोपाई संख्या = 4608 है।माानस में दोहा संख्या = 1074 है।मानस में सोरठा संख्या = 207 है। मानस में छन्द संख्या = 86 है।

सुग्रीव में बल था = 10000 हाथियों का। सीता रानी बनीं = 33वर्ष की उम्र में।

मानस रचना के समय तुलसीदास की उम्र = 77 वर्ष थी। पुष्पक विमान की चाल = 400 मील/घण्टा थी। रामादल व रावण दल का युद्ध = 87 दिन चला।



राम रावण युद्ध = 32 दिन चला।

सेतु निर्माण = 5 दिन में हुआ।

नलनील के पिता = विश्वकर्मा जी हैं।

त्रिजटा के पिता = विभीषण हैं।

विश्वामित्र राम को ले गए =10 दिन के लिए। राम ने रावण को सबसे पहले मारा था = 6 वर्ष की उम्र में।

रावण को जिन्दा किया = सुखेन बेद ने नाभि में अमृत रखकर। श्री राम के दादा परदादा का नाम क्या था? नहीं तो जानिये-

ब्रह्मा जी से मरीचि हुए,

मरीचि के पुत्र कश्यप हुए,

कश्यप के पुत्र विवस्वान थे,

विवस्वान के वैवस्वत मनु हुए.वैवस्वत मनु के समय जल प्रलय हुआ था,

वैवस्वतमनु के दस पुत्रों में से एक का नाम इक्ष्वाकु था, इक्ष्वाकु ने अयोध्या को अपनी राजधानी बनाया और इस प्रकार इक्ष्वाकु कुलकी स्थापना की

इक्ष्वाकु के पुत्र कुक्षि हुए,

कुक्षि के पुत्र का नाम विकुक्षि था,

विकुक्षि के पुत्र बाण हुए,

बाण के पुत्र अनरण्य हुए,

अनरण्य से पृथु हुए,

पृथु से त्रिशंकु का जन्म हुआ,

त्रिशंकु के पुत्र धुंधुमार हुए,

धुन्धुमार के पुत्र का नाम युवनाश्व था, युवनाश्व के पुत्र मान्धाता हुए,

मान्धाता से सुसन्धि का जन्म हुआ,

सुसन्धि के दो पुत्र हुए- ध्रुवसन्धि एवं प्रसेनजित,- ध्रुवसन्धि के पुत्र भरत हुए,

भरत के पुत्र असित हुए,

असित के पुत्र सगर हुए,

सगर के पुत्र का नाम असमंज था,

असमंज के पुत्र अंशुमान हुए,

अंशुमान के पुत्र दिलीप हुए,

दिलीप के पुत्र भगीरथ हुए, भागीरथ ने ही गंगा को पृथ्वी पर उतारा था.भागीरथ के पुत्र ककुत्स्थ थे

ककुत्स्थ के पुत्र रघु हुए, रघु के अत्यंत तेजस्वी और पराक्रमी नरेश होने के कारण उनके बाद इस वंश का नाम रघुवंश हो गया, तब से श्री राम के कुल को रघु कुल भी कहा जाता है रघु के पुत्र प्रवृद्ध हुए, प्रवृद्ध के पुत्र शंखण थे, शंखण के पुत्र सुदर्शन हुए, सुदर्शन के पुत्र का नाम अग्निवर्ण था,

अग्निवर्ण के पुत्र शीघ्रग हुए,

शीघ्रग के पुत्र मरु हुए,

मरु के पुत्र प्रशुश्रुक थे,

प्रशुश्रुक के पुत्र अम्बरीष हुए,

अम्बरीष के पुत्र का नाम नहुष था, नहुष के पुत्र ययाति हुए,

ययाति के पुत्र नाभाग हुए,

नाभाग के पुत्र का नाम अज था,- अज के पुत्र दशरथ हुए,

दशरथ के चार पुत्र राम, भरत, लक्ष्मण तथा शत्रुघ्न हुए। इस प्रकार ब्रह्मा की उन्चालिसवी (39) पीढ़ी में श्रीराम का जन्म हुआ।

(प्रस्तुति आरएस सिंह)

# नवरात्रि से प्राप्त होती है शक्ति

**पूनम नेगी**

**नवरात्र** शक्ति के आवाहन का देवपर्व है। शक्ति के अवतरण के लिए आधारभूमि तैयार करने का दिव्य साधनाकाल। कलश स्थापना के साथ सुमधुर घंटा ध्वनि व धूप-बत्ती की सुगंध के साथ नौ दिन तक देवी दुर्गा की स्तुति के नवरात्र काल को अध्यात्म के क्षेत्र में मुहूर्त विशेष की मान्यता प्राप्त है।

यह नौ दिवसीय विशिष्ट साधनाकाल मुख्यरूप से साल में दो बार आता है-चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक वासंतिक नवरात्र एवं आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक शारदीय नवरात्र। सनातन हिंदू संस्कृति में नवरात्र की संकल्पना बहुत सोच-विचार कर की गयी है। ऋतु परिवर्तन के बोधक चैत्र व आश्विन माह हमारी दो मुख्य फसलों रबी व खरीफ के उत्पादन के होते हैं।

नयी कृषि उपज के हवन के द्वारा मां शक्ति की आराधना का विधान हमारे मनीषियों की अनुपम जीवन दृष्टि का परिचायक है। जहां प्रस्तुत वासंतिक नवरात्र से भारतीय नववर्ष (नव संवत्सर) का शुभारम्भ होता है, वहीं शारदीय नवरात्र में देशभर में दुगापूर्जा की धूम रहती है।

वैदिक दर्शन के अनुसार पदार्थ अपने मूल रूप में वापस आकर फिर से अपनी रचना करता है। इसीलिए हमारे ऋषियों ने नवरात्र को प्राणों का उत्सव माना है, जिसके द्वारा महिषासुर (जड़ता), शुम्भ-निशुम्भ (अहंकार और शर्म) और मधु-कैटभ (राग और द्वेष) को नष्ट किया जा सकता है और मनोग्रस्तता (रक्तबीज), तर्क-वितर्क (चंड-मुंड) और कुदृष्टि (धूम्रलोचन) को केवल प्राण ऊर्जा के स्तर को ऊपर उठाकर ही दूर किया जा सकता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गंगा-यमुनी तहजीब को समेटे अपने नाम के अनुरूप है रामगढ़



**अमित सिन्हा, ब्यूरो प्रमुख**

## राममय में हुआ रामगढ़

रामगढ़। झारखंड का रामगढ़ जिला अपनी खनिज संपदा और ऐतिहासिक माता छिन्नमस्तिके मंदिर के लिए पूरे भारत में प्रसिद्ध है। झारखंड का रामगढ़ जिला अपनी खनिज संपदा और माता छिन्नमस्तिके मंदिर के लिए तो प्रसिद्ध है ही। इसके अलावे रामगढ़ अपने नाम के अनुरूप होते हुए सदैव मयार्दा का उदाहरण प्रस्तुत करता रहा है यहां की संस्कृति भी गंगा-यमुनी तहजीब की मिसाल रही है जहां हिन्दू मुस्लिमों के मुहर्रम जुलूस में शामिल होते रहे हैं। जबकि मुस्लिम भी हिन्दुओं के रामनवमी जुलूस में शामिल होते रहे हैं।

पूर्व के वर्षों में पुराने कई राजनीतिक नेता व समाजसेवी मुस्लिमों के त्योहार में होते रहे शामिल

पूर्व के वर्षों में पूर्व विधायक यमुना शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा एवं अन्य गणमान्य लोग मुस्लिमों के त्योहार में शामिल होते रहे थे।

पूर्व विधायक शब्बीर अहमद कुरैशी उर्फ भेड़ा सिंह हिन्दुओं के त्योहार में होते थे शामिल

रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मरहूम शब्बीर अहमद कुरैशी उर्फ भेड़ा सिंह हिन्दुओं के रामनवमी के जुलूस में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। साथ ही उनके भाई मरहूम नजीर अहमद कुरैशी रामनवमी के जुलूस में हनुमान जी का वेश धारण कर शामिल होते थे। उनके द्वारा हनुमान जी का वेश धारण करना लोगों को काफी पसंद आता था।

अब भी रामगढ़ की हिन्दू-मुस्लिम एकता की दी जाती है मिसाल

झारखंड के रामगढ़ जिले में वर्तमान समय में भी हिन्दू और मुस्लिम समाज में एकता देखने को मिलती है जो पूरे देश के लिए एक मिसाल है।

हनुमान जी का झंडा बनाते हैं नाजो मियां

नाजो मियां कई वषों से रामगढ़ में रामनवमी का झंडा बनाने का कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने कहा कि उनका परिवार हमेशा से हिन्दू मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने का कार्य करता आया है, जिसे वह आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।

मंगला जुलूस का अंजुमन कमेटी सौदागर मुहल्ला ने किया स्वागत

गत दिनो श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति द्वारा आयोजित मंगला जुलूस का अंजुमन कमेटी ने पुष्प वर्षा का स्वागत करते हुए रामगढ़ में हिन्दू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने का कार्य किया था। साथ ही मंगला जुलूस में शामिल लोगों का शीतल पेयजल से स्वागत किया। जिसकी सभी प्रशंसा कर रहे हैं।

रामनवमी जुलूस का भी अंजुमन कमेटी करेगी स्वागत

रामनवमी पर शहर में निकलने वाले जुलूस का भी अंजुमन कमेटी सौदागर मुहल्ला द्वारा स्वागत किया जाएगा। साथ ही अंजुमन कमेटी नईसराय भी रामनवमी जुलूस का स्वागत करेगी।

# असली आग से जलते जंगल और नकली बारिश

**मनोज शर्मा**

**पर्यावरण**

पर्वतीय राज्य उत्तराखंड से एक बार फिर प्राकृतिक आपदा के समाचार हैं। इस बार आपदा बाढ़, अत्यधिक बारिश, बर्फ और भूस्खलन की नहीं, बल्कि दावानल के धधक उठने की है। हर साल की तरह इस बार भी मार्च-अप्रैल का सूखा सीजन आते ही यहां के बड़े इलाके में जंगल आग की लपटों में घिर गए हैं। दावा किया जा रहा है कि इस राज्य में लगभग 1.5 हजार हेक्टेयर भूमि पर लगे वनों को विनाशक आग स्वाहा करने को आमादा है। संकट सिर्फ जंगलों के खत्म हो जाने का नहीं है, बल्कि इससे वन्य जीव-जंतुओं, बहुमूल्य वनस्पतियों, इमारती लकड़ी के अलावा समूचे पर्यावरण और जैव विविधता के खतरे में पड़ जाने का है। यही कारण है कि इस मामले का संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से त्वरित कार्रवाई करने और जरूरी होने पर कृत्रिम वर्षा का सहारा लेने की बात कही है। वैसे तो जंगल की आग थामने के कई और उपाय हैं। सरकारें और वन विभाग उन्हें अमल में लाने और दावानल पर अंकुश रखने का दावा भी करते रहे हैं, लेकिन कृत्रिम वर्षा से जंगल की आग रोकने का विचार अपेक्षाकृत नया माना जाएगा क्योंकि देश में अभी इसके उदाहरण आम तौर पर नहीं मिले हैं।

इस विषय पर एक जनहित याचिका दायर की गई। इस याचिका पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वैसे तो कई उपायों पर अमल नहीं होने को लेकर राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया। जैसे, यह पूछा कि वर्ष 2017 में उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग के दौरान राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) द्वारा जारी 12 बिंदुओं वाले दिशानिर्देशों पर आज तक अमल क्यों नहीं हुआ। अदालत ने इन दिशानिर्देशों को 6 महीने में लागू करने का निर्देश दिया। साथ ही वनाग्नि से निपटने के लिए स्थायी व्यवस्था करने का सुझाव देते हुए राज्य सरकार से पूछा कि क्या वह इस आग पर काबू पाने के लिए कृत्रिम वर्षा तकनीक का सहारा ले सकती है। इस सुझाव पर अमल की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए अदालत ने यह सावधानी बरतने को भी कहा कि कहीं कृत्रिम वर्षा से राज्य की भौगोलिक अवस्था पर कोई असर तो नहीं पड़ेगा। अदालत की इस सूझबूझ की सराहना की जानी चाहिए क्योंकि उसने उत्तराखंड की भौगोलिक संरचना को ध्यान में रखते हुए ही कृत्रिम वर्षा तकनीक की आजमाइश के संबंध में सलाह दी है। इस समझदारी की जरूरत इसलिए है क्योंकि कई अन्य देशों (खासतौर से चीन) के उदाहरणों का हवाला देकर हमारे देश में कृत्रिम वर्षा कराने की मांग अक्सर की जाती रही है। इसके लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के प्रोजेक्ट पर आईआईटी ने तैयारी पूरी कर ली थी।

कृत्रिम बारिश कराने के लिए इसरो (इंडियन साइंस एंड रिसर्च आर्गेनाईजेशन) से एयरक्राफ्ट मिलने और आईएमडी (भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र) से डाटा आईआईटी कानपुर को उपलब्ध कराने का दावा भी किया गया था। कहा जा रहा था कि कृत्रिम बारिश की मदद से हवा के जहरीले कणों की सघनता कम हो जाएगी, जिससे यहां की हवा सांस लेने के योग्य हो जाएगी। हालांकि इस योजना पर अमल नहीं हो सका, लेकिन अब यह विचार एक बार फिर उत्तराखंड हाईकोर्ट द्वारा जंगल की आग बुझाने के संदर्भ के साथ चर्चा में आ गया है।

## युद्ध अपराधी पुतिन



साभार कार्टून मूवमेंट

## स्पीड न्यूज

### कर्मियों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एंप्लॉय फेडरेशन के प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर कर्मचारियों के 11 सूत्री ज्वलंत एवं न्यायोचित मांगों को लेकर पांच चरणों में आंदोलन किया जा रहा है। कर्मियों ने शुक्रवार को पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता को मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। फेडरेशन के माध्यम से राज्य के सभी सरकारी कर्मी अन्य राज्य कर्मियों की भांति शिक्षकों को भी एमएसीपी का लाभ देने, सेवानिवृत्ति की आयु सीमा 62 वर्ष करने तथा केंद्रीय कर्मचारियों की भर्ती राज्य कर्मियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता देने की मांग प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन सौंपने वालों में शिक्षक विकेश कुमार ठाकुर, कालेश्वर महतो, अशरफ अंसारी, गुरु शरण महतो, जिला संयुक्त सचिव सीताराम साव, जिला प्रवक्ता अनुज खत्री, रविन्द्र रविदास, बिनेश्वर महतो, अंजय कुमार, आनंद कुमार चितलांगिया, विजय राम, अशोक ठाकुर, गोविंद कुमार सिंह, कुमार अभिनव, नारायण ठाकुर, मुकुल प्रसाद आदि शामिल थे।

### कोयलाकर्मियों को आशीष ने दी बधाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल बरका-सयाल ने कोयला उत्पादन में बेहतर प्रदर्शन कर इतिहास रचने का काम किया है, इसके लिए महाप्रबंधक अजय सिंह सहित समस्त कोयलाकर्मी बधाई के पात्र हैं। अजय सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों के कुशल नेतृत्व और कोयलाकर्मियों के परिश्रम से यह मुकाम हासिल हुआ है, यह क्षेत्र के लिए खुशी की बात है। उक्त बातें ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन सह कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बरका-सयाल के क्षेत्रीय सचिव डॉ. आशीष कुमार ने बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह सहित विभिन्न परियोजनाओं के पीओ को बधाई देते हुए कही।

### कुजू : सड़क हादसे में वृद्ध की मौत



**कुजू।** लकड़ीगेट फोरलेन सड़क पर शनिवार सुबह सीमेंट लदा 14 चक्का ट्रक की चपेट के आकर एक 72 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गयी। ट्रक असंतुलित होकर सड़क के किनारे पलट गया। घटना के बाद आस-पास के ग्रामीण सीमेंट को लूटने में जुट गए। लकड़ी गेट 6 नंबर निवासी सेवानिवृत सीसीएल कर्मी खीरू रविदास( 72 वर्ष) पिता स्व बुटन रविदास टहल रहे थे। इसी बीच टाटा से सीमेंट लेकर हजारीबाग जा रही ट्रक संख्या जेएच 10 सीए 0342 ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बुजुर्ग पास के गड्ढे में जा गिरा और उसकी मौत हो गई। इधर, सूचना बाद पहुंची कुजू पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। वही चालक और उपचालक फरार हो गया।

### मांडू प्रखंड झामुमो कमेटी की बैठक



कुजू। झारखंड मुक्ति मोर्चा का मांडू प्रखंड समिति के विस्तार को लेकर शनिवार को मुरपा स्थित अक्षत बैंकवेट हॉल में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, अलख कुमार मांझी उर्फ सोनाराम मांझी, भुनेश्वर महतो उर्फ भुन्नू, चित्रगुप्त महतो, मधु साव, एतो बास्के, गीता विश्वास, पिंकी बेसरा, मो साजिद, वरतु, करमाली, गुलाम नबी, विजय राय, सगीर हुसैन, योधेश्वर सिंह भोक्ता शामिल हुए। इस दौरान सर्वसम्मति से मांडू प्रखंड कमिटी के विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में अकल उरांव, उपाध्यक्ष मोहरलल महतो, राजू रहमान, सचिव सुरेशचंद्र पटेल, सह सचिव कन्हैया रविदास, प्रदीप सोरेन, अर्जुन राम, सदाम हुसैन, कोषाध्यक्ष राजनाथ महतो का चयन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मांडू प्रखंड कमेटी के विस्तार में जो सदस्यों का चयन किया गया है, वह आने वाले समय मे पूरे मांडू प्रखंड में झामुमो को एक गति देने का काम करेंगे।

### श्री-श्री महावीर मंडल की झांकी आज



कुजू। महावीर मंडल ने कुजू बस्ती में रामनवमी शोभायात्रा को लेकर बैठक की। इसकी अध्यक्षता बिनोद प्रसाद उर्फ पहाड़ी ने किया। बैठक में रविवार को शोभा यात्रा के रूट चार्ट की जानकारी दी गई। पहाड़ी ने बताया कि इस बार शोभायात्रा में आकर्षक व हैरतअंगेज तलवारबाजी की टीम को बुलाया गया है। साथ ही शोभायात्रा में नागाड़ा टीम भी शामिल होंगे।अध्यक्ष बिनोद प्रसाद ने बताया की शोभायात्रा शाम 4 बजे निकाला जाएगा, जो दुर्गा मंदिर, कुजू चौक, छोटानागपुर पेट्रोल पंप होते हुए कुजू बस्ती, डटमा मोड़, कामधेनु पेट्रोल पंप से पुनः अखाड़ा आकर समाप्त होगी।

### छिन्नमस्तिके मंदिर में मां महागौरी की पूजा



**रजरप्पा।** चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर शनिवार की सुबह से ही रजरप्पा स्थित शक्तिपीठ छिन्नमस्तिके मंदिर समेत यहां के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। भक्तगण माता दर्शन व पूजा-अर्चना में लीन रहे। नवरात्र को लेकर माता के मंदिर को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया है। इधर, हवन कुंडों में नवरात्र अनुष्ठान कर रहे कुंडों से ज्योति प्रज्वलित होने के कारण माहौल भक्तिमय हो गया है। झारखंड समेत बिहार व बंगाल से भी श्रद्धालुगण माता की पूजा के लिए यहां पहुंचे। मंदिर के पुजारी छोटू पंडा के अनुसार, इस तिथि को महाष्टमी या दुर्गाष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। महागौरी की पूजा महाष्टमी के दिन करने से व्यक्ति को सौभाग्य की प्राप्ति होती है। महागौरी की पूजा करने से भक्तों के हर कष्ट दूर होते हैं। मां भक्तों पर अपनी कृपा बरसाती हैं। मां महागौरी को नारियल और हलवे का भोग लगाया गया। वहीं घर पर लोगों ने माता का पाठ कर पूजा अर्चना की।

# कभी ताशे की थाप पर झूमता था हजारीबाग

**अभय कुमार सिंह**

## रामनवमी पर विशेष

**रमेश मिस्त्री अखाड़ों में बजाता था ताशा, अब चला रहा चाय की दुकान**




**हजारीबाग ।** हजारीबाग की पुरानी गलियों में जब रामनवमी या शादी का मौसम आता था, तो एक अलग ही ऊर्जा बहती थी। ताशे की थाप, नगाड़े की गूंज, और ढोल की लय में पूरा शहर नाच उठता था। मंदिरों के घंटे, घरों की सजावट और मोहल्लों में गूंजती बैंड की धुनें लोगों को जोड़ती थीं, जैसे हर बीट पर रिश्ते बनते हों।तब त्योहार सिर्फ उत्सव नहीं था, रोजगार था, पहचान थी, और सबसे बड़ी बात, अपनापन था। फिर आया एक ऐसा दौर, जब थापों की जगह शोर ने ले ली। जब डीजे का जमाना छाया, तो ताशे बजाने वाले रमेश मिस्त्री जैसे कलाकारों की दुनिया ही बदल गई। रमेश, जो बरसों से अपनी पीढ़ी की परंपरा निभाते हुए अखाड़ों में ताशा बजाता था, अब चाय की दुकान चला रहा है। पूछने पर बस इतना कहता है, अब लोग तेज आवाज और चमक में सब भूल गए हैं‍ हम क्या हैं, किसी को याद नहीं। और यही सबसे बड़ा अफसोस है कि हजारीबाग जैसा सांस्कृतिक शहर, जिसकी धड़कन कभी परंपरा थी, वो अब सिर्फ. बिजली के तारों में उलझ गया है। पर अब भी देर नहीं हुई..आज अगर शहर तय कर ले कि जुलूसों में, बारातों में, त्योहारों में डीजे की जगह बैंड-बाजे को प्राथमिकता देगा तो न जाने कितने रमेश फिर से अपने ताशे को सहेज लेंगे। न जाने कितनी ममता देवी, जो बैंड वालों के कपड़े सीती थीं, फिर से सिलाई मशीन पर लौट आएंगी।

कल्पना कीजिए...रामनवमी की रात है, जुलूस निकल रहा है। चमकते डीजे नहीं, बल्कि रंग-बिरंगे परिधानों में कलाकार ताशे और ढोल की संगत पर झूम रहे हैं। बच्चे ताली बजा रहे हैं, बुजुर्ग आंखों में नास्टालजिया लिए छतों से झांक रहे हैं। और सबसे बढ़कर, हर बीट पर एक कलाकार का घर रोशन हो रहा है।यही तो असली साउंड सिस्टम है जो दिलों को जोड़ता है। तो क्या हम यह साहस कर सकते हैं? कि अगली बार जब कोई जुलूस निकले, हम डीजे की जगह ताशा मांगें? क्या हम उस थाप को फिर से हजारीबाग की रगों में दौड़ा सकते हैं? क्योंकि इस थाप में केवल संगीत नहीं, संस्कृति भी है। और संस्कृति में ही भविष्य की नींव छिपी होती है।

# रामनवमी की तैयारी में जुटे सांसद मनीष जायसवाल

**अमृतनगर, सखिया और डेमोटांड़ में 66 अखाड़ा धारियों को दिया तलवार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** रामनवमी के पावन पर्व को लेकर हजारीबाग में उत्साह चरम पर है। इसी कड़ी में हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल इन दिनों परंपरागत अस्त्र-शस्त्रों के वितरण और अभ्यास के माध्यम से सनातन परंपरा को पुर्नजीवित करने में जुटे हैं। शनिवार को तेज धूप और 32 डिग्री तापमान के बीच सांसद मनीष जायसवाल ने सदर विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों पर हथियार वितरण शिविरों में भाग लिया। उन्होंने अखाड़ा धारियों के साथ लाठी और तलवार संचालन में खुद हिस्सा लिया और लोगों को पारंपरिक कला के संरक्षण का संदेश दिया। सांसद ने अमृतनगर, सखिया और डेमोटांड़ में 66 अखाड़ाधारियों को हथियार भेंट किए। साथ ही क्षेत्र की 8 बेटियों को शादी से पूर्व आकर्षक लहंगे देकर उन्हें शुभकामनाएं भी दीं।

इसके बाद वे छड़वा और कटकमसांडी पहुंचे, जहां 62 और कटकमदाग में 37 अखाड़ाधारियों को लाठी-तलवार प्रदान किए गए। उन्होंने इस अभियान के माध्यम से रामनवमी की ऐतिहासिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने का संकल्प दोहराया। सांसद ने अपील की कि त्योहार को नशामुक्त और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं और परंपराओं से जुड़ाव बनाए रखें। अभियान में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। सभी ने सांसद की पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रयास बताया।

### जनता मजदूर संघ ने तीन डॉक्टरों को किया सम्मानित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जनता मजदूर संघ द्वारा सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के तीन चिकित्सकों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए संघ द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में एएमओ डॉ. अनूप कुमार टोप्पो, डॉ. सुनील कुमार और डॉ. राजेश कुमार को यूनियन की भुरकुंडा शाखा के सचिव बैजनाथ कुमार द्वारा पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा मरीजों को समर्पित सेवा और अस्पताल में बेहतर चिकित्सा व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिया गया। इस अवसर पर बैजनाथ कुमार ने इन डॉक्टरों का योगदान अस्पताल को बेहतर बनाने और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा देने में अहम रहेगा। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में भी ये चिकित्सक अपने सेवा भाव से क्षेत्र के लोगों को लाभान्वित करते रहेंगे। समारोह में राहुल झा, भौमिक,

## महावीरी पताकों से पटा भुरकुंडा बाजार



भुरकुडा (रामगढ़)। रामनवमी को लेकर शनिवार को भुरकुंडा बाजार महावीरी पताकों से पटा। मेनरोड स्थित दुकानो में महावीरी पताका और पुजा सामग्री की खरीददारी के लिये लोगों की भीड़ उमड़ी। रामनवमी को लेकर लोगो ने महावीरी पताका, रोडी, सिन्दूर, पान पत्ता सहित अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी करते देखे गये। वहीं रामनवमी को लेकर भुरकुंडा बाजार के पुजन सामग्री के दुकानों में खरीददारो के लिए भींड उमड़ी रही। रविवार को भुरकुंडा सहित ग्रामीण क्षेत्रो से दर्जनों अखाडो और समितियों द्वारा आकर्षक झांकी निकाला जायेगा।

## रामनवमी को लेकर दारू में फ्लैग मार्च



**दारू।** रामनवमी के अवसर पर दारू प्रखंड में प्रशासन ने शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु फ्लैग मार्च निकाला। शनिवार को सीओ राम बालक कुमार, बीडीओ हारून रशीद और थाना प्रभारी सफीक खान के नेतृत्व में दारू थाना से झुमरा डीपू चौक तक मार्च हुआ। पुलिस बल के जवानों के कदमताल और वाहनों की सायरन से आमजन को सुरक्षा का विश्वास मिला। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य लोगों में आत्मविश्वास जगाना और असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देना था कि प्रशासन हर स्थिति से निपटने को तैयार है। अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। रामनवमी पर निकलने वाली शोभायात्राओं को लेकर सतर्कता बढ़ाई गई है और हर क्षेत्र में निगरानी की व्यवस्था की गई है। प्रशासन की यह पहल क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।




**रामगढ़ के डीसी ने छिन्नमस्तिका मंदिर में टेका मत्था**

**रामगढ़। रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर में अष्टमी की पूजा को लेकर शनिवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। डीसी चंदन कुमार ने अधिकारियों के साथ रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर में की पूजा-अर्चना।**

### टोकीसूद कोल ब्लॉक 2 को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**रामगढ़।** पतरातू प्रखंड में टोकीसूद कोल ब्लॉक 2 चालू करने को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में हुयी बैठक बैठक में उपायुक्त को कोल ब्लॉक चालू करने में समस्याओं से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान भूअर्जन, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, टोकीसूद ब्लॉक 2 कोल परियोजना के पदाधिकारियों व ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गई। ग्रामीणों ने समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा । उपायुक्त एवं परियोजना के अधिकारियों ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। परियोजना चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधायक ने अखाड़ा धारियों को दिया झंडा और लाठी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधानसभा अंतर्गत पतरातू प्रखंड के भुरकुंडा मंडल में बड़कागांव विधानसभा के भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी के सौजन्य से श्री रामनवमी जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को अखाड़ा समिति के लोगों के बीच झंडा और डंडा वितरण किया गया। बताया कि भुरकुंडा मंडल में पारंपरिक कला के प्रदर्शन को बरकरार रखने के उद्देश्य से भुरकुंडा जवाहर नगर स्थित मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के, आवासीय कार्यालय में अखाड़ा समिति के लोगों के बीच झंडा और डंडा वितरण किया गया है। झंडा और डंडा वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, जुगल नायक, योगेश दांगी, अमरेश सिंह, राजन पांडेय, ज्योति सिंह, अशोक सोनी, अजय पासवान, सुभाष दास, कमलेश सिन्हा, अखिलेश टोप्पो, बाबूलाल नायक, विनोद सिंह, सुरेंद्र यादव, अभिषेक मिश्रा, मिंटू कुमार सोनी, आकाश साहू और सभी भाजपा कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा। इधर भाजपा भदानीनगर मंडल में भी मंडल अध्यक्ष सागर दांगी द्वारा अखाड़ा समिति के लोगों के बीच झंडा और डंडा का वितरण करते हुए रामनवमी की शुभकामनाएं दी गई।

## एक नजर में

### जगजीवन राम को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



हजारीबाग। कृष्ण बल्लभ आश्रम में आयोजित हुआ कार्यक्रम

हजारीबाग। जिला कांग्रेस कार्यालय, कृष्ण बल्लभ आश्रम में शनिवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की 117वीं जयंती सादगी और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत बाबूजी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने कहा कि बाबू जगजीवन राम भारतीय राजनीति के एक मजबूत स्तंभ रहे हैं। वे देश के उन चुनिंदा केंद्रीय मंत्रियों में शामिल रहे, जिन्होंने सबसे लंबा कार्यकाल संभाला। उन्होंने समाज के वंचित वर्गों, खासकर दलित समुदाय के लिए ऐतिहासिक कार्य किए, जिससे उन्हें एक दृढ़ और दूरदर्शी नेता के रूप में पहचान मिली। निसार खान ने कहा, बाबूजी की सबसे बड़ी खासियत थी—उचित समय पर सही निर्णय लेना। यही सूझबूझ उन्हें भीड़ से अलग करती थी कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, वरिष्ठ नेता लाल बिहारी सिंह, मिथिलेश दुबे, उपाध्यक्ष कृष्णदेव प्रसाद सिंह, युवा कांग्रेस की प्रदेश महासचिव कोमल कुमारी, महासचिव दिलीप कुमार रवि समेत कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। अन्य प्रमुख उपस्थितजनों में सदरूल होदा, विजय कुमार सिंह, अजय गुप्ता, कैलाश पति देव, रविन्द्र प्रताप सिंह, अनिल कुमार भुईंया, देवधारी प्रसाद मेहता, अमर सिंह यादव, पंचम पासवान, चन्द्र शेखर आजाद, बहादुर सागर और कौशल कुमार सिंह शामिल थे। कार्यक्रम में बाबू जगजीवन राम के योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने उन्हें सामाजिक न्याय और समानता का प्रतीक बताया।

### लखना देवी मंडप में दुगोला प्रतियोगिता




**बरही।** लखना दुलमाहा स्थित सार्वजनिक देवी मंडप में नौ दिवसीय यज्ञ और चैत्र नवरात्र के अवसर पर सप्तमी की रात भव्य दुगोला कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में झारखंड के लोकप्रिय भजन गायक उदय हलचल (पलामू) और लोरिक यादव (गढ़वा) के बीच रोचक भक्ति संगीत मुकाबला हुआ, जिसे सुनकर श्रोता पूरी रात झूमते रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन समाज की लोक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं। यह युवाओं को भी अपनी जड़ों से जोड़ने का एक माध्यम है। दुगोला में दोनों गायक दलों ने भक्ति गीतों के माध्यम से ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रोता भावविभोर हो गए। पूरा गांव भक्तिमय गीतों की गूंज से संगीतमय हो गया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया नारायण यादव, पूजा समिति अध्यक्ष सुधीर यादव, सचिव टेकलाल साव, कोषाध्यक्ष पप्पू यादव समेत कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और सैकड़ों ग्रामीण श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### एनटीपीसी के जीएम से मिले विवेक सोनी



**बड़कागांव।** रामनवमी महासमिति बड़कागांव के अध्यक्ष विवेक सोनी ने एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कॉल खनन परियोजना के जीएम फैज तैयब से मुलाकात कर बड़कागांव में रामनवमी और विजयदशमी के जुलूस और झांकी में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। इसके अलावा बड़कागांव रामनवमी को लेकर चर्चा किया गया। इस संबंध में एनटीपीसी के जीएम फैज तैयब ने महासमिति को हर संभव मदद करने का बात कहा साथ ही दशमी के जुलूस में उपस्थित होने की भी बात कही। मौके रामनवमी पूजा महासमिति सचिव बैजनाथ महतो,उपाध्यक्ष शिवशंकर उर्फ शिबू मेहता,संगठन सचिव सतेंद्र गुप्ता,मीडिया प्रभारी पिंटू कुशवाहा,उप सचिव अभिषेक तिवारी,उदय मेहता आदि उपस्थित थे।

### महामाया मंदिर में रामभक्तों ने किया शस्त्र पूजन



**विष्णुगढ़।** प्रखंड के कई पंचायतों के रामभक्तों ने महाष्टमी के अवसर पर बनासो स्थित माँ महामाया बागेश्वरी मंदिर में पारंपरिक शस्त्र पूजन कर रामनवमी की तैयारी का शुभारंभ किया। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था मां बागेश्वरी के दरबार पहुंचा, जहां विधिवत रूप से शस्त्रों की पूजा की गई। पदयात्रा की शुरूआत रमुआ दुर्गा मंदिर से हुई, जो करोंज मोड़ होते हुए बनासो मंदिर तक पहुँची। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मांडू विधायक निर्मल कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बनासो पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने महासमिति के पदाधिकारियों और अतिथियों को माला और अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए श्रद्धालुओं को कोल्ड ड्रिंक वितरित किया। शांति व्यवस्था के लिए बीडीओ अखिलेश कुमार और थाना प्रभारी सपन महथा पूरे मार्ग पर तैनात रहे। कार्यक्रम में कई गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, दुर्गा वाहिनी की मातृशक्ति एवं सैकड़ों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए।

### उत्तरवाहिनी जमुनिया नदी पर हुई महाआरती

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ स्थित पवित्र उत्तरवाहिनी जमुनिया नदी तट पर सप्तमी की संध्या को धरा तरंगिणी महाआरती का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विष्णुगढ़ रामनवमी महासमिति और आयोजन समिति द्वारा किया गया। नदी के एक ओर भगवान भास्कर का नव निर्मित मंदिर और दूसरी ओर आदिदेव महादेव व माता पार्वती का प्राचीन मंदिर स्थित है। इन पावन स्थलों के मध्य बहती नदी की धारा ने आयोजन को अत्यंत मनोहारी बना दिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्य पुरेन्द्र पांडेय और उनके सहयोगियों ने माँ गंगे की आरती कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सैकड़ों श्रद्धालुओं, महिला-पुरुषों ने इस आरती में भाग लिया और भक्ति भाव से सराबोर नजर आए। महाआरती में विपिन सिन्हा, डॉ. ओमकार शर्मा, विनोद सिंह, दीपू भाई समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### रामनवमी मेला का प्रशासन ने लिया जायजा

**बरही।** पंचमाधव में रामनवमी मेले की तैयारियों का जायजा अधिकारियों ने शनिवार को लिया। बीडीओ जयपाल महतो और सीओ अमित किस्कू ने मेला स्थल पर जाकर रामनवमी महासमिति के सदस्यों से विधि-व्यवस्था संबंधी तैयारियों पर चर्चा की। पूजा महासमिति अध्यक्ष पुरन राम, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, सचिव अरविंद शर्मा और अन्य लोगों की मौजूदगी में अधिकारियों ने सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार शोभायात्रा, मेला व झांकियां निकालने की अपील की। महासमिति ने मेला शांतिपूर्ण और भव्य रूप में आयोजन का भरोसा दिलाया। इस बार बसरिया, कोलंगा, धोबियाडीह, शिवपुर, सालोन और जारहिया के अखाड़े अपने जुलूस, झांकियां और महावीरी पताकाओं के साथ मेला स्थल पर जुटेंगे।

## स्पीड न्यूज

### महिला पर्यवेक्षिकाओं व सेविकाओं के बीच डीसी ने किया स्मार्टफोन का वितरण



गुमला। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने शनिवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से आंगनबाड़ी से संबंधित कार्यों को तेजी और सरलता से किया जा सकेगा। इससे पोषण ट्रैकर, टीएचआर का फेस ऑथेंटिकेशन, आधार सीडिंग जैसे कार्यों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित होगा। डीसी ने बताया कि महिला पर्यवेक्षिकाएं अब ऐप के माध्यम से आईसीडीएस की सेवाओं की निगरानी करेंगी। इससे कार्य प्रणाली पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। सरकार का यह प्रयास सेविकाओं और पर्यवेक्षिकाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे रोजाना के कार्यों को जिला एवं विभागीय स्तर पर साझा करना आसान होगा और सेवा प्रदायगी की गुणवत्ता बेहतर होगी।

### विद्या निकेतन विद्यालय रन्हे में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन



घाघरा। विद्या निकेतन विद्यालय रन्हे में शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे, विशिष्ट अतिथि मुखिया गीता कुमारी, पूर्व सैनिक विलियम कुजूर, समाजसेवी शीला कुजूर व प्राचार्य सुवेंदु पल्लव के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के बच्चों के द्वारा अतिथियों का स्वागत पारंपरिक नृत्य व गान से किया गया। अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि घाघरा प्रखंड में इतने कम मूल्य पर बेहतर शिक्षण व्यवस्था की जिम्मेवारी विद्या निकेतन परिवार ने लिया है। वह काबिले तारीफ है और हम प्रखंड वासियों के लिए गौरव की बात है। नशा मुक्ति नाटक के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश देकर बच्चों ने अपने माता-पिता को भी जागृत करने का कार्य किया है। मुख्य अतिथि अनिरुद्ध चौबे के द्वारा बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गीता कुमारी, विलियम कुजूर, शीला कुजूर, सुवेंदु पल्लव, निकिता कुमारी, काजल कुमारी, दयाल उरांव, विष्णु, रमती देवी व दशरथ उरांव व अन्य मौजूद थे।

### संगठन को मजबूत बनाने के लिए उर्जावान कार्यकर्ताओं को जोड़ा जायेगा : राजनील



गुमला। संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बिशुनपुर प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक पड़ा भवन में प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि गुमला राजनील तिग्गा शामिल हुए। मौके पर राजनील तिग्गा ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के राजू जी एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड कमेटी से लेकर बूथ कमेटी तक संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। संगठन में ईमानदारी से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को उचित मान सम्मान दिया जाएगा। साथ ही संगठन में ऊर्जावान साथियों को जोड़ने का काम किया जाएगा। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत, जय सिंह, सूदिप तिग्गा, अमित कुजूर, फिलिप तिग्गा, बंधन मुंडा, नरेंद्र मुंडा, रविंद्र लोहारा, अमित विमल टोप्पो, कैन्यूट कुजूर, अंकित, संजय बाड़ा, सीताराम मुंडा, दिपदयाल सारस, उषा केरकेट्टा, विनोद उरांव, कमलेश उरांव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बसिया में चैती दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का हुआ उद्घाटन



बसिया। बसिया प्रखंड क्षेत्र के कलिगा गांव में आयोजीत श्री चैती दुर्गा पूजा पंडाल का शुक्रवार देर शाम समाज सेवी सह बाबा राईस मिल के मालिक योगेश कुमार साहू एवं जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उदघाटन किया। मौके पर योगेश साहू ने चैती दुर्गा पूजा समिति कलिगा के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बसिया क्षेत्र में चैती दुर्गा पूजा कि शुरुआत करने के लिए आयोजकों को बहुत बहुत आभार। इस तरह के आयोजन से लोगों में धर्म के प्रति आस्था का संचार होता है। उन्होंने उपस्थित लोगों एवं कलिगा के ग्रामीणों को दुर्गा पूजा कि शुभकामनायें दी। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन वर्षों से कलिगा गांव में चैती दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है। इस दौरान पूरे क्षेत्र के लोग चैती दुर्गा पूजा का आनंद लेने आते हैं। इस अवसर पर विजय सिंह पिंटू, सुनिल साहू, प्रवीन रोशन सिंह, पुरुषोतम राम, प्रदीप साहू, प्रकाश साहू, रामनिवाश पांडे, रामदरश पांडे, सचिता नन्द, शुशांत नन्द, शरद पासवान, रितेश साही, परमानंद राम, दिलीप मिश्रा, घनश्याम महतो, उज्वल मिश्रा, उज्वल महतो, संतोष ठाकुर, आनंद साहू, गौतम महतो, कुंदन साहू, कर्मपाल महतो, पूरन बड़ाइक, भोटा पहान, मुकेश साहू, अशोक साहू, गणेश साहू, चुनेश्वर साहू, नीलेश महतो, जगत महतो, दर्शन साहू व कई लोग मौजूद थे।

## चैती दुर्गा पूजा से गुमला शहर में बहर रही है भक्ति की अविरल धारा

### नवरात्रा के आठवें दिन मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप मां गौरी की हुई पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता





**गुमला।** नवरात्रा के आठवें दिन शनिवार को शक्ति की देवी मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की भक्तों ने पूरे मनोयोग व भक्तिभाव से मंदिरों व पूजा पंडाल में जाकर पूजा अर्चना की। भक्तों ने मां महागौरी की पूजा अर्चना कर अपने सुख-समृद्धि की कामना करते हुए अपने अंदर छुपे बुराईयों को त्यागने का संकल्प लिया। अष्टमी पूजा के अवसर पर पालकोट रोड स्थित आध्या शक्ति पूजा पंडाल व देवीगुड़ी मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। देवीगुड़ी मंदिर परिसर में चैती दुर्गा पूजा समिति व पालकोट रोड में आध्या शक्ति पूजा समिति द्वारा मूर्ति स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा की जा रही है। साथ ही देवी गुडी मंदिर परिसर में रामचरित्र मानस पाठ भी लगातार नवरात्रा से जारी है। चैती दुर्गा पूजा के आयोजन व रामचरित्र मानस पाठ से शहर में भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित हो रहा है। लोग मां के दर्शन व उनकी प्रतिमा के समक्ष मत्था टेकने पहुंच रहे हैं। आचार्य अमित पूरी, हरि शंकर मिश्र, शैलेश मिश्र आदि ने मां के आठवें स्वरूप की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरा किया। पंडित हरिशंकर मिश्रा व अमित पूरी ने कहा कि धर्म ग्रंथो के अनुसार नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर संधिकाल अष्टमी समाप्त होने के अंतिम 24 मिनट और नवमी तिथि के शुरूआती 24 मिनट में देवी दुर्गा ने प्रकट होकर असुर चंड और मुंड का संहार कर संसार की रक्षा की थी। वहीं मध्यरात्रि 11:58 बजे संधि बलि प्रदान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश मंत्री, सचिव सरजू प्रसाद साहू, मुख्य संरक्षक संजीव उर्वशी, गोपाल वर्मा, प्रेम सागर जायसवाल, रामनिवास प्रसाद, राजेश गुप्ता, राजीव कुमार, संजय कुमार, द्वारिका मिश्रा सुमन, विजय सोनी, रंजन सोनी, सुदेश सौरभ, दामोदर कसेरा, श्री गुप्ता, मनमोहन केसरी, श्री चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दुर्जय पासवान, रमेश कुमार, अभिषेक सिंह, धीरज कुमार साहु, रोहित राज, विकास सिंह, अभय राम, अमित जायसवाल, नवनीत केशरी, आर्यन गुप्ता, विकास साहु, राहुल प्रसाद, सौरभ कुमार गुप्ता, राज जायसवाल, अमन सिंह आदि उपस्थित थे।

## चैती दुर्गा पूजा समिति ने डांडिया नृत्य कार्यक्रम का किया आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** चैती दुर्गा पूजा समिति के महिलाओं के द्वारा देवीगुड़ी मंदिर प्रांगण में महासप्तमी के उपलक्ष्य में संध्या बेला में भव्य डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। डांडिया नृत्य में मां की भक्ति व आराधना में रात भर महिलाएं झूमती रही। इस आयोजन में समिति के सभी सदस्य एवं नगर के महिला व पुरुष डांडिया में अपने आप को रोक नहीं पाये एवं नाचते गाते रहे। इस उत्सव में मुख्य संरक्षक विजयलक्ष्मी, डॉ अनुपम कुमारी, रश्मि राज, पूनम जायसवाल, उषा रानी, शोभा देवी, किरण केसरी, उषा चौरसिया, रीना, नम्रता, अंजली देवी, सीमा कुमारी, अर्पिता मुखर्जी, रश्मि उर्वशी, सत्यरानी की भूमिका रही।

## गुमला में रामनवमी की तैयारी पूरी

>> पर्व को लेकर महावीरी झंडे, बांस की हुई जमकर बिक्री, शहर में लगाये गये भगवान श्री राम व बजरंगबली के कटआउट

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** राम भक्त हनुमान की जन्मस्थली गुमला में रामनवमी पर्व की तैयारी पूरी कर ली गई है। रविवार को केंद्रीय महावीर मंडल के नेतृत्व में भव्य रामनवमी जुलूस निकाला जाएगा। जिसमें शहर के 33 अखाड़ा के सदस्य भाग लेंगे। इधर जुलूस को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है और शहर के सभी चौक-चौराहों में सुरक्षा के व्यापक व्यवस्था की गई है। जुलूस पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी। वहीं दूसरी ओर पर्व को लेकर महावीरी झंडा से शहर का हर कोना पटा हुआ है। घरों में रविवार को महावीरी झांडा लगाने के लिए लोग बांसों की खरीदारी करते दिखे। बांस खरीदने के लिए लोगों की भीड़ देखी गई। ाहीं अंतिम दिन महावीरी झंडे की जमकर बिक्री हुई। वहीं श्रीराम भक्त हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम में भी रामनवमी की तैयारी पूरी कर ली गई है। रविवार को भारी संख्या में लोग आंजन धाम पूजा अर्चना करने पहुंचेंगे। आंजनधाम क्षेत्र को भी महावीरी झंडे से पाट दिया गया है। वहीं शहर मुख्यालय में बजरंग बली के बड़े-बड़े कट आउट भी लगाये गये हैं।

### उज्जना बिज्जना योजना के तहत महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने को लेकर हुई बैठक

## जोहार रागी, कस्तूरी और सुपरनोवा जैसे ब्रांड जिले की पहचान है : कर्ण सत्यार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में निर्देश देते डीसी कर्ण सत्यार्थी।

**गुमला।** जिले में महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उद्यमिता को नई उड़ान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में उज्जना बिज्जना योजना के अंतर्गत एक विशेष समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित महिला समूहों एवं नवगठित एफपीओ द्वारा चलाए जा रहे उत्पादों और आजीविका परियोजनाओं की समीक्षा कर उन्हें लाभप्रद एवं सशक्त बनाने की दिशा में ठोस रणनीति बनाना था। बैठक में डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन महिला उद्यमियों एवं ग्रामीण उत्पादकों को एक सशक्त कारोबारी पहचान दिलाने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि जोहार रागी, कस्तूरी और सुपरनोवा जैसे ब्रांड न केवल जिले की पहचान बनते जा रहे हैं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के जीवन में बदलाव की नई इबारत भी लिख रहे हैं। इन उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने के लिए सुनियोजित प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक के दौरान सुपरनोवा उत्पाद की लागत एवं इसे खुली बाजार में लाभप्रद तरीके से बेचने की योजना पर चर्चा की गई। उपायुक्त की पहल से जोहार रागी के विभिन्न उत्पाद अब एमाजोन बिलिंकिट एवं अपना मार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध हैं। जिससे इनकी पहुंच देशभर के उपभोक्ताओं तक सुनिश्चित हो रही है। उपायुक्त ने ई-कॉमर्स बिजनेस को और अधिक प्रभावी तरीके से विकसित करने पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पोल्ट्री फीड मिल को सौर ऊर्जा से संचालित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाने पर भी चर्चा हुई। जिससे उत्पादन लागत घटे और पर्यावरण के अनुकूल समाधान सुनिश्चित हो सके। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, डीपीओ, डीपीएम अविनाश पाठक, एलीना दास व अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### गुमला डीटीओ, मोटरयान निरीक्षक व सड़क सुरक्षा टीम ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



गुमला। जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप, प्रदीप कुमार तिर्की एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष ने गुमला घाघरा रोड में दुन्दरिया के पास बाइक चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ड्राइवरों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया गया। सड़क सुरक्षा के नियमों के अनुपालन तथा बाइक चेकिंग के दौरान पकड़े गये 70-80 लोगों को यातायात नियमो की जानकारी देते हुए रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। पकड़े गये लोगों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल करने व उसके उपयोग से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं से बचा जा सकती है। इसकी जानकारी भी दी गई।

## लोहरदगा : भगवान श्री राम का जन्म उत्सव मना

तन की जाने, मन की जाने, जाने चित की चोरी, उस श्री राम से क्या छिपावे जिसके हाथ है सब की डोरी: जामवंती मिश्रा

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में राम जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। पूरे भारतवर्ष में रामनवमी त्योहार को हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार चैत्र महीने में 6 अप्रैल को श्री राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। विद्यालय के भैया-बहनों के द्वारा प्रभु राम, सीता, लक्ष्मण का स्वरूप धारण कर वातावरण को भक्तिमय में बनाया। भैया-बहनों के बीच राम भजन, रामकथा, बाल कांड, मानस पाठ, राम स्तुति पाठ की प्रस्तुति की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि राम नवमी सिर्फ त्यौहार नहीं है बल्कि राम भगवान के सिद्धांतों और आदर्शों की याद भी दिलाता है यह लोगों को सत्य, नैतिकता और भक्ति का जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करता है। आचार्या जामवंती मिश्रा के द्वारा भगवान राम के मूल मंत्र को रखा। प्रभु राम के सिद्धांतों, कर्तव्यों को बताया था। जिनके मन में श्री राम है भाग्य में उसके बैकुंठ धाम है। संगीत आचार्या सुप्रिया घोषाल के द्वारा भजन प्रस्तुत की गई। आचार्या जया मिश्रा ने भी राम राज्य गुणों को बताया। धन्यवाद ज्ञापन मंजू देवी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के भैया-बहन, आचार्य-आचार्य उनकी सहभागिता रही। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत



**कुडू, लोहरदगा।** कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए कुडू ब्लॉक मोड़ के सामीप पर पिकअप वाहन की टक्कर से घायल युवक कुडू हमीद नगर निवासी इंताफ अंसारी 34 पिता शफीक अंसारी की शनिवार को रांची के वेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। मालूम हो कि इंताफ शुक्रवार की रात 9 बजे अपनी बाइक पैशन प्रो जेएच 01 बीआर-4068 से कुडू की ओर रहा था, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ़्तार पिकअप जेएच 03एएस-4837 ने कुडू ब्लॉक मोड़ के समीप जोरदार टक्कर मार दी थी जिसमे इंताफ बुरी तरह जख्मी हो गया था। घटना के बाद पुलिस ने पिकअप और उसके चालक उपचालक को कब्जे में ले लिया है। इधर बुरी तरह जख्मी युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुडू में प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देख चिकित्सको ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया था। इंताफ की मौत की खबर सुन पूरे कुडू में मातम का माहौल छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित एक आठ वर्ष की बेटी और एक तीन वर्ष का बेटा छोड़ गया है।

## गुमलाः रामनाथ गोयनका पुरस्कार से पुरस्कृत पत्रकारों को डीसी व एसपी ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता




**गुमला।** जिले के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि जिले के वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ कश्यप एवं मो शहाब अली को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए देश के प्रतिष्ठित रामनाथ गोयनका पुरस्कार से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सम्मानित किया गया। इस विशेष उपलब्धि के सम्मान में जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जिला सूचना भवन सभागार में डीसी कर्ण सत्यार्थी व पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीडीसी दिलेश्वर महतो, निदेशक डीआरडीए विद्या भूषण, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ललन कुमार रजक समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। डीसी सत्यार्थी ने कहा कि रामनाथ गोयनका पुरस्कार देश के सबसे प्रतिष्ठित पत्रकारिता पुरस्कारों में से एक है। गुमला जैसे जिले से इस पुरस्कार के लिए चयन होना यह दशार्ता है कि यहां की पत्रकारिता देश में प्रभाव छोड़ रही है। एसपी शंभू कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकारों को बिना किसी दबाव के पारदर्शिता से कार्य करना चाहिए।

### चैनपुर में रामनवमी के अवसर पर भव्य अखंड हरि कीर्तन का आयोजन



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के दुर्गा मंदिर परिसर में रामनवमी पर्व के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में चैनपुर के लोगों के साथ आसपास के गांवों के भक्तजन शामिल हुए। भक्तिमय माहौल में हरे राम, हरे कृष्णा के उद्घोष ने पूरे चैनपुर को भक्ति के रंग में रंग दिया। कीर्तन का आयोजन जशपुर से आई एक प्रसिद्ध कीर्तन मंडली द्वारा किया गया। जिसमें भक्तों ने भक्ति गीतों पर थिरकते हुए अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर उपस्थित ग्राम पुरोहित ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अखंड हरि कीर्तन से गांव में सुख-शांति का वास होता है। इससे न केवल लोगों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि हवन से वायुमंडल भी शुद्ध रहता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सामूहिक भक्ति का यह उत्सव समाज में एकता और भाईचारे की भावना को प्रबल करता है। इस अवसर पर समिति द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें सभी गांववासियों ने मुक्तहस्त होकर हिस्सा लिया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की कतारें लगी रहीं।

### युवती से छेड़छाड़ व मारपीट करने वाला गिरफ्तार



**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत युवती से छेड़छाड़ और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल। आरोपी युवक की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के रहने वाले तालीम अंसारी के रूप में हुई है। युवती ने थाने में आवेदन देकर बताया जब वह सेन्हा चौक समान लेने आई हुई थी तभी आरोपी युवक तालीम अंसारी द्वारा उसके साथ छेड़छाड़ की गई और गलत तरीके से उसके शरीर में हाथ फेरने लगा। जिसका विरोध करने पर तालीम अंसारी द्वारा युवती के साथ मारपीट किया गया और जबरजस्ती करने का कोशिश किया गया। जिसके बाद युवती बीच बचाव कर चिल्लाने लगी युवती की आवाज सुन अगल बगल के लोग आए और घटना की सूचना सेन्हा थाना को दी गई। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और युवक युवती को अपने साथ थाने लेकर चली गई। वही युवती द्वारा छेड़छाड़ और मारपीट के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपी युवक तालीम अंसारी को जेल भेज दिया है।

## भगवान श्रीराम व भक्त हनुमान युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैः रोहित प्रियदर्शी उरांव

### मोटिया संघ बरवाटोली ने महासप्तमी के अवसर पर अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता





**लोहरदगा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोहरदगा नवयुवक मोटिया संघ बरवाटोली द्वारा महासप्तमी की पावन संध्या पर पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन भव्य रूप में संपन्न हुआ। शुक्रवार की देर रात आयोजित यह कार्यक्रम श्रद्धा, संस्कृति और सामूहिक चेतना का प्रतीक बन गया, जिसमें स्थानीय लोगों के साथ-साथ कई विशिष्ट अतिथियों ने भाग लेकर आयोजन की गरिमा को और ऊंचा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष एवं मुख्य संरक्षक निशीथ जायसवाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र सह कांग्रेस नेता रोहित प्रियदर्शी उरांव ने उद्घाटन किया। उन्होंने रामनवमी की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए इसे केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक जागरण का पर्व बताया और कहा कि भगवान श्रीराम व भक्त हनुमान का आदर्श युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। जिनमें पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ गणेश प्रसाद, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, समाजसेवी दीपक जायसवाल, जय श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, योगी सेन अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर, नगर अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उर्फ लड्डू तथा खेल प्रशिक्षक संजय नायक शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर परिसर में नारियल फोड़कर और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात नवयुवक मोटिया संघ के संस्थापक स्व प्राण प्रसाद जायसवाल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से संस्कृति का संरक्षण होता है, साथ ही युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। उन्होंने नवयुवक मोटिया संघ की इस पहल को अनुकरणीय बताया। संघ के अध्यक्ष निशीथ जायसवाल ने कहा कि मोटिया संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो परंपरा, संस्कृति और समाज सेवा को एक साथ जोड़ती है। उन्होंने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय प्राण प्रसाद जायसवाल वर्षों तक इस समिति की सेवा करते रहे और अब वह उन्हीं के पदचिह्नों पर चलकर इस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।

**सीनियर में प्रथम अंबेडकर नगर जूनियर में रघुनन्दन लेन विजेता**

कार्यक्रम में 15 टीमों ने भाग लिया। जिसमें अस्त्र शस्त्र संचालन प्रतियोगिता सीनियर में प्रथम अंबेडकर नगर, द्वितीय शिव मन्दिर बरवाटोली, तीसरा आदि शक्ति बरवाटोली, एवं जूनियर में प्रथम रघुनन्दन लेन, द्वितीय अंबेडकर नगर बालिका टीम एवं तृतीय अमरेन्द्र बाहुबली ग्रुप अव्वल रहे एवं बाजा प्रतियोगिता में प्रथम बजरंग दल अमला टोली, द्वितीय सुभाष चौक टंगरा टोली, एवं तीसरा स्थान जागरनाथपुर धुर्वा रांची की टीम को प्राप्त हुआ।

प्रतियोगिता में दर्जनों युवाओं ने भाग लिया और अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र और नगद राशि प्रदान की गई। पूरे आयोजन के दौरान जय श्रीराम और जय हनुमान के नारों से बरवाटोली गूंजता रहा।

### सरना अस्तित्व रक्षा मंच कोटेंगसेरा के द्वारा सरहुल महोत्सव का आयोजन

## सरहुल आदिवासियों के आस्था का प्रतीक हैः भोला

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** सरना अस्तित्व रक्षा मंच कोटेंगसेरा के द्वारा सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सरना स्थल पर कृष्णा पहान, प्रभु पहान व मुनगर देवी के द्वारा संयुक्त रूप से विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद कोटेंगसेरा सरना स्थल से भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की अगुवाई पहान पूजार व महतो ने की। शोभायात्रा रघुनाथपुर अखाड़ा से बम्हपुर, बाजा टांड, करंजटोली अखड़ा, कोटेंगसेरा अखड़ा होते हुए विभिन्न मार्गों से कोटेंगसेरा डांग बगीचा पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। मुख्य अतिथि भोला चौधारी ने कहा कि आदिवासी समाज आरंभ काल से ही प्रकृति पूजक व प्रकृति के संरक्षक रहे हैं। सरहुल आदिवासियों के आस्था का प्रतीक है। सरना मंच के मुख्य संरक्षक फकीरचंद भगत ने कहा कि आदिवासी समाज के लोग प्रकृति के उपासक हैं। लोग विकास की दौड़ में अंधे होकर प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। वहीं आदवासी समाज प्रकृति के संरक्षण के लिए दृढ़ संकल्पित है। विमल चंद्र बड़ाईक ने कहा कि आदिवासियों का मानना है कि सूर्य सर्वशक्तिमान देवता है, जबकि पृथ्वी सर्वशक्तिमान देवी है। इन्हीं दोनों के मिलन से सृष्टि कायम है। सभा को प्रभु पहान, मुनगी देवी, तुला उरांव, राजपति बड़ाईक, झाड़ी भगत, रोपना राम बड़ाईक, कृष्णा पहान, वीरेंद्र एक्का, नाठु उरांव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राम उरांव, रमेश तिर्की, अजीत टोप्पो, अनिश उरांव, प्रेमचंद भगत, मंगलेश्वर खड़िया, राजेंद्र टाना भगत, विनोद तिर्की, सतीश उरांव, मुनसाय उरांव, मंगल महली, आरती देवी, बिरस देवी आदि उपस्थित थी।

## स्पीड न्यूज

### संकट मोचन मंदिर में कीर्तन का आयोजन

**धनबाद।** रामनवमी के अवसर पर शनिवार को सिटी सेंटर स्थित श्रीश्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में कीर्तन का आयोजन किया गया। हरे राम, हरे कृष्णा भजन से माहौल भक्तिमय हो गया। यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कुमार गौरव भी कीर्तन में शामिल हुए। उन्होंने इस आयोजन की सराहना की और राम भजन भी किया। आयोजन को सफल बनाने में राहुल सिंह, विकास चैरसिया, राजू मालाकार, निशांत सिंह, आदित्य आनंद आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

### बाबू जगजीवन राम की 118वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित

**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने आज सामाजिक समरसता, राजनीतिक अधिकारों के लिए संघर्षरत रहने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगजीवन राम जी की 118 विं जयंती पर भूली एवं सेंट्रल हॉस्पिटल के प्रांगण में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बाबू जगजीवन राम संविधान सभा के सदस्य थे इसी सभा ने भारत के संविधान का मसौदा तैयार किया था। उन्होंने नेहरू मंत्रिमंडल में कई विभागों के मंत्री पद को सुशोभित किया। विधायक ने बाबू जगजीवन राम के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर भूली में मंडल अध्यक्ष सूरज पासवान, मानस रंजन पाल, मिथिलेश पासवान, रंजीत सिंह बिल्लू, जितेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।केंद्रीय चिकित्सालय प्रांगण मे कई चिकित्सक एवम चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

### सीआईएसएफ और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 60 टन कोयला जब्त

**कतरास।** मधुबन थाना अंतर्गत बरोरा क्षेत्र के एकीकृत मुराईडीह फुलारीटांड़ कोलियरी परिक्षेत्र में अवैध खदान खोलकर पुनः खनन और कारोबार चालू किये जाने का मामला सामने आने के बाद बीसीसीएल प्रबन्धन हरकत में आया। प्रबन्धकीय टीम सीआईएसएफ और मधुबन थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप करवाई किया। हालांकि टीम के आने की जानकारी पहले मिलने के चलते धंधेबाज और उनके गुर्गे अपने ठिकाने पर जा चुके थे। फुलारीटांड़ खटाल से कुछ दूरी पर जमा किए गए भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त किया। खटाल के पास दो अवैध खुली खदानों की भी तलाशी ली, जहां उन्हें कोयला तस्करों द्वारा बनाई गई गहरी गुफाएं मिलीं। इन गुफाओं के ऊपर नावागढ़-बाघमारा मुख्य सड़क है, जिस पर दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है। टीम ने खटाल के पास अलग-अलग जगहों पर जमा किए गए लगभग 60 टन अवैध कोयले को जब्त कर केके लिंक साइडिंग भेजा।छापामारी दल में सीआईएसएफ इंस्पेक्टर बी. के. शर्मा और नोडल अधिकारी उत्सव कुमार व अन्य शामिल थे। नोडल अधिकारी पुलिस को बताया कि जेसीबी से इन खुली खदानों के बगल में फ्रेंच कटिंग कराई जाएगी। उन्होंने कहा वरिष्ठ अधिकारियों को भी इस मामले से अवगत करा दिया है। मालूम हो कि पिछले माह धमाबांध मे हुई हिंसा के बाद खरखरी में कारवाई के दौरान पुलिस बल पर हमला हुआ था। जिसमें डीएसपी गंभीर रूप से जख्मी हुवे थे।

# बिहार सरकार का भी पसंदीदा बना, बीआईटी सिंदरी के छात्रों का स्टार्टअप क्यू आर वेड्स

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के छात्र आर्यन सहित उसके टीम का स्टार्टअप क्यू आर वेड्स झारखंड में स्वयं को स्थापित कर बिहार सरकार का भी पसंदीदा बन गया है। बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा 19 मार्च को पटना में आयोजित बिहार सीड फंड के फाइनल राउंड में क्यू आर वेड्स का चयन किया गया है। मांगलिक कार्यों से संबंधित क्यू आर वेड्स का श्लोगन हर घर की शादी हमारी जिम्मेवारी है के अनुरूप क्यू आर वेड्स की टीम ने 19 मार्च को पटना में उद्योग विभाग द्वारा आयोजित प्रजेंटेशन राउंड में अपने स्टार्टअप का प्रभावशाली प्रजेंटेशन दिया था। परिणाम स्वरूप क्यू आर वेड्स का चयन शीड फंड के लिए हो गया है। बिहार सरकार के उद्योग विभाग का चयन संबंधित पत्र पाकर आर्यन और उनकी टीम का उत्साह चरम पर है। उद्योग विभाग स्टार्टअप को डेवलप करने के लिए दस लाख रुपए तक का शीड फंड देगा। बिहार सरकार से फंड का सपोर्ट प्राप्त होते ही आर्यन और उनकी टीम अपने स्टार्टअप को और डेवलप करने की योजना को मूर्त रुप देने के लिए संकल्पित हैं। आर्यन की टीम सदस्यों में अशर्दूल कादरी और अनीस हैं। क्यू आर वेड्स वेडिंग कार्ड के माध्यम से मेहमानों को वेन्यू तक पहुंचाने में मदद करती है। इसके अलावा कैटरिंग, विडियोग्राफी, फोटोग्राफी, आतिशबाजी, डेकोरेशन जैसी सेवाएं एक क्लिक पर उपलब्ध कराई जाती है।

# आईसीएआई धनबाद शाखा द्वारा औद्योगिक भ्रमण करवाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** आईसीएआई धनबाद शाखा द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों एवं छात्रों के लिए मोंगिया स्टील, मोंगिया स्कूल, एवं मोंगिया नेशनल वॉलीबॉल अकादमी में एक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया।इस भ्रमण की शुरूआत एक सेमिनार हॉल में हुई। जहा मोंगिया स्टील प्लांट के संचालन एवं इसके कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखते हुए, सदस्यों एवं छात्रों को प्लांट का भ्रमण करवाया गया, जिसमें बताया गया कि किस प्रकार कच्चा माल प्लांट में आता है और फिर उससे आयरन रॉड तैयार की जाती है। इसके पश्चात प्रतिभागियों को मोंगिया स्कूल और मोंगिया नेशनल वॉलीबॉल अकादमी का भी भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के अंत में आईसीएआई धनबाद कमेटी के सदस्यों द्वारा मोंगिया स्टील के निदेशक को फ्लावर बुके एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाखा के कई सीए निखिल अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल, पंकज खरकिया, एवं कार्यकारी सदस्य सीए वीरेन्द्र शर्मा शामिल थे। मोंगिया स्टील के निदेशक एवं अन्य गणमान्य सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# निरसा प्रखंड के 227 सेविकाओं एवं प्रवेक्षिकाओं को मिला एंड्राइड मोबाइल

## महिलाओं के चेहरे पर दिखी खुशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** समेकित बाल विकास परियोजना के तहत शनिवार को निरसा प्रखंड सभागार में विधायक अरूप चटर्जी ने निरसा प्रखंड के 114 आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं 13 पर्यवेक्षिकाकों के बीच एंड्राइड मोबाइल सेट का वितरण किया। आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण ट्रैक्टर के द्वारा मोबाइल में कार्य करने हेतु निरसा प्रखंड के 441 सेविकाओं एवं प्रवेक्षिकाओं को मोबाइल का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि मेरे प्रयास से ही राज्य की सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं प्रवेक्षिककों को एंड्राइड मोबाइल सेट प्रदान किया जा रहा है। इससे आंगनवाड़ी केंद्रों की गतिविधियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवा वितरण और गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और छह साल से कम उम्र के बच्चों के लिए पूर्ण लाभार्थी प्रबंधन प्रदान करने में सहूलियत होगी। सेविकाओं एवं पर्यवेक्षकों के साथ-साथ सहिया, पोषण सखी, सहायिका सहित जितने भी कर्मचारी हैं, सभी के मानदेय के लिए मैं लगातार सवाल उठाता रहूंगा। एंड्राइड मोबाइल प्रकार सेविकाएं काफी प्रसन्न नजर आईं। मौके पर जिप सदस्य दीपावली रविदास, बीडीओ इंद्रलाल ओहदार, सीडीपीओ सविता कुमारी इत्यादि मौजूद थे।

# री एडमिशन एवं फीस बढ़ोतरी का विरोध, अभिभावकों में आक्रोश

## 8 अप्रैल से विद्यालय परिसर के बाहर अनिश्चितकालीन बैठेंगे धरना पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** डीएवी स्कूल निरसा के अभिभावकों का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मुखिया रोबिन धीवर के नेतृत्व में बीडीओ इंद्रलाल ओहदार से मिलकर ज्ञापन सोंपा। अभिभावकों ने बीडीओ से मिलकर कहा कि राज्य सरकार के निर्देश के बावजूद डीएवी स्कूल निरसा के द्वारा रीएडमिशन एवं फीस बढ़ोतरी की जा रही है। इसके विरोध में हम सभी अभिभावकगण आगामी 8 अप्रैल से विद्यालय परिसर के बाहर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे। अभिभावकों ने कहा कि हम लोगों ने 2 अप्रैल को डीएवी स्कूल प्रबंधन एवं एलएमसी को पत्र लिखकर फ्री एडमिशन एवं फीस बढ़ोतरी नहीं करने की मांग की थी। परंतु स्कूल प्रबंधन द्वारा इस पर अभी तक कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। मजबूरन हम सभी अभिभावक लोकतांत्रिक तरीके से आगामी 8 अप्रैल से विद्यालय परिसर के बाहर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने को बाध्य होंगे। प्रशासन चाहे तो इस मामले में हस्तक्षेप कर मामले का समाधान कर सकता है। यदि 7 तारीख तक हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हम लोग 8 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने को बाध्य होंगे। बीडीओ ने अभिभावकों को अपने वरीय पदाधिकारी से दिशा निर्देश लेकर उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया।प्रतिनिधि मंडल में काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

# डीवीसी ने 2024-25 में बिजली उत्पादन मे बनाया रिकॉर्ड




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने वित्त वर्ष 2024-25 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 43,667 मिलियन यूनिट (एमयू) बिजली का उत्पादन किया है, जो डीवीसी का परिचालन दक्षता और विकास को दशार्ता है। इतना ही नहीं डीवीसी के थर्मल प्लांटों ने 75.7 प्रतिशत के प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) पर 43,370 एमयू बिजली उत्पादन किया है। जो डीवीसी के इतिहास में दूसरा सबसे अधिक उत्पादन क्षमता है। इसके अलावा डीवीसी ने सौर ऊर्जा से 16.8 एमयू का बिजली उत्पादन कर रिकॉर्ड बनाया है। जबकि डीवीसी के हाइडल स्टेशन से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 279.6 एमयू का बेहतरीन उत्पादन हुआ है। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूरे साल मासिक पीएलएफ के मामले में देश के शीर्ष 10 थर्मल पावर स्टेशनों में डीवीसी के चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन पांच बार शामिल रहा है। पहली बार डीवीसी के बोकारो, दुगार्पुर, कोडरमा एवं रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशनों से जिप्सम उठाने का काम शुरू हुआ। निगम ने अपने कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन पर सूखी फ्लाई ऐश, यानी छाई को कंडीशन करने के लिए रिमोट-कंट्रोल्ड रेल (आरसीआर) मोड भी पेश किया। वहीं डीवीसी ने कोयला उत्पादन में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। झारखंड के लातेहार में अपनी कैप्टिव टुबेड कोयला खदान से 4 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कोयला निकाला, जबकि 7,853 कोयला रेक प्राप्तियों के साथ अब तक की सबसे अधिक कोयला रेक प्राप्तियां दर्ज कीं, जो पिछले वर्ष की 7,613 की संख्या को पार कर गईं। गत वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त कुल कोयला 28.7 एमएमटी रहा, जिससे इसकी बिजली उत्पादन आवश्यकताओं के लिए एक स्थिर ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

# जय श्री राम के जयकारे से कोयलांचल होगा गुंजयमान महावीर पताखों से सजा शहर

## रामनवमी में बन रहा खास संयोग



पंडित जे शास्त्री बताया कि रामनवमी उत्सव, भगवान विष्णु के सांतवे अवतार भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। रविवार को प्रातः 9 बजकर 42 मिनट तक पुनर्वसु और उसके बाद पुष्य नक्षत्र पड़ रहा है। इस दिन रविपुष्य अमृतसिद्धियोग तथा अजिजय योग का संयोग बन रहा है जो भक्तों के लिए अत्यंत शुभ फलदायी संकेत है जो भी भक्त निश्चल मन से भगवान की भक्ति करेंगे उनके बिगड़े काम बनेंगे। नवमी तिथि शनिवार रात्रि 12 बजके 5 मिनट से रविवार रात्रि 11 बजके 15 मिनट रहेगी अतः रविवार दिन भर पूजा का शुभ मुहूर्त है। पुनर्वसु नक्षत्र शनिवार प्रातः 10 बजके 7 मिनट से रविवार प्रातः 9 बजके 42 मिनट तक है अतःपूजन हेतु रविवार प्रातःकाल से 9 बजके 42 मिनट तक अती शुभ मुहूर्त है। कर्क लग्न रविवार दिन 11 बजके 58 मिनट से 2 बजके 16 मिनट तक रहता है अतः रविवार को इस समय पूजन करना सर्वार्थमृतसिद्धि मुहूर्त होगा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** रामनवमी उत्सव को लेकर कोयलांचल में लोगों का उत्साह चरम पर है। शनिवार को विभिन्न महाबीर मंदिरों को आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया था। चौक-चैराहा महावीरी झंडा लगाया गया है। रणधीर वर्मा चैक, हटिया मोड़, बरमसिया आदि स्थान बांस और झंडे की खरीदारी करते लोग नजर आये। पूजा भंडारों और सड़क किनारे लगी दुकानों पर लोगों की भीड़ दिखी। वहीं देर रात तक अलग अलग आखाड़ा दल अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देते दिखे। रामनवमी को लेकर पुलिस भी सक्रिय दिखी। पुलिस द्वारा शहर में दिन में फ्लैग मार्च भी निकाला गया। रविवार को पूरा शहर राममय नजर आयेगा। मंदिरों में सुबह से पूजा पाठ शुरू हो जायेगा। शाम को हीरापुर हरिमंदिर, धनबाद रेलवे स्टेशन, पुराना बाजार आदि स्थानों पर जुलूस की सक्ल में आखाड़ा दल पहुंचेंगे और अपना कर्तव्य दिखायेंगे।

### आखाड़ों में हिंदू-मस्लिम एकता की झलक

जिले के विभिन्न स्थानों से निकलने वाले जुलूस में हिंदू-मुस्लिम एकता की झलक भी देखने को मिलती है। दोंनो समाज के लोग इस उत्सव में बढ़चढ़ कर भाग लेते है। जुलूस में आने वाले लोगों के लिए जगह जगह फस्ट एड एवं जलपान की भी व्यवस्था की जाती है। व्यावसायिक समिति रामनवमी अखाड़ा दल हटिया हीरापुर द्वारा निकाले जानेवाले अखाड़ा में हीरापुर के रहनेवाले मो मोहसिन खान 42 साल से नगाड़ा बजा रहे हैं। इस बार भी उनका उत्साह देखते बन रहा है। मोहसिन कहते हैं युवावस्था से ही वह अखाड़ा दल का हिस्सा हैं। जब तक जान है, तब तक नगाड़ा बजाते रहेंगे। वहीं पुराना बाजार टेंपल रोड के रहनेवाले मंजूर आलम की पुत्री गुड़िया छह साल की उम्र से पुराना बाजार वीर कुंवर सिंह व वीर बर्बरीक अखाड़ा दल में करतब दिखा रही हैं। पुराना बाजार वीर कुंवर सिंह व वीर बर्बरीक अखाड़ा दल के 85 वर्षीय बुजुर्ग महावीर अग्रवाल 70 सालों से अखड़ा में लाठी व तलवार भांज रहे हैं। उन्होंने बताया 15 साल की उम्र से वह अखाड़ा दल में शामिल हैं।

### रामनवमी को लेकर बलियापुर अंचल कार्यालय में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए की बैठक

**सिंदरी/बलियापुर।** रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बलियापुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाष दास और अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह की उपस्थिति में बैठक की गई। बैठक में बलियापुर में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं नियंत्रण कक्ष के पदाधिकारियों को क्षेत्र में चौकन्ना रहने और अप्रिय व अनहोनी का आभास होने पर तुरंत ही थाना प्रभारी सहित वरीय अधिकारियों को सूचित करने का आदेश दिया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि रामनवमी पर्व के मद्देनजर प्रखंड स्तरीय नियंत्रण कक्ष प्रखंड कार्यालय में बनाया गया है। तीन पालियो में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मियों को प्रतिनियुक्ति किया गया है। उन्होंने बताया कि डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। किसी प्रकार के गैर धार्मिक गाने नहीं बजाई जाएंगे। जुलूस का रूट परिवर्तन किसी हाल में नहीं होगा। अंचलाधिकारी ने लोगों से अपील किया है कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना तुरंत अंचलाधिकारी या प्रखंड विकास पदाधिकारी या बलियापुर थाना प्रभारी बलियापुर को उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि अंचल प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

### हवन और महाभंडारा के साथ हाथुडीह हरि मंदिर में महायज्ञ सम्पन्न



**महुदा।** हाथुडीह बस्ती के हरि मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ के अंतिम दिन आचार्यों ने पूजा अर्चना व हवन कराया गया। इसके साथ श्री हरि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व महायज्ञ का समापन हुआ।प्रातः से ही सैकड़ो भक्तगण मंदिर पहुंचकर यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर रहे थे। महायज्ञ समापन के बाद भण्डारा का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष भक्तगण पहुँचे एवं महाप्रसाद भोग ग्रहण किये। आचार्य सहदेव पाण्डेय, उपचार्य चंडी प्रसाद पाण्डेय, वेदाचार्य पंडित धर्मेन्द्र पाण्डेय शास्त्री, राजेन्द्र पाण्डेय शास्त्री, बिभष पाण्डेय शास्त्री, नवीन पाण्डेय, अष्टम ठाकुर के द्वारा मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना करवाया गया। यजमान के रूप में देव नारायण सिंह उनकी पत्नी छाया देवी, प्रताप सिंह पत्नी रेणु देवी, परमेन्द्र सिंह पत्नी सरिता सिंह, प्रेमजीत सिंह पत्नी स्वीटी कुमारी, राजेन्द्र सिंह पत्नी चंपा देवी, बिनोद सिंह पत्नी बबिता देवी, धर्मजीत सिंह पत्नी नेहा कुमारी, शंकर दयाल सिंह पत्नी प्रिया कुमारी, छतीश सिंह पत्नी देवी, दिपक सिंह पत्नी राजकुमारी सिंह एवं चंदन सिंह पत्नी अर्चना देवी शामिल हुए।

# जीएन कॉलेज में गुरुनानक देव व्याख्यान और तकनीकी मेले का सफल आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** गुरु नानक कॉलेज के बीसीए विभाग ने अपनी गुणवत्ता शिक्षा और बाजार की नवीनतम तकनीक से तालमेल रखते हुए, 5 अप्रैल 2025 को गुरुनानक देव व्याख्यान और तकनीकी मेले का आयोजन किया।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और संसाधन व्यक्ति, आईआईटी आईएसएम धनबाद के डॉ अरुण कुमार पाल, गुरु नानक कॉलेज धनबाद के अध्यक्ष सरदार आर एस चहल, प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद, बीसीए कॉर्डिनेटर प्रोफेसर पुष्पा तिवारी और सहायक प्रोफेसर प्रोफेसर उदय सिन्हा द्वारा रिबन काटने की औपचारिकता के साथ हुई। इसके बाद कार्यक्रम के विशेषज्ञ डॉ अरुण कुमार पाल ने ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि यह तकनीक सिर्फ बिटकॉइन और एथेरियम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सप्लाई चेन मैनेजमेंट, मेडिकल चेंज और कई अन्य सुरक्षित डेटा ट्रांजैक्शन में भी उपयोगी है।

डॉ संजय प्रसाद ने स्वागत भाषण दिया। विषय परिचय और मुख्य वक्ता का परिचय प्रोफेसर पुष्पा तिवारी ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर उदय सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंशिका ने किया। इस आयोजन में कॉलेज के संकाय सदस्य जैसे डॉ रंजना दास, प्रोफेसर अमरजीत सिंह, प्रोफेसर संजय सिन्हा, प्रोफेसर संतोष कुमार, प्रोफेसर दीपक कुमार, डॉ मीना मालखंडी, डॉ वर्षा सिंह, डॉक्टर नीता ओझा, प्रोफेसर प्रियंका, प्रोफेसर सोनी, प्रोफेसर शिल्पा, प्रो कौशिक मुखर्जी, प्रोफेसर सोनू, प्रोफेसर दलजीत, प्रोफेसर स्नेहल, प्रोफेसर पियूष अग्रवाल, प्रोफेसर ममता प्रसाद और कंप्यूटर साइंस विभाग के लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया।

# डीजे बजाने पर प्रतिबंध, रात 10 के बाद नहीं बजेंगे लाउडस्पीकर
# जुलूस ने खतरनाक ढग से बाइक चलाने वालों पर रहेगी नजर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** रामनवमी को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दिए गए निदेर्शों के आलोक में एसएसपी हदीप पी जनार्दनन तथा उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने शनिवार को सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से रामनवमी के दौरान शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि रामनवमी के दौरान किसी भी अखाड़ा दल को डीजे बजाने की अनुमति नहीं है। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को दिन के 12 बजे तक प्रतिनियुक्त स्थल पर पहुंचने, क्विक रिस्पांस टीम तथा फोर्स मूवमेंट प्लान तैयार रखने का निर्देश दिया। साथ ही जुलूस लौटने के क्रम में जुलूस में शामिल अंतिम व्यक्ति के अपने घर पहुंचने तक सतर्क रहने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को प्रखंड और अंचल में कंट्रोल रूम बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अखाड़ा दल के अध्यक्ष एवं सचिव को डीजे बजाने को लेकर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश से अवगत कराने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि आदेश का उल्लंघन होने पर संबंधित अखाड़ा दल के अध्यक्ष व सचिव के विरुद्ध अवमानना वाद चलाया जाएगा। साथ ही रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर नहीं बजाने का भी निर्देश दिया वहीं एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने मोटरसाइकिल जुलूस और लहरिया कट से मोटरसाइकिल चलाने वालों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। जबकि सिटी एसपी श्री अजीत कुमार ने सभी पुलिस पदाधिकारी एवं मजिस्ट्रेट को सतर्क रहकर अपने कर्तव्य का पालन करने का निर्देश दिया।

### कौन कौन थे मौजूद

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, डीएसपी शंकर कामती, डीएसपी धीरेन्द्र नारायण बांका, डीएसपी अरविंद कुमार सिंह, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार मौजूद थे।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...




**बेलडीह क्लब जमशेदपुर, झारखंड में स्थित एक प्रसिद्ध क्लब है। यह क्लब विशेष रूप से अपने शानदार सुविधाओं, खेल गतिविधियों और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए जाना जाता है। क्लब जमशेदपुर के प्रमुख क्लबों में से एक है और यहाँ के सदस्य विविध प्रकार की सेवाओं का आनंद लेते हैं। बेलडीह क्लब जमशेदपुर के मुख्य शहर क्षेत्र में स्थित है। इस क्लब की स्थापना 1905 में हुई थी। इसे टाटा ग्रुप के एक भाग के रूप में शुरू किया गया था, और तब से यह क्लब जमशेदपुर के प्रमुख सामाजिक केंद्रों में से एक बन चुका है। यहां रेस्टोरेंट कम बार, होटल, स्वीमिंग पुल एवं खेल सुविधाओं के अलावा फिल्म देखने की सुविधा भी है।**

## श्री रामनवमी विसर्जन जुलूस को लेकर रुट एवं घाटों पर विधि व्यवस्था में जुटा जिला प्रशासन

### डीसी और एसएसपी ने अपनी टीम के साथ किया नदी घाटों का निरीक्षण, समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रामनवमी विसर्जन जुलूस के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा स्वर्णरेखा एवं खरकई नदी के विभिन्न घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश की व्यवस्था, पहुंच पथ मरम्मतीकरण आदि का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में डीसी अनन्य मित्तल एवं एसएसपी किशोर कौशल द्वारा नदी घाटों का निरीक्षण कर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होने स्वर्णरेखा घाट, पांडेय घाट, कपाली घाट, नया पुल घाट, ग्रीन पार्क घाट, विद्युत सब स्टेशन घाट, बेली बोधनवाला घाट, बड़ौदा घाट का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कराये जा कार्यों के अलावा सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, गोताखोर की तैनाती, एंबुलेस के साथ मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण



**स्वर्णरेखा घाट का निरीक्षण करते डीसी अनन्य मित्तल व सहयोगी पदाधिकारी।**

के क्रम में विसर्जन घाट तक पहुंच पथ का मरम्मतीकरण कार्य को नगर निकाय पदाधिकारी एवं जुस्को प्रतिनिधि को आपसी समन्वय से करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने कहा श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्राथमिकता है, साथ ही विसर्जन घाट पर सभी सुरक्षा उपायों को मूर्त रूप दिया जाए। एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि रामनवमी विसर्जन जुलूस के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। सभी नदी घाटों एवं प्रमुख चौक-चौराहों के अलावा जुलूस मार्ग में भी पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती रहेगी। उन्होने सभी अखाड़ा समिति से अपील किया कि ससमय विसर्जन जुलूस निकालें तथा सम्पन्न कराने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। जारी आदेश में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी /पुलिस पदाधिकारी को ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर तैनात रह अपने दायित्वों के निर्वहन का भी निर्देश दिया गया है। मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, उप नगर आयुक्त जेएनएसी कृष्ण कुमार, डीटीओ धनंजय, कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव तथा संबंधित डीएसपी, थाना प्रभारी व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एडीएम ने पेश ए इमाम तथा मस्जिदों के अध्यक्ष/महासचिव के साथ की बैठक



जमशेदपुर। रामनवमी विसर्जन जुलूस के दौरान बेहतर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर डीसी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार पेश ए इमाम तथा मस्जिदों के अध्यक्ष एवं महासचिव के साथ बैठक आहूत की गई। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान की अध्यक्षता में बैठक में उपस्थित सदस्यों से विधि व्यवस्था बनाए रखने में अपने स्तर से भी सहयोग करने की अपील की गई। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने कहा कि आप सभी की बातों का व्यापक असर होता है, ऐसे में मस्जिदों में नमाज के समय भी जिला प्रशासन की भावनाओं से सभी आयु वर्ग के लोगों को अवगत कराएं एवं सौहार्द्रपूर्ण एवं शांति के वातावरण में त्यौहार मनाये जाने में अपेक्षित सहयोग प्रदान करें। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि एक दूसरों की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहार मनाएं, रामनवमी विसर्जन जुलूस के दौरान सड़क पर या धार्मिक स्थलों के पास अड्डाबाजी न हो इसे सभी प्रबुद्ध लोग अपने स्तर से सुनिश्चित करें। युवा वर्ग से अपील किया कि शांति एवं विधि व्यवस्था को बनाये रखने में सहयोग करें। बाइक से स्टंट करने वाले युवाओं को अपने स्तर से भी चिन्हित कर काउंसिलिंग का सुझाव दिया।

## फौजी पर झूठा मुकदमा लाद कर जेल भेजने वाले जुगसलाई के थानेदार समेत आठ नपे

### जनरल ऑफिसर कमांडिंग मध्य भारत लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत ने डीजीपी से की भेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आइजी रांची अखिलेश कुमार झा की रिपोर्ट में फौजी और उसके भाई को होली के दिन एक झूठे मामले में थाने पर बुला कर पिटाई करने एवं जेल भेजने के मामले में दोषी पाये गए जुगसलाई थाना के प्रभारी सह इंस्पेक्टर सचिन कुमार दास, पांच दारोगा क्रमशः दीपक कुमार महतो, तापेश्वर बैठा, शैलेंद्र कुमार नायक, कुमार सुमित, मंटु कुमार और पुलिस कांस्टेबल शैलेश कुमार सिंह व शंकर कुमार को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले पर भारतीय सेना के वरिष्ठ अफसरों के हस्तक्षेप एवं दबाव को देखते हुए झारखंड के डीजीपी ने मामले की जांच के लिए आइजी



**डीजीपी अनुराग गुप्ता से मिलते जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पी एस शेखावत, मेजर जनरल विकास भारद्वाज व अन्य।**

अखिलेश कुमार झा को नियुक्त किया था। इस कार्रवाई पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद समेत सेना के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया है और जिला पुलिस को चेताया है कि भविष्य में ऐसी गलत हरकत किसी भी सैनिक, सैनिक परिवार अथवा पूर्व सैनिक के साथ नहीं होनी चाहिए। पूर्व सैनिकों ने इस बात पर अफसोस व्यक्त किया कि दोषी थानेदार व सहयोगी पदाधिकारियों के खिलाफ सीनियर एसपी स्तर से ही कार्रवाई हो जानी चाहिए थी किन्तु इसके लिए न्याय के लिए उन्हें डीजीपी तक का दरवाजा खटखटाना पड़ा। भारतीय सेना के जवान देश की सरहदों की रक्षा के खातिर (जल थल और नभ) की दुर्गम सीमाओं की रक्षा के लिये दिन रात अपनी सारी समस्याओं को दरकिनार कर मुस्तैदी से अपने कर्तव्यों का पालन सभी प्रकार की चुनौतियों का सामना बड़े साहस और वीरता पूर्वक करते रहते हैं।

उन्हीं सैनिकों में से एक सेना के कार्यरत सैनिक हवलदार सूरज राय एवं उनके चचेरे भाई के साथ 14 मार्च 2025 होली के दिन पुलिस के साथ दुर्व्यवहार मार पीट एवं झूठा आरोप लगाकर जेल भेजना दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। जिसका विरोध पूर्व सैनिक, अवकाश प्राप्त ऑफिसर्स, जमशेदपुर मिलिट्री स्टेशन के एडम कमान्डेंट, एस एस ओ, स्टेशन कमांडर राँची ने जोरदार एवं असरदार तरीके से करते हुए सेना के वरीय पदाधिकारियों को केश से अवगत कराते हुए निष्पक्ष जाँच की माँग की। साथ ही एक सैनिक की गलती पर जो तरीका अपनाना चाहिये था उसे नही अपनाने के कारण रोष व्यक्त किया।

जनरल ऑफिसर कमांडिंग मध्य भारत जबलपुर लेफ्टिनेंट जनरल पी एस शेखावत, मेजर जनरल विकास भारद्वाज, जीओसी जे एंड बी सब एरिया, ब्रिगेडियर राज कुमार, स्टेशन कमांडर, के लगातार संज्ञान लेने के बाद केश का आई जी अखिलेश झा के द्वारा जांच कर रिपोर्ट पुलिस महानिदेशक को सौंपी गई।

## स्पीड न्यूज

### कांड्रा स्टेशन हनुमान मंदिर में महाअष्टमी पर हुआ कन्या पूजन



गम्हरिया। कांड्रा स्टेशन के समीप स्थित हनुमान मंदिर में महाअष्टमी के अवसर कन्या पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कुवांरी कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया। तत्पश्चात उन्हें भोजन कराकर दान दिया गया। इस मौके पर धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नव ज्योति विद्या मंदिर जगन्नाथपुर की छात्राओं द्वारा माता के भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर आरोग्यम केयर हॉस्पिटल, आदित्यपुर एवं निरोगधाम पैथोलॉजी, कांड्रा के सौजन्य से शिविर आयोजित कर करीब 300 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके आयोजन में समाजसेवी जोगेंद्र महतो, आरोग्यम के निदेशक दिलीप तिवारी, विष्णु देव, पैथोलॉजी के संचालक संतोष कुमार आदि का योगदान रहा।

### गम्हरिया में जगजीवन राम याद किए गये



गम्हरिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गम्हरिया के अंबेडकर नगर में देश के पूर्व प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की 117वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता फुलकान्त झा ने कहा कि जगजीवन बाबू समता एवं न्याय के प्रतीक थे। वे भारतीय राजनीति के ऐसे व्यक्तित्व रहे जिन्होंने सामाजिक समरसता और समानता के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे जीवन पर्यंत शोषितों-वंचितों के हितों के संरक्षण व संवर्धन के लिए लड़ते रहे। इसी व्यक्तित्व के कारण ही वे बाबूजी के नाम से प्रसिद्ध हुए। कार्यक्रम को कांग्रेस जिला मंत्री राजू रजक, सुमंत शर्मा, विनोद पासवान, पूर्वी देवी आदि ने भी संबोधित किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर नित्यानंद रजक, संजय रजक, पवन कुमार, विनय सिंह, सौदागर रजक, मनई राम, ऋषभ पांडे, विहारी दास, जितेंद्र वेदिया, रवि कुमार, बबिता देवी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वैधनाथ टुडू बने सरायकेला खरसावां जिला सचिव



चांडिल। झामुमो केंद्रीय समिति ने सरायकेला खरसावां जिला सचिव के नाम का घोषणा कर दिया है। इसमें चांडिल के झामुमो नेता वैधनाथ टुडू को जिला सचिव बनाया गया है। जिला सचिव बनाए जाने पर बैधनाथ ने केंद्रिय समिति का आभार जताया है। झामुमो नेताओं एवं उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई दिया है। बैन टुडू ने कहा मुझे जो दायित्व दिया गया है उसे निभाने का कोशिश करेंगे।

### डॉ रचना नरेड़ी की स्मृति में नेत्र शिविर शुरु

जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वाथ्य समिति के सहयोग से स्व रचना नरेड़ी के पुण्य स्मृति में रचना हेल्थकेयर फाउंडेशन के संयोजन में 766वें नेत्र शिविर का शुभारंभ नेत्र रोगियों के जांच के साथ बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में चिकित्सक डॉ राशि वर्मा एवं उनके टीम ने किया।

## बाल मंदिर अखाड़ा साकची में बाल हनुमान बनो प्रतियोगिता आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्री बाल मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में विराट रामनवमी का महोत्सव स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर बाल हनुमान सजाओ प्रतियोगिता, झांकियो का प्रदर्शन एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। बच्चे अपने अपने घरों से प्रभु श्री राम, बाल हनुमान, माता सीता सहित भगवान के कई किरदार में सज धज कर आए। सोनीपत से आई अमित अघोड़ी आर्ट ग्रुप के द्वारा मनमोहक झांकियों का प्रदर्शन किया गया, राम दरबार, शिव तांडव, हनुमान जी की झांकियों ने लोगो का मन मोह लिया। इस अवसर पर किशोर कौशल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, कुमार सुभाशीष, सिटी एसपी, जमशेदपुर सनी वर्धन डीएसपी अन्य पदाधिकारियों ने सम्मान समारोह का अध्यक्षता सुमन अग्रवाल एवं संचालन सन्नी संघी ने किया।

## श्रीनाथ विश्वविद्यालय में श्रीनाइट 2025 का समापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय जमशेदपुर में आयोजित दो दिवसीय मैनेजमेंट फेस्ट श्रीनाइट 2025 का शनिवार को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने नवाचार, नेतृत्व और रचनात्मकता का परिचय दिया। फेस्ट के पहले दिन आइडियाथॉन 360, केस स्टडी और बिज क्विज जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें को-ऑपरेटिव कॉलेज, रामकृष्णा मिशन, डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल, रिवर व्यू स्कूल, करीम सिटी कॉलेज और श्रीनाथ विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे दिन




**समारोह के अंतिम दिन प्रस्तुति देती छात्राएं।**

की मुख्य प्रतियोगिताओं में वर्चुअल बज्ज, एड वार, मॉडल मेकिंग, श्रीरिदम ग्रुप डांस और बैटल ऑफ बैंड्स शामिल थीं। इनका मूल्यांकन प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिनमें डॉ. दीपक शुक्ला, आतिफ अब्रीब (जमशेदपुरवाला), आरजे अभय, जय मुखी, हरीश मुखी, उपेन्द्र दीप और सुमन सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सुषोभित चौबे, सिमरन, श्रीधर, तानिया रियात और इप्सिता ने प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम का समापन वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय महतो ने धन्यवाद ज्ञापन कर किया।

## एक नजर में

### तरुण संघ : महाराष्ट्र की महिलाओं का ढोल ताशा होगा रामनवमी शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण




**जमशेदपुर।** कदमा के शास्त्रीनगर, ब्लॉक नंबर चार स्थित सामाजिक और शैक्षणिक संस्था भारतीय तरुण संघ के द्वारा इस बार रामनवमी की शोभा यात्रा को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। रामनवमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को संध्या 6 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसबार की रामनवमी शोभा यात्रा में महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध जय बजरंग ढोल ताशा पथक की टीम मुख्य आकर्षण होगी जिसमें 40 मराठी महिला कलाकारों के द्वारा जय श्रीराम के उद्घोष पर ढोल ताशा की अद्भुत प्रस्तुति करेगी। भारतीय तरुण संघ की ओर से इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भारतीय तरुण संघ के अध्यक्ष डॉ मानस सिंह और महासचिव केपी सिंह ने बताया की संघ सचिव और भाजपा कदमा मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह उर्फ भीम सिंह की अध्यक्षता में संचालित हो रही है जिसमें उपाध्यक्ष उमेश ठाकुर, पदाधिकारी बाबूलाल, रविन्द्र राय, सुनील सिंह, भोला भगत आदि सैकड़ों समर्पित सदस्यों की मेहनत की बदौलत श्रीराम नवमी पूजा कमिटी प्रत्येक वर्ष कुछ खास धूमधाम से आयोजन को सफल बनाने में प्रयत्नशील रहती है।

### रामनवमी झंडा जुलूस को लेकर जादूगोड़ा में बढ़ी महावीरी झंडा की मांग



**जादूगोड़ा।** हिन्दू धर्म की आस्था का पर्व राम नवमी को लेकर पूरे जादूगोड़ा में उत्साह चरम ओर है। आज जादूगोड़ा में रामनवमी झंडा जुलूस को लेकर पूरा क्षेत्र भगुआ रंग से रंग गया है। तैयारी अद्यतिम चरण पर हैं इधर दुकानों में भी महावीरी झंडा की मांग अचानक बढ़ गई है। जादूगोड़ा मोड चौक पर स्थित मनीष गुप्ता की दुकान में 10 रुपया से लेकर दो हजार के तक झंडे उपलब्ध है। इस बाबत दुकान दार मनीष गुप्ता कहते है कि इस बार 80 हजार का झंडा जमशेदपुर से लाए है। जिसमें 21 मीटर की महावीरी झंडा की मांग ज्यादा है जिसकी कीमत दो हजार रुपया है। इसी तरह राम लला छवि वाला झंडा, एग्री हनुमान, पंच मुखी झंडा, राम हनुमान झंडा की मांग ज्यादा है।

### शेन इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया रामनवमी



**जमशेदपुर।** शेन इंटरनेशनल स्कूल में भगवान विष्णु के पूजनीय सातवें अवतार भगवान राम की जयंती के शुभ अवसर की शुरूआत स्कूल गायक मंडली द्वारा मंत्रोच्चार के साथ किया गया, जिससे एक शांत माहौल बन गया। विद्यार्थियों ने धार्मिक उत्साह से सराबोर होकर मधुर भजन प्रस्तुत किए। भजन की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों की आत्मा को छू लिया। शानदार पोशाकों में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कार्यक्रम को बेहद हीं आकर्षक बना दिया। उत्सव का मुख्य आकर्षण एक मनमोहक नृत्य प्रदर्शन था जिसने दर्शकों के दिलों को मंत्रमुग्ध करते हुए भगवान राम की भव्यता को स्पष्ट रूप से चित्रित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ केया अदक ने त्योहार के महत्व पर प्रकाश डाला, जो अवगुण पर सद्गुण की विजय और अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। मुख्य अध्यापिका सिमरन सग्गू ने भगवान राम के शानदार जीवन के विभिन्न चरणों का चित्रण करने वाले मनोरंजक उपाख्यानों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### फूरिडा संस्था द्वारा डिमना के ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में बाबू जगजीवन राम की जयंती मनाई गयी



**जमशेदपुर।** फूरिडा एनजीओ द्वारा बाबू जगजीवन राम फाउंडेशन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत, मिजार्डीह ग्राम स्थित ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में बाबू जगजीवन राम की 117वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता फूरिडा संस्था के अध्यक्ष भास्कर कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में आजादनगर थाना प्रभारी चंदन कुमार उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान, मधुकर कुमार, केंद्रीय शांति समिति के सदस्य मो मोइनुद्दीन अंसारी, प्रिंसिपल निधि घई एवं डायरेक्टर एसएस सारंगी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। अतिथियों को शॉल व बुके भेंट कर सम्मानित किया गया तथा बाबू जगजीवन राम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि चंदन कुमार ने अपने संबोधन में बाबू जगजीवन राम के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे समानता, सामाजिक न्याय और भेदभाव रहित समाज के प्रबल समर्थक थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज शाह, प्रीति बोस, ज्ञान प्रकाश सिंह, रीता सिंह, अरुण कुमार, सुहानी कुमारी और विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एनटीटीएफ के 27 छात्रों का डॉ रेड्डी कंपनी में चयन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों हैदराबाद एवं विशाखापत्तनम स्थित डॉ रेड्डी कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। जिसमे सर्वप्रथान लिखित परीक्षा, छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा, तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया। जिसमे छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौर्वांगित किया। इस कंपनी द्वारा एनटीटीएफ के 27 छात्रों को 3.50 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया, जो कि एक वर्ष पूर्ण



होने पर 4 लाख किया जाएगा। चयनित छात्रों में 22 छात्र एनटीटीएफ के फाइनल ईयर के डिप्लोमा इन मेकेट्रोनिक्स एंड स्मार्ट फैक्टरी इंजीनियरिंग के है, वोही 5 छात्र इलेक्ट्रॉनिक्स एंड एंबेडेड सिस्टम के है। तीनों राउंड के सिलेक्शन प्रोसेस के बाद मेकाट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट से श्रेया मंडल, अंकिता श्रीवास्तव, तन्नु, अल्पा, मुस्कान परवीन, स्नेहा कश्यप, रेखा, सोमिल, मनीष यशराज, अभिजीत पोद्दार, आयुष, सुशांतो, प्रिंस साहू, तेजस राज, अमल पी नायर, बिशाल मैती, नीतीश पंडित, सुमित गुप्ता, प्रेम दास, उदय, विशाल सरकार वोही इलेक्ट्रॉनिक्स और एंबेडेड सिस्टम से स्नेहा, राहुल दीप, ईशा कुमारी, संभव, हर्ष निषाद को चुना गया।

## बीएसीईटी के छात्र का ऑटो कलस्टर में हुआ प्लेसमेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर के मेधावी और कंप्यूटर साइंस के छात्र आदर्श साहू का चयन अग्रणी प्रशिक्षण संस्थान एवं मध्यम उद्योग आदित्यपुर ऑटो-क्लस्टर में शिक्षण संकाय एवं वेब डेवलपर के रूप में हुआ है। छात्र को मई में शामिल होने के बाद अच्छा पैकेज दिया जाएगा। सीएससी शाखा के एक अन्य छात्र रिवास कुमार रॉय प्रशिक्षण संस्थान में उसी पद-शिक्षण और वेब डेवलपमेंट के लिए प्रतीक्षा सूची में हैं। उनकी सफलता पर बीएन चौधरी, डॉ एसके सिंह, डॉ एसके रॉय, टीपीओ राहुल सिंह और सभी संकायों द्वारा बधाई दी गई।

## एक्सएलआरआइ में वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए 23वें दीक्षांत समारोह का आयोजन

### जिस क्षेत्र में भी रहें, उसमें एक्सीलेंस बनें, काम चलाऊ एटीट्यूड से विकास संभव नहीं: वंद्रेवाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक एक्सएलआरआइ ने शनिवार को वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए वर्चुअल इंटरएक्टिव लर्निंग (वीआइएल) और कॉरपोरेट प्रोग्राम्स के लिए 23वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया।

टाटा ऑडिटोरियम में हुए इस दीक्षांत समारोह में 314 वर्किंग प्रोफेशनलों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में द फर्म के संस्थापक चेयरमैन और मैनेजिंग पार्टनर फिरदौस वंद्रेवाला उपस्थित थे। वे टाटा पावर के पूर्व एमडी भी रह चुके हैं। मौके पर




**दीक्षांत समारोह को संबोधित करते फिरदौस।**

फिरदौस वंद्रेवाला ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि जमशेदपुर से उनका पुराना रिश्ता रहा है। कहा कि वे एक्सएलआरआइ के छात्र रहने के साथ ही शिक्षक भी रह चुके हैं। अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने जीवन के 10 मूल मंत्र साझा किए जिसमें उन्होंने कार्य और जीवन में संतुलन के साथ ही ज्ञान को असली पूंजी बताया। कहा कि कौशल और नेटवर्क पर ध्यान, समस्याओं को समग्र दृष्टिकोण से देखना, विशेषज्ञता विकसित करना, नवाचार, खुशी की तलाश, और कभी हार न मानने की जिद हर किसी को अपने जीवन में आत्मसात करनी चाहिए। इससे पूर्व एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के डायरेक्टर फादर सेबास्टियन जॉर्ज ने अपने संबोधन में समावेशी विकास की आवश्यकता पर बल दिया और स्नातकों से समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए अपनी शिक्षा और क्षमताओं का सदुपयोग करने की अपील की।

डीन एडमिन फादर डोनाल्ड ने वंद्रेवाला की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। मौके पर वीआइएल और कॉरपोरेट प्रोग्राम्स के डीन डॉ मनोज थॉमस समेत विद्यार्थी उपस्थित थे।

**शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए इन्हें मिला स्वर्ण पदक**

- ताव्या मल्होत्रा (ईडीएचआरएम)
- वंशिका गुप्ता (पीजीसीएचआरएम - एक्सेंचर)
- पूजा चटर्जी (पीजीसीजीएम - पीडब्ल्यूसी
- शशांक शेखर (पीजीसीबीएम)
- प्राची पैन्यूली (पीजीसीएचआरएम)
- विंध्याराजेन्द्रन (ईडीएबीएस)

**दीक्षांत समारोह में इन छह विभिन्न कार्यक्रमों से ग्रेजुएट हुए छात्र**

- पीजीसीबीएम बैच 42
- पीजीसीएचआरएम बैच 34
- पीजीसीएचआरएम (एक्सेंचर) बैच 8
- पीजीसीजीएम बैच 2
- ईडीएचआरएम बैच 18
- ईडीएबीएस बैच 1

## बोकारो बंद के दौरान बीएसएल के 5000 कर्मियों के हौसलों से बोकारो में

# भोपाल गैस त्रासदी की संभावित पुनरावृत्ति टली

अखिलेश कुमार सिंह

**बोकारो।** बोकारो बंद के दौरान बोकारो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तमाम उपद्रव की घटनाएं हुई। आगजनी से लेकर चिकित्सा के लिए जाते हुए लोगों को, छठ पूजा कर लौट रहे लोगों को, यहां तक की मीडिया और प्रेस के छायाकार व पत्रकारों को भी नहीं बख्शा गया। आगजनी की भी घटना कई घटनाएं हुई। बंद समर्थकों के रूप में उपद्रवी तत्व पूरे शहर में उधम मचाते रहे परंतु प्रशासन मौन रहा। इधर बोकारो इस्पात संयंत्र उत्पादन ठप्प रहा। इधर उपायुक्त की मौजूदगी में बीएसएल पदाधिकारियों के साथ विस्थापित अप्रेंटिस संघ व बोकारो विधायक श्वेता सिंह डुमरी विधायक जयराम महतो आदि की वार्ता चली। बीएसएल में स्थायी नियोजन की बात पर सहमति नहीं बन सकी। मृतक प्रेम कुमार महतो के आश्रित को मुआवजा के तौर पर 25 लाख रुपए देने पर सहमति बनी। जिला उपायुक्त के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि बोकारो बंद के दौरान भी स्थिति नियंत्रित थी और आज भी है। शहर में धारा 163 अगले सूचना तक लागू कर दी गई है। मौके पर मौजूद एसपी मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि रामनवमी के त्यौहार के मद्देनजर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 2500 सुरक्षा बलों की तैनाती एवं 500 अतिरिक्त सीसीटीवी लगाकर निगरानी की जा रही है। शहर में सुरक्षा बल सभी जगह तैनात कर दिए गए हैं। बंद के दौरान शहर में हुए उपद्रव पर उन्होंने बताया कि पूरे शहर में चार थाना क्षेत्र में विभिन्न लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। अनुसंधान के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। बीएसएल के सीजीएम हरिमोहन झा को किस धारा के तहत गिरफ्तार किया गया है- के सवाल पर डीसी ने कहा कि उन्हें पुलिस हिरासत (कस्टडी) में रखा गया है, न कि उन्हें गिरफ्तार किया गया है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कस्टडी की जगह गलती से- गिरफ्तार जिक्र कर दिया गया था। इधर बोकारो इस्पात प्रबंधन ने 3 अप्रैल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर शोक व्यक्त करते हुए सभी से शांति बनाए रखने तथा सभी मुद्दों के समाधान हेतु कानून सम्मत मार्ग अपनाने की अपील की है। प्रबंधन सूत्रों के अनुसार बीएसएल ने विस्थापन के मुद्दे पर हमेशा संवेदनशील और सकारात्मक रूप अपनाया है। 2017-18 में विस्थापित प्रतिनिधियों व राज्य प्रशासन और बीएसएल के बीच हुई



त्रिपक्षीय समझौते के तहत बीएसएल ने 1500 विस्थापितों को अप्रेंटिस प्रशिक्षण देने की सहमति प्रदान की थी जिसे 3 वर्षों में चरणबद्ध रूप से 500- 400 और 600 प्रशिक्षुओं के बैच में पूरा किया गया। उक्त प्रशिक्षण भारत सरकार के अप्रेंटिस एक्ट 1961 के तहत प्रदान किया गया। अप्रेंटिस एक्ट 1961 के तहत प्रशिक्षण के बाद प्रत्यक्ष रोजगार देने का कोई प्रावधान नहीं है। बावजूद इसके सीधी नियुक्ति की मांग की जाती रही है। पूर्व में बीएसएल ने विस्थापितों को रोजगार प्रदान किया भी था परंतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले के बाद प्रत्यक्ष भर्ती बंद कर दी गई।

बीएसएल में भर्ती की प्रक्रिया, सेल बोर्ड द्वारा निर्धारित नीति के अनुरूप होती है। इन चुनौतियों के बावजूद अप्रेंटिस प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने के लिए पात्रता-मानदंड में बदलाव किया गया जिससे उनके चयन दर में वृद्धि हुई। इसके अलावा बीएसएल के सभी सीजीएम और विभाग प्रमुख को निर्देशित किया गया वह प्रशिक्षित विस्थापित अप्रेंटिस को अपने-अपने विभागों में अनुबंध आधारित कार्यों में शामिल करने का प्रयास करें। एक अप्रैल को बीएसएल को विस्थापितों के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर 2 अप्रैल को बीएसएल आईआर विभाग और विस्थापित संघ के प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई लेकिन प्रत्यक्ष नियुक्ति की मांग को मौजूदा दिशा निर्देशों और कंपनी नियमों के अंतर्गत स्वीकार नहीं किया जा सका। 3 अप्रैल को बीएसएल ने कई बार अपने प्रतिनिधियों को भेज कर प्रदर्शनकारियों को शांत करने की कोशिश की थी। प्रबंधन ने कहा कि यह सरासर अफवाह है कि बीएसएल अधिकारियों ने किसी भी प्रकार के हिंसा या टकराव का निर्देश दिया था। यहां यह भी उल्लेखनीय है बीएसएल के सीजीएम हरि मोहन झा अपनी ईमानदारी समर्पण और मृदुभाषिता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने सेवा करियर में लंबे समय तक पूरी जिम्मेदारी का परिचय दिया है। बीएसएल सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण और कानून सम्मत समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि बोकारो प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रतिबंधित क्षेत्र में धरना प्रदर्शन की अनुमति जिला प्रशासन ने किस आधार पर दी। यदि अनुमति नहीं दी तो घटनास्थल के समीप जिला प्रशासन के मौजूद अधिकारी कोई समुचित निर्णय क्यों नहीं ले सके? बोकारो बंद के दौरान शहर में उपद्रव होता रहा और जिला प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। किसी भी स्थिति में शहर में हो रहे उपद्रव एवं नगर वासियों के सुरक्षा हेतु कौन जिम्मेदार है? उल्लेखनीय है कि बोकारो इस्पात संयंत्र में प्रतिदिन लगभग 13500 टन हॉट मेटल का उत्पादन होता है जो बंद के दौरान पूरी तरह ठप्प रहा। बोकारो संयंत्र को लगभग 50 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा। इसके अतिरिक्त आगजनी, तेनुघाट नहर को तोड़ने तथा अन्य तोड़फोड़ से हुए नुकसान अलग हैं। यदि संयंत्र के अंदर की गैस पाइपलाइन का सुरक्षा प्रोटोकॉल बाधित हो जाता और गैस का रिसाव हो जाता तो संयंत्र के अंदर मौजूद 5000 कर्मी- बोकारो शहर के सभी निवासी- जीव जंतु- ग्रामीण क्षेत्र की जनता से लेकर 60 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी व्यक्ति व जीव जंतु मौत का शिकार हो जाते। क्योंकि वह गैस गंधहीन रंगहीन के साथ अत्यंत जहरीली है। जिला प्रशासन द्वारा धारा 163 या 144 पहले ही लगा दी गई होती एवं उसकी सक्रियता व्याप्त होती तो शायद बोकारो संयंत्र को होने वाला आर्थिक नुकसान एवं जानमाल के क्षति की संभावना को टाला जा सकता था। यह तो अच्छा हुआ कि अंतिम समय में जिला प्रशासन को समझ आ गई वरना भोपाल गैस त्रासदी की पुनरावृत्ति बोकारो में हो जाती। उस दिन संयंत्र के अंदर मौजूद 5000 कर्मियों के हिम्मत की एवं संयंत्र हित में उनके साहस की दाद देनी पड़ेगी कि उन्होंने संयम के साथ गैस प्रेशर के सुरक्षा मानकों को बरकरार रखने में अपना अमूल्य योगदान दिया।

## पेयजल सेवा हेतु 'प्याऊ' केंद्रों का उद्घाटन

**बेरमो।** कथारा क्षेत्र में आमजनों को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज विभिन्न स्थानों पर प्याऊ (पेयजल केंद्र) का उद्घाटन किया गया। इन केंद्रों का उद्घाटन इंदु कुमारी, अध्यक्ष, कथारा महिला समिति द्वारा किया गया। यह आयोजन प्रीति सिंह, अध्यक्ष, अर्पिता महिला मंडल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## पूर्व ऊर्जा मंत्री स्व लालचंद महतो की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई

**बेरमो।** झारखंड प्रदेश के प्रथम ऊर्जा मंत्री स्व लालचंद महतो की प्रथम पुण्यतिथि शनिवार को बैदकारो स्थित आवासीय परिसर में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्व लालचंद महतो के अनुज इंद्रदेव महतो द्वारा तथा संचालक रामेश्वर महतो ने किया। मौके पर सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के जीएम चितरंजन कुमार, पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, भाजपा नेता अबू हसन, जिला परिषद सदस्य ओम प्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह, सीसीएल अधिकारी शंभू झा एचएमकेपी के प्रदेश महासचिव इंद्रदेव महतो, वतन महतो समेत काफी तादाद में राजनेता और अन्य लोग मौजूद थे।

## शांतिपूर्ण त्योहार मनाने को लेकर फ्लैग मार्च



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** रामनवमी के त्यौहार पर शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस और प्रशासन दोनों एलर्ट मोड पर हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकन्ने हैं। यहां वहां इधर उधर की आ रही खबरों से प्रेरणा लेते हुए गोड्डा पुलिस चाक चौबंद व्यवस्था के प्रति गंभीर है। फ्लैगमार्च पुलिस मुख्यालय के थाने से सरकंडा चौंक होते हुए रोतारा चौंक तक गई और अपनी उपस्थिति दिखलाई।

फ्लैगमार्च में गोड्डा अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, एस डी पी ओ गोड्डा अशोक प्रियदर्शी, पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु कुमार गौरव, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी गोड्डा नगर दिनेश मोहली के साथ अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।

## बीएड कॉलेजों में शिक्षक नियुक्ति को लेकर अभ्यार्थी आवेदन कर सकते है 11 अप्रैल तक

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू ने शनिवार को विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सभी पांच अंगीभूत कॉलेजों के स्ववित्तपोषित बीएड विभाग में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया है। जिन कॉलेजों के स्ववित्तपोषित बीएड विभाग में नियुक्तियां होनी हैं। उनमें एएस कॉलेज देवघर, गोड्डा कॉलेज गोड्डा, पाकुड़ कॉलेज पाकुड़, साहेबगंज कॉलेज साहेबगंज और एसपी कॉलेज दुमका शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुल 40 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया है।

## शांति पूर्वक रामनवमी मनाने का अपील

**बेरमो /जारंगडीह।** बेरमो कोयलांचल में रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने को लेकर क्षेत्र के तमाम पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी काफी रेस दिख रहे हैं। मौके पर बीडीओ के अलावे जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुदेश भुईंयाँ, किशोर भुईंयाँ, उतरी पंचायत के मुखिया पति मो इम्तियाज, दिपक भुईंयाँ, राहूल कुमार आदि दर्जनो ग्रामीण उपस्थित थे।

## 1008 रुद्र महायज्ञ भंडारा एवं भक्ति जागरण के साथ विधिवत समापन

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया प्रखंड के स्वांग कोलियरी महावीर स्थान में आयोजित 1008 रुद्र महायज्ञ भंडारा एवं भक्ति जागरण के साथ विधिवत समापन हो गया।महायज्ञ के पांचवें दिवस 4 अप्रैल को मंदिर समिति के सौजन्य से भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। यहां मां छिन्नमस्ताके जागरण ग्रुप के कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष बिट्टू कुमार, सचिव अमृतलाल, कोषाध्यक्ष संजय सिंह सहित सभी सक्रिय दिखे।

## एसकेएमयू के एमबीए सिलेबस में आठ साल बाद हुआ संशोधन



बैठक में शामिल कुलपति व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में शनिवार को एकेडमिक काउंसिल की बैठक कुलपति सभागार भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में राजभवन द्वारा अनुमोदित कुल चार एजेंडों पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया। बैठक में एमबीए विभाग के बोर्ड ऑफ स्टडीज द्वारा संशोधित सिलेबस को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही करीब आठ वर्षों के बाद एमबीए कोर्स के सिलेबस में संशोधन किया गया। जिसे इसी सत्र से लागू किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में एमबीए कोर्स की शुरूआत के बाद से अब तक सिलेबस में कोई संशोधन नहीं हुआ था। सिलेबस संशोधन के लिए एमबीए विभाग में बोर्ड ऑफ स्टडीज की कई बैठकें बाह्य विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति में आयोजित हुई थी। संशोधित पाठ्यक्रम को एकेडमिक काउंसिल द्वारा मंजूरी दी गई। इसके अलावा गोड्डा कॉलेज में पीजी में संथाली विषय की पढ़ाई शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। लंबे समय से छात्र गोड्डा कॉलेज में संथाली विषय में पीजी की पढ़ाई शुरू करने की मांग कर रहे थे। जिसे अब मंजूरी मिल गई है। गोड्डा कॉलेज में सत्र 2025-27 से संथाली विषय में पीजी कोर्स शुरू होगा। मालूम हो कि गोड्डा कॉलेज में संथाली विषय में यूजी की पढ़ाई पहले से चल रही है। बैठक में नई शिक्षा नीति के तहत तैयार छह कॉमन कोर्स के सिलेबस को मंजूरी दी गई।

## साईबर ठगी कर रहे चार युवकों को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** बैंक अधिकारी बन साईबर अपराध को अंजाम दे रहे चार युवकों को मौके से गिरफ्तार कर सरैयाहाट पुलिस जेल भेज दिया। गिरफ्तार अपराधियों में थाना क्षेत्र के रौंधिया गांव निवासी छोटू मंडल, मंडलडीह गांव के राहुल मंडल, रामगढ़ थाना क्षेत्र के दामोडीह गांव निवासी विशेश्वर उर्फ अभिषेक मंडल एवं जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मालभंडारो गांव निवासी बादल मंडल है। पुलिस गिरफ्तार साईबर अपराधियों के पास से आधा दर्जन मोबाइल



गिरफ्तार आरोपी

सहित एक स्विफ्ट कार एवं एक पल्सर बाईक बरामद किया है। जानकारी के अनुसार सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद को सूचना मिली थी कि मंडलडीह के समीप कुछ युवक एकत्रित होकर साईबर क्राइम कर रहे हैं। जिसके बाद थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो सभी युवक भागने लगे। जिसके बाद पुलिस के जवानों ने सभी को खदेड़ कर पकड़ा।

पकड़ाए युवकों ने पुलिस को बताया कि वे लोग फर्जी तरीके से सिम कार्ड लेते हैं, उसके बाद फर्जी बैंक अधिकारी बन भोले भाले लोगों को अपने झांसे में ले विभिन्न ऐप के माध्यम से लिंक के जरिए लोगों के बैंक खाते से सारा राशि निकाल लेते हैं। लोग बैंक अधिकारी बन पैसे गायब करते हैं। जबकि उन पैसों को संबंधित अकाउंट से निकालने के लिए क्षेत्र में अलग गैंग सक्रिय हैं। जो कमीशन पर उनलोगों के लिए काम करते हैं। इतना ही नहीं सरैयाहाट थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में तीन दर्जन से अधिक साईबर अपराधी सक्रिय हैं, जो अबतक करोड़ों रुपए की चपत लगा चुके हैं। थाना प्रभारी सरैयाहाट के लिखित बयान पर पकड़ाए चारों युवकों के खिलाफ धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(1), 111बीएनएस और 66(सी), 66(डी) आईटी एक्ट एवं 42(3)(ई) टेलीकम्युकेशन 2023 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस लगातार साईबर अपराधियों पर नजर रख रही है।

## कदाचारमुक्त महौल में पीजी सेमेस्टर-3 की परीक्षा शुरू

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में शनिवार से पीजी सेमेस्टर-3 की परीक्षा शुरू हो गई। यह परीक्षा 5 से 16 अप्रैल तक चार परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। जिसमें करीब 4 हजार परीक्षार्थी भाग ले रहे हैं। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए विश्वविद्यालय ने सभी विषयों को दो समूहों में बांटा है। ग्रुप 'ए' में हिंदी, भूगोल, वनस्पति विज्ञान, रसायनशास्त्र, समाजशास्त्र, वाणिज्य, बंगाली, संस्कृत, फारसी, भूविज्ञान और संथाली जैसे विषय शामिल हैं।

## वेदांता ईएसएल ने विश्व जल सप्ताह पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल द्वारा आयोजित विश्व जल सप्ताह कार्यक्रम में ज्ञान-साझाकरण सत्र व इंटरैक्टिव प्रतियोगिताएं और सीएसआर-संचालित पहल शामिल थीं जिसमें 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सप्ताह का मुख्य आकर्षण ग्लेशियर संरक्षण पर एक ज्ञानवर्धक वेबिनार था जिसका नेतृत्व वैप और डिजिटल पानी के सह-संस्थापक राजेश जैन ने किया जिन्होंने भारत के घटते ग्लेशियरों की रक्षा और उद्योगों और घरों के लिए सतत जल समाधानों के महत्वपूर्ण महत्व पर प्रकाश डाला। तपेश चंद्र नस्कर निदेशक - सीई और एचएसईएस



और दुर्गा प्रसन्ना पांडा उप निदेशक सीई ने जल अनुकूलन अपशिष्ट में कमी और पर्यावरण संरक्षण के लिए कंपनी के दृष्टिकोण पर अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। भाषण पोस्टर-मेकिंग नारा लेखन और ऑनलाइन और ऑफलाइन क्विज सहित आकर्षक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बुढ़ीबिनोर आंगनवाड़ी में 45 एसएचजी लाभार्थियों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किए गए



जिसमें वर्षा जल संचयन और कुशल भंडारण तकनीकों जैसे व्यावहारिक जल-बचत तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। सत्र के समापन शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिभागियों ने स्थायी जल प्रथाओं को अपनाने का संकल्प लिया। इसके अलावा चंदाहा ड्राइंग सेंटर में जल संरक्षण-थीम वाली ड्राइंग प्रतियोगिता में 50 से अधिक छात्रों ने भाग लिया जिससे उन्हें जल संरक्षण के बारे में अपनी समझ को रचनात्मक रूप से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शीर्ष तीन प्रतिभागियों को उनके कलात्मक योगदान के लिए सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम का समापन मीठे पानी के संसाधनों की रक्षा के लिए सामूहिक शपथ के साथ हुआ। मौके पर श्री नस्कर ने कहा- उद्योग और समुदायों दोनों के लिए महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक है पानी। वेदांता ईएसएल में हम न केवल स्थिरता की वकालत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं बल्कि सक्रिय रूप से इसका अभ्यास भी करते हैं। विश्व जल सप्ताह जागरूकता पैदा करने, बदलाव लाने और सभी स्तरों पर जिम्मेदार जल प्रथाओं को लागू करने की हमारी गहरी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है।

## खबर एक नजर में

### बस के कारण अनियंत्रित हुई बोलेरो, बाइक सवार दो लोग गंभीर

**बेरमो।** बोकारो-रांची मुख्य मार्ग (राष्ट्रीय उच्च पथ-23) पर पेटरवार थाना क्षेत्र के सुंदरवन लाइन होटल के पास बोलेरो और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोटरसाइकिल, बोलेरो के आगे चल रही थी, तभी रामगढ़ से पेटरवार की ओर आ रही एक बस ने अचानक सामने आकर बोलेरो चालक को चकमा दे दिया। जिससे बोलेरो अनियंत्रित हो गई और ठीक सामने चल रही मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो बाइक सवारों को अपनी चपेट में लेते हुए सड़क किनारे जंगल की ओर जा घुसी। इस हादसे में पेटरवार थाना क्षेत्र के केवट टोला निवासी प्रेमचंद केवट (38) और भुनेश्वर केवट (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि दोनों मछली पकड़ने के लिए पेटरवार से चरगी जा रहे थे, तभी यह दर्दनाक दुर्घटना हो गई। हादसे में प्रेमचंद केवट को माथे पर गहरी चोटें आई हैं, जबकि भुनेश्वर केवट के दोनों हाथ और कमर में गंभीर चोट लगी हैं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पेटरवार में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल, बोकारो रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पेटरवार पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो व मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया।

### सेवानिवृत्त सिनियर ओवरमैन मुरारी प्रसाद सिंह को दी गयी विदाई

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र अन्तर्गत एसडीओसीएम परियोजना में सीनियर ओवरमैन सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद सिंह के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को कैंटीन परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। स्थानीय कर्मचारियो नें इस विदाई समारोह को यादगार बनाया। इन्हें फूल माला पहनाकर ढेरो उपहार एवं श्रीफल देकर सम्मानित किए गए। ढोल- नगाडे की गुंज से पुरा माहौल काफी खुशनुमा हो गया। यूनियन के अध्यक्ष होने की वजह एवं छतीस वर्षो से मजदूरो एवं अधिकारियो के बीच एक बेहतर संबघ बनाकर परियोजना को नयीं उच्चाई तक ले जाने का श्रेय से विदाई समारोह में एसडीओसीएम परियोजना के तमाम मजदूर एवं अधिकारी शामिल होकर उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना किया।

### केबी कॉलेज बेरमो में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**बेरमो।** शनिवार 05 अप्रैल 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं आई क्यू ए सी के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण के संरक्षण एवं प्रभारी प्राचार्य प्रो गोपाल प्रजापति की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन विधिवत दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। प्रभारी प्राचार्य प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा विश्व स्वास्थ्य दिवस हम सभी सात अप्रैल को मनाते हैं, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के विभिन्न मुद्दों के बारे में जागरूक किया गया, स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करती है ।डा अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा स्वास्थ्य जागरूकता के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, आहार एवं खानपान पर ध्यान देने, नींद अच्छी लेने, व्यायाम करने, तनाव मुक्त रहने के लिए प्रेरित किया गया। मधुरा केरकेट्टा ने कहा अच्छा स्वास्थ्य एक व्यक्ति की अनमोल संपति होती है, अच्छा स्वास्थ्य से हमारा तात्पर्य शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक कल्याण से है, जो किसी व्यक्ति को संपूर्ण जीवन जीने के लिए सक्षम बनाता है।कार्यक्रम पदाधिकारी एन एस एस डा प्रभाकर कुमार ने कहा विश्व स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष 07 अप्रैल को दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। अन्य वक्ताओं डा विश्वनाथ प्रसाद, डा शशि कुमार, डा अरुण रंजन, प्रो पी पी कुशवाहा, प्रो सुनीता कुमारी, रविंद्र कुमार दास आदि ने भी अपने अपने विचार साझा किए, कहा स्वास्थ्य ही धन है। खुद को फिट रखना और सुरक्षित रखना जरूरी है।

## पेज 1 का शेष

### रामनवमी पर आज...

**शांति, सौहार्द बनाये रखें :** रांची पुलिस ने आम लोगों से शांति और आपसी भाईचारे के साथ रामनवमी मनाने की अपील की है। साथ ही सामाजिक और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने को कहा है। लोगों से अपील की है कि वह किसी के बहकावे में ना आयें। विवादित मैसेज या वीडियो न डालें और न ही फॉरवर्ड करें। उत्तेजक, आपत्तिजनक और भड़काऊ गाना ना बजायें। किसी भी परिस्थिति में जुलूस के रूट में परिवर्तन न करें। रमनवमी को लेकर पूरे राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम,12,767 से अधिक अतिरिक्त बल की तैनाती गयी है। श्रद्धालुओं से अपील की गयी है कि बच्चों की जेब में पता और मोबाईल नंबर लिख कर जरूर रखें।

**इन मार्गों से गुजरेगी शोभायात्रा :** बड़गाई, मेडिकल चौक, एदलहातु, करमटोली, जेल चौक, कचहरी चौक होते हुए शहीद चौक पहुंचेगी। वहीं गाड़ीहोटवार, कोकर, लालपुर, थड़पकना की ओर से आने वाली शोभायात्रा अल्बर्ट एक्का चौक में मिलेगी। लोवाड़ीह, कांटाटोली, पत्थलकुदवा, पुरुलिया रोड से सर्जना चौक पर शोभायात्रा का मिलान होगा। इसके अलावा पुंदाग, अरगोड़ा, गाड़ीखाना, पुरानी रांची, अपर बाजार होकर शहीद चौक शोभायात्रा पहुंचेगी। धावनगर, कांके रोड, गांधीनगर, हातमा से शोभायात्रा चलकर महावीर चौक पहुंचेगी। शहरी क्षेत्र में नामकुम, चुटिया, गुदड़ी, कर्बला चौक, चर्च रोड की ओर से आने वाली शोभायात्रा काली मंदिर चौक पहुंचेगी। हिंदपीढ़ी, लेक रोड, मल्लाह टोली की ओर से आने वाली शोभायात्रा उर्दू लाइब्रेरी चौक पर पहुंचेगी। वहीं भूतहा तालाब, व्यायामशाला, नवा टोली, जालान रोड की ओर से आने वाली शोभायात्रा शहीद चौक पर मिलेगी। समलोंग, चुटिया, बहू बाजार, चर्च रोड की ओर से आने वाली शोभायात्रा संकट मोचन मंदिर मेन रोड पहुंचकर सभी शोभायात्रा मेन रोड से सुजाता चौक होते हुए अति प्राचीन तपोवन मंदिर की ओर प्रस्थान करेगी। ग्रामीण इलाकों सहित शहर के कई क्षेत्रों के अखाड़ाधारी अपने हनुमान झंडा के संग सर्जना चौक के पास मिलेंगे यहां से सभी मेन रोड से सुजाता चौक होते हुए तपोवन मंदिर की ओर प्रस्थान करेंगे।

### बाइक रैली नयी परंपरा...

**बैठक में ये थे मौजूद :** समीक्षा बैठक में सीएस अलका तिवारी, सीएम अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद राव लाटकर, आइजी ऑपरेशन एवी होमकर, आइजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार और जिलों के डीसी, एसएसपी, एसपी उपस्थित थे।

**संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर :** सीएम ने अधिकारियों से कहा कि रामनवमी महोत्सव पर शोभायात्रएं और अन्य धार्मिक आयोजन होते हैं, इसलिए यह समय काफी संवेदनशील हो जाता है। ऐसे में संवेदनशील इलाकों क्षेत्रों में पर विशेष चौकसी रखी जाये। उन्होंने ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लाइसेंसी और गैर लाइसेंसी अखाड़ा समितियों को डीजे बजाने से संबंधित उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रति उपलब्ध कराना हर हाल में सुनिश्चित करें।

**ड्रोन से शोभायात्रा की निगरानी :** सीएम ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं करने पर कार्रवाई का क्या प्रावधान है, इसकी जानकारी अखाड़ा समितियों को दें, ताकि नियम का उल्लंघन नही हो। शोभायात्रा के दौरान सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन से नजर रखी जाये। शोभायात्रा का भौतिक सत्यापन अवश्य करें। शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय बनाकर रखें। पुलिस प्रशासन अपील करे कि आपत्तिजनक गाना नही बजे। सीएम ने कहा कि शोभायात्रा के बाद लौटने वालों की सुरक्षा का ख्याल रखें।

स्पीड न्यूज

## 86 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**जगदलपुर।** तेलंगाना के कोत्तागुडम में छत्तीसगढ़ के 86 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। यह जानकारी भद्राद्रि कोठागुडेम जिला मल्टी जोन 1 के आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने दी। भद्राद्रि कोठागुडेम जिला मल्टी जोन 1 के आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों में 66 पुरुष और 20 महिला शामिल हैं।

## कनाडा में भारतीय नागरिक की हत्या

**ओटावा ।** कनाडा की राजधानी ओटावा के पास रॉकलैंड में एक भारतीय नागरिक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई है। भारतीय उच्चायोग ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और कहा है कि वे सभी सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय सामुदायिक संघ के साथ निकट संपर्क में हैं।

## बलूचिस्तान में दो आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के केच जिले में सेना के अभियान के दौरान दो आतंकवादी मारे गये हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने बुलेदा इलाके में अभियान चलाया। अभियान में दो आतंकवादी मारे गये और उनके ठिकाने पर कब्जा कर लिया गया।

## पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के तेज झटके

**पोर्ट मोरेस्बी।** पापुआ न्यू गिनी से 174 किमी दूर किम्बे पूर्व-दक्षिण-पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। अमरीकी भूवैज्ञानिक सर्वे (यूएसजीएस) ने बताया कि किम्बे, पापुआ न्यू गिनी से 174 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व में अन्तर्राष्ट्रीय समय 20:04:41 पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.2 मापी गयी।

## जम्मू में बीएसएफ ने घुसपैठिए को किया ढेर

**जम्मू ।** कश्मीर के जम्मू में बीएसएफ के सतर्क जवानों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक घुसपैठिए को मार गिराया और घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि जवानों ने एक घुसपैठिए को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करते देखा जिसके बाद उसे चुनौती दी गई लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ता रहा। बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया।

## हमास का प्रमुख मनी एक्सचेंजर मारा गया

**यरूशलम।** इजरायल की सेना ने गाजा में हमास के प्रमुख मनी एक्सचेंजर सईद अहमद अबेद खुदारी को मार गिराया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को बताया कि सईद अहमद अबेद खुदारी को मार गिराया जो कथित तौर पर गाजा शहर में हमास का प्रमुख मनी एक्सचेंजर था। हमास के भीतर आतंकवाद के वित्तपोषण का प्रमुख सूत्रधार था।

## मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से हथियार बरामद किए गए है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने खोंगजोम खेबाचिंग क्षेत्र से केसीपी के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति थौबल जिले के खोंगजोम क्षेत्र से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल है।

## दिल्ली में लागू हुयी आयुष्मान योजना

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली में शनिवार को आयुष्मान भारत योजना लागू कर दी गई। शनिवार को आकाशवाणी के रंगभवन में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान योजना को दिल्ली में लागू करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरणऔर दिल्ली सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



**रामनवमी से पहले रामलला के ललाट पर सूर्य का तिलक ट्रायल**

**अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला के जन्मोत्सव पर भगवान सूर्य का तिलक का ट्रायल शनिवार को हुआ। रामनवमी के पूर्व भगवान रामलला के ललाट पर भगवान सूर्य ने तिलक किया। तिलक का ट्रायल ठीक बारह बजे किया गया। तिलक का ट्रायल करीब आठ मिनट तक हुआ।**

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति भारत की जिम्मेदारी : राजनाथ सिंह

**रक्षा मंत्री ने नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का किया उद्घाटन**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना बेस कारवार में शनिवार को समुद्री सुरक्षा स्थिति और नौसेना की समीक्षा की। इस साल के पहले नौसेना कमांडरों के सम्मेलन के प्रथम चरण के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि सुनिश्चित करना भारत की जिम्मेदारी है। उन्होंने कमांडरों से कहा कि भारत बदलती परिस्थितियों का आकलन करें और उसके अनुसार योजना, संसाधन और अभ्यास सुनिश्चित करे। राजनाथ सिंह ने कर्नाटक के कारवार में 2025 के पहले नौसेना कमांडरों के सम्मेलन के उद्घाटन चरण के दौरान समुद्री सुरक्षा स्थिति, भारतीय नौसेना की परिचालन तत्परता और भविष्य के दृष्टिकोण की समीक्षा की। रक्षा मंत्री ने नौसेना कमांडरों के साथ बातचीत की, जिसमें समकालीन सुरक्षा प्रतिमानों को संबोधित करने, नौसेना की लड़ाकू क्षमता को आगे बढ़ाने के लिए आगे का रास्ता तैयार करने और रणनीतिक, परिचालन और प्रशासनिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना स्टाफ के प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। राजनाथ सिंह ने भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने, हर परिस्थिति में लोगों की अपेक्षाओं को पार करने और नई ऊर्जा और नवाचार के साथ राष्ट्र की सेवा के लिए निरंतर प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने में नौसेना के योगदान की सराहना की। रक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान अप्रत्याशित भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच सशस्त्र बलों की भविष्य की भूमिकाओं को फिर से परिभाषित करना आवश्यक है।



कारवार में नेवी के कमांडरों के साथ बैठक करते राजनाथ सिंह।

# देश के पहले लिफ्ट पंबन रेलवे ब्रिज का आज मोदी देंगे तोहफा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को रामनवमी के अवसर पर देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट पंबन रेलवे ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। यह वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज समुद्र के ऊपर से गुजरते हुए रामेश्वरम द्वीप को तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। यह पुल केवल दो स्थानों को जोड़ने का माध्यम ही नहीं, बल्कि नई तकनीक, आत्मनिर्भर भारत और तेज गति परिवहन का प्रतीक है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को चेन्नई में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नवनिर्मित पंबन रेलवे ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि पंबन ब्रिज रेलवे के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण पुलों में से एक है। यह समुद्री जल में बना पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज होगा और यह तमिल इतिहास, संस्कृति, प्राचीन तमिल सभ्यता और तमिल भाषा के लिए सबसे महान वास्तुशिल्प चमत्कारों में से एक है। 535 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित यह पुल पुराने ढांचे की जगह लेगा, जो जंग के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। रेल मंत्रालय के अनुसार तमिलनाडु के विशाल नीले समंदर पर निर्मित 2.08 किलोमीटर लम्बा ये ब्रिज पुराने पंबन ब्रिज से 3 मीटर अधिक ऊंचा है, ताकि छोटे जहाज आसानी से इसके नीचे से होकर गुजर सकें। इस पूरे ब्रिज को बनाने में 18.3 मीटर के 99 स्पैन का प्रयोग किया गया है। ब्रिज के मध्य में 72.5 मीटर का एक वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जिसे जरूरत पड़ने पर बड़े जहाजों के लिए 17 मीटर तक ऊपर उठाया जा सकता है। इस ब्रिज के निर्माण के दौरान समुद्री तूफानों, तेज हवा और ज्वार-भाटा जैसी परिस्थितियों का भी खास ध्यान रखा गया है। पंबन ब्रिज का भगवान राम और भगवान शिव के साथ सीधा संबंध है। ये ब्रिज जिस द्वीप रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ता है, उसे हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। यहां स्थित रामेश्वरम मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि जब भगवान श्रीराम लंका पर चढ़ाई करने जा रहे थे, तब उन्होंने इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी और भगवान शिव की पूजा की थी।




## पंचतत्व में विलीन हुए मनोज कुमार

**अंतिम संस्कार में अमिताभ बच्चन, सलीम खान व अन्य हुये शामिल**

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज फिल्मकार-अभिनेता मनोज कुमार पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। मुंबई में जुहू के पवन हंस श्मशान घाट पर शनिवार को उनके परिजनों, मित्रों और प्रशंसकों की उपस्थित में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अभिनेता के पार्थिव शरीर को उनके पुत्र कुणाल गोस्वामी ने मुखाग्नि दी। मनोज कुमार की पत्नी शशि गोस्वामी श्मशान घाट पर थीं। सुपर स्टार अमिताभ बच्चन, अभिनेता अभिषेक, निर्माता-पटकथा लेखक सलीम खान और अभिनेता अरबाज खान भी मनोज भारत कुमार को अंतिम विदायी देने के लिए पवन हंस श्मशान घाट पहुंचे लोगों में शामिल थे। अनु मलिक, राजपाल यादव और प्रेम चोपड़ा समेत कई सितारों ने शमशान घाट मनोज कुमार को अंतिम विदाई दी।







